

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 94 | रविवार, 17 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल अमावस्या विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर

### श्रीलंका में तीन भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्वी बंदरगाह शहर त्रिंकोमाली में वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां ठहरने के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 49 से 50 वर्ष की आयु के इन तीनों लोगों को बृहस्पतिवार को त्रिंकोमाली के मुरिगापुरी इलाके में स्थित एक लॉज से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, उनके पास वैध वीजा नहीं था। एक अलग छापेमारी में पश्चिमी प्रांत के तटीय शहर कलुथरा में इसी तरह के आरोपों में 14 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया जिनमें चीनी और मलेशियाई नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे पर्यटन वीजा का दुरुपयोग कर संगठित साइबर अपराध गतिविधियों में शामिल विदेशियों के बारे में जानकारी दें।

### श्रीलंका पहुंचा भारतीय नौसेना का पोत 'सुनयना'

**कोलंबो।** भारतीय नौसेना का पोत 'सुनयना' हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन दिवसीय यात्रा के लिए कोलंबो बंदरगाह पर पहुंच गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि यह जहाज शुक्रवार को 'आईओएस सागर' पहल के तहत बंदरगाह पहुंचा। भारतीय नौसेना ने कहा कि 'आईओएस सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ निरंतर सहयोग की दिशा में एक पहल है। इसने कहा कि भारतीय नौसेना का एक जहाज (आईएनएस सुनयना) भारत और 16 मित्र देशों के संयुक्त दल के साथ दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात किया जा रहा है। भारतीय रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, व्यावसायिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के हिस्से के रूप में, 'आईओएस सागर' के तहत बहुराष्ट्रीय दल मीडिया से संवाद करेगा, जिसमें 2026 में इसकी तैनाती के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। इसमें कहा गया है कि बंदरगाह पर पड़ाव के दौरान जहाज आगंतुकों के लिए खुला रहेगा।

## पीएम मोदी या तो धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत हटाएं या फिर खुद इसकी जिम्मेदारी लें, नीट पेपर लीक पर राहुल गांधी की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को NEET-UG पेपर लीक मामले को लेकर मोदी सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि 22 लाख NEET छात्रों के साथ विश्वासघात हुआ है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे धर्मेंद्र प्रधान को



तुरंत हटा दें या फिर खुद इसकी जिम्मेदारी लें।

पेपर लीक के मामले पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 22 लाख छात्रों ने NEET परीक्षा की तैयारी के लिए दो साल तक दिन-रात मेहनत की थी, लेकिन उनकी सारी मेहनत बेकार चली गई। उन्होंने आरोप लगाया, "पूरा देश जानता है कि परीक्षा से दो दिन पहले NEET का पेपर WhatsApp पर बांट दिया गया था।" राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर इस विवाद की ज़िम्मेदारी लेने से इनकार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "धर्मेंद्र प्रधान, जो भारत के शिक्षा मंत्री हैं, कहते हैं कि मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। एक समिति ने एक सिफारिश की थी, लेकिन उन्होंने उसे कूड़ेदान में फेंक दिया।

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड के राजा अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से की मुलाकात

**एम्स्टर्डम।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय नीदरलैंड यात्रा पर हैं। व्यस्त शेड्युल के बीच पीएम मोदी ने शनिवार को नीदरलैंड के किंग विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात की। राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा ने अपने आधिकारिक महल ह्यूस टेन वॉश पैलेस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरी गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पीएम ने अतिथि पुस्तक में भी भावनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान वो राजा-रानी के साथ बैठकर गंभीर मंत्रणा करते भी दिखे।



इससे पहले पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीय समुदाय को द हेग में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारत-नीदरलैंड के बीच समानताओं और करीबी संबंधों को अहम बताया। पीएम मोदी ने हेग में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "आज यहां जो माहौल है, उसे देखकर लग रहा है कि द हेग लिविंग सिंबल ऑफ इंडियन फ्रेंडशिप बन गया है। ये दिखाता है कि पासपोर्ट का रंग बदल सकता है, एड्रेस बदल सकता है और टाइम जोन भी बदल सकता है लेकिन मां भारती की संतानों की गर्मजोशी और जिंदगी का जश्न मनाने का जज्बा हमेशा साथ रहता है।" इस दौरान वर्तमान ऊर्जा संकट से होने वाली मुश्किलों से भी चेताया। पीएम ने यहां रह रहे भारतवंशियों की प्रशंसा करते हुए आगे कहा, "बीते वर्षों में जब भी मेरी नेदरलैंड्स के लीडर्स से बात हुई है, वे हमेशा भारतीय डायस्पोरा की बहुत प्रशंसा करते आए हैं। मतलब कि आप सब की प्रशंसा करते हैं।

# तेल संकट की टेंशन दूर! ग्रीन एनर्जी पर नीदरलैंड से होगी डील

**नीदरलैंड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड पहुंच गए हैं। भारत का फोकस पिछले कुछ समय से यूरोप के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाने पर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड यात्रा यूरोप के साथ संबंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों का ही हिस्सा है, जो पिछले कुछ वर्षों से जारी है। इस दौरान पीएम मोदी का पूरा फोकस, ट्रेड, टेक्नोलॉजी और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर होगा।



इस दौरान पीएम मोदी, डच प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के साथ बातचीत करेंगे और कई समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश करेंगे, जो दोनों देशों के भविष्य के रिश्तों का रास्ता तय करेगा। नीदरलैंड पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का हवाईअड्डे पर एडजुटेंट-जनरल और महामहिम राजा के सैन्य परिवार के प्रमुख रियर एडमिरल लुडगर ब्रुमेलार, डच विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसेन और नीदरलैंड में भारत के राजदूत कुमार तुहिन व डच सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा यूरोप के साथ संबंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों का हिस्सा है, जो पिछले कुछ वर्षों से जारी है। इस प्रयास के परिणामस्वरूप इस वर्ष की शुरुआत में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ, और यह ऐसे समय में गठबंधनों को बड़ा बनाने का एक बड़ा प्रयास है, जब अमेरिका अब वह स्थिर साझेदार नहीं रह गया है जैसा पहले माना जाता था।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड पहुंचने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, "(मैं) एम्स्टर्डम पहुंचा हूं। नीदरलैंड की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत-यूरोपीय संघ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट ने व्यापार और निवेश संबंधों को रफ्तार दी है। यह सेमीकंडक्टर, जल, स्वच्छ ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में भारत-नीदरलैंड संबंधों को गहरा करने का अवसर प्रदान करता है। पीएम मोदी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री जेटेन से बातचीत करेंगे और राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वह इस यात्रा के दौरान एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी की 15 से 17 मई तक नीदरलैंड की यह यात्रा 2017 की उनकी यात्रा के बाद दूसरी यात्रा है।

## कांगो में इबोला से 80 लोगों की मौत आसपास के देशों में भी मची खलबली

**नई दिल्ली।** कांगो के पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला से शुक्रवार देर रात 80 लोगों की मौत हो गई है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर कंबा मुलम्बा ने एक बयान में कहा कि बृहस्पतिवार को किए गए टेस्ट में रवाम्पारा, मोंगवालू और बुनिया के स्वास्थ्य क्षेत्रों में इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के आठ मामलों की पुष्टि हुई है।



मंत्रालय ने बताया कि अब तक वायरस के 246 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। संदिग्ध मामलों में से एक नर्स थी, जिसकी बुनिया के इवेंजेलिकल मेडिकल सेंटर में बुखार, ब्लीडिंग, उल्टी और अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षणों के बाद मौत हो गई।

कांगो के पड़ोसी देश दक्षिण सूडान सरकार ने कहा कि उसने कांगो की हालत को देखते हुए अपने पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को एक्टिव कर दिया है। महामारी विज्ञान और लैबरोटरी सर्विलांस को मजबूत किया है और रिस्पांस टीमों की त्वरित तैनाती का आदेश दिया है।

अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने एक बयान में कहा कि वह सीमा पार निगरानी, तैयारी और प्रतिक्रिया प्रयासों को मजबूत करने के लिए कांगो, युगांडा, दक्षिण सूडान और वैश्विक भागीदारों के साथ एक आपातकालीन बैठक बुला रहा है। एजेंसी ने कहा कि मौतें और संदिग्ध मामले मुख्य रूप से मोंगवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में सामने आए हैं, जबकि प्रयोगशाला में पुष्टि किए गए मामलों में चार मौतें दर्ज की गई हैं। प्रांतीय राजधानी बुनिया में भी संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

एजेंसी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वायरस जैरे स्ट्रेन से उत्पन्न नहीं हुआ है। इसकी विशेषताओं का पता लगाने के लिए सीक्वेंसिंग जारी है। कांगो के वायरोलॉजिस्ट जीन-जैक्स मुयेम्बे (जिन्होंने इबोला की सह-खोज की थी और जो किंशासा में राष्ट्रीय जैव चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के प्रमुख हैं) ने रॉयटर्स को बताया कि कांगो में पहले हुए 16 प्रकोपों में से एक को छोड़कर बाकी सभी जैरे स्ट्रेन के कारण हुए थे। उन्होंने कहा कि एक अलग प्रकार की पहचान से प्रतिक्रिया जटिल हो जाएगी। क्योंकि मौजूदा उपचार और टीके जैरे स्ट्रेन के खिलाफ विकसित किए गए थे।

## 'जो जस करै सो तस फल चाखा'...आजम खान की सजा पर केशव मौर्य का तंज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान को हेट स्पीच मामले में दो वर्ष की सजा सुनाए जाने पर कहा कि यह न्यायालय का फैसला है और "जो जस करै सो तस फल चाखा।" प्रयागराज पहुंचे केशव मौर्य ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यदि कोई अपराध करेगा तो न्यायालय उसकी सुनवाई करेगा और गुण-दोष के आधार पर फैसला भी सुनाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत संबंधी अपील पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार




प्रधानमंत्री की बातों पर अमल कर रही है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक ने अपने काफिलों में वाहनों की संख्या कम की है और कार्यकर्ता भी तेल बचाने की मुहिम में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हर देशवासी विदेशी मुद्रा बचाने को लेकर सजग है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भाजपा को सबसे बड़ा संकट बताए जाने के सवाल पर मौर्य ने पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव एसी कमरे में बैठकर ट्वीट करते हैं और मीडिया उसे चला देता है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी तरह साफ हो जाएगी।

## ट्रंप की हत्या पर 50 मिलियन डॉलर का इनाम, ईरान की संसद में प्रस्ताव की तैयारी, नेतन्याहू का भी नाम

**तेहरान।** ईरानी मीडिया में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक खबर सामने आई, जिसने सबका ध्यान खींचा है। ताजा रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रंप की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा "काउंटर-एक्शन" नामक योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। इस मसौदे में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के लिए 50 मिलियन यूरो का इनाम देने का प्रस्ताव शामिल है।



अजीजी ने कहा कि ट्रंप, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और यूएस सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) के कमांडर को काउंटर-एक्शन के लिए टारगेट किया जाना चाहिए। अजीजी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या में इनकी भूमिका की वजह से उन्हें टारगेट करने की बात कही। सरकार के सपोर्टर अली अकबर राएफीपुर के मीडिया आउटलेट "मसाफ" ने पहले दावा किया था कि "किल ट्रंप" नाम के कैंपेन के लिए 50 मिलियन डॉलर के वित्तीय रिसोर्स सुरक्षित कर लिए गए हैं।

ईरान वायर ने बताया कि हैकिंग ग्रुप "हंडाला" ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि समूह ने ट्रंप और नेतन्याहू को खत्म करने के लिए 50 मिलियन डॉलर दिए जाएंगे। हैकिंग ग्रुप के बयान में दावा किया गया कि यह रकम किसी भी ऐसे व्यक्ति या ग्रुप को दी जाएगी जो असल कार्रवाई करेगा। उनके कम्युनिकेशन और फाइनेंशियल चैनल एन्क्रिप्शन और एनोनिमाइजेशन टेक्नोलॉजी से सुरक्षित हैं।

ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अजीजी ने सरकारी टीवी को बताया कि मार्च में युद्ध शुरू होने के बाद से सांसदों ने कई बिल तैयार किए हैं, जिनमें से एक सैन्य और सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई पर है। अजीजी ने कहा, "हमारा मानना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सेंट्रल कमांड के कमांडर को निशाना बनाया जाना चाहिए और उन पर जवाबी कार्रवाई होनी चाहिए।"

उन्होंने कहा, "यह हमारा अधिकार है। जैसे हमारे इमाम शहीद हुए, वैसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ भी किसी भी मुस्लिम या आजाद इंसान को पेश आना चाहिए।" अजीजी ने कहा कि प्रस्तावित बिल में यह तय किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस मिशन को अंजाम देता है, तो सरकार उसे इनाम के तौर पर 50 मिलियन यूरो देने के लिए बाध्य होगी।

## हिंदू-मुस्लिम मुद्दे को उभारना ठीक नहीं : दिग्विजय सिंह

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के धार स्थित विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को लेकर एक बार फिर सियासत और कानूनी बहस तेज हो गई है। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के हालिया फैसले के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि एएसआई द्वारा संरक्षित इस स्मारक में पूजा या इबादत की अनुमति का अंतिम निर्णय अब सुप्रीम कोर्ट को करना होगा। एक ओर जहां हिंदू पक्ष ने फैसले के बाद कानूनी तैयारियां तेज कर दी हैं, वहीं मुस्लिम पक्ष भी सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कर रहा है। इस बीच राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर भी शुरू हो गया है, जिससे यह मामला एक बार फिर राष्ट्रीय बहस का केंद्र बनता नजर आ रहा है।



मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ द्वारा भोजशाला परिसर को लेकर दिए गए फैसले के बाद नई बहस छिड़ गई है। अदालत के निर्णय में परिसर को वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर से जोड़कर देखा गया, जिसके बाद विभिन्न पक्षों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। इस फैसले के बाद जहां हिंदू संगठनों ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया, वहीं मुस्लिम पक्ष ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा कर दी है।

**बातचीत** इतिहास में इसे एक बेहद अहम क्षण के रूप में याद किया जाएगा

## शी चिनफिंग मुलाकात को ट्रंप ने बताया जी–2 वार्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की यात्रा से लौट आए और उन्होंने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ हुई वार्ता को ''दो महान देशों के नेताओं की मुलाकात'' बताया। ट्रंप शुक्रवार शाम मैरीलैंड स्थित 'जॉइंट बेस एंड्रूज' पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा के दौरान कई अहम व्यापारिक समझौते हुए, जिनमें बोइंग के 200 विमानों की चीन को बिक्री तथा भविष्य में 750 अतिरिक्त विमान खरीदने का वादा शामिल है।

उन्होंने चीन द्वारा अमेरिकी कृषि क्षेत्र को समर्थन देने की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। बृहस्पतिवार को शी चिनफिंग के साथ मुलाकात के बाद 'फॉक्स न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, ''ये दो




महान देश हैं। मैं इसे 'जी-2' कहता हूं। मुझे लगता है कि इतिहास में इसे एक बेहद अहम क्षण के रूप में याद किया जाएगा।''

'द वाशिंगटन पोस्ट' ने अपनी खबर में कहा कि ट्रंप के इस बयान से चीन को वह दर्जा मिला, जिसकी राष्ट्रपति शी लंबे समय से अपेक्षा कर रहे थे यानी अमेरिका के समकक्ष एक महाशक्ति के रूप में पहचान। रिपोर्ट में कहा गया, ''दो दिनों तक चली बैठकों के दौरान सुनियोजित समारोह, भव्य स्वागत और दुनिया के दो सबसे शक्तिशाली नेताओं के बीच मित्रता तथा पारस्परिक सम्मान के प्रदर्शन ने उस भू-राजनीतिक समीकरण को स्पष्ट रूप से सामने ला दिया, जिसकी चीन लंबे समय से इच्छा रखता रहा है और जिसका अमेरिका अब तक प्रतिरोध करता आया था।'' ट्रंप ने 'फॉक्स न्यूज' से बातचीत में यह भी कहा कि शी चिनफिंग के साथ अच्छे संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संकेत दिया कि जब तक वह सत्ता में हैं, तब तक चीन संभवतः ताइवान के खिलाफ कोई आक्रामक कदम नहीं उठाएगा। ट्रंप ने कहा, ''यह ताइवान पर कब्जे का मामला नहीं है। वे (चीन) सिर्फ यह नहीं चाहता कि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश घोषित करे।'' उन्होंने कहा, ''जब तक मैं (सत्ता) में हूं, मुझे नहीं लगता कि वे कुछ करेंगे। लेकिन मेरे बाद वे ऐसा कर सकते हैं।'' ट्रंप ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि चीन शांत रहे। हम युद्ध नहीं चाहते। अगर मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो मुझे लगता है कि चीन भी इससे संतुष्ट रहेगा।''

## भीख में मिला पैसा, बंदूक पर खर्च करने की तैयारी : पाक बढ़ाएगा 100 अरब का रक्षा बजट

**दिल्ली।** पाकिस्तान भीख में मिले पैसों से बंदूक पर खर्च करने की तैयारी कर रहा है। पाक अगले वित्त वर्ष में रक्षा बजट में करीब 100 अरब रुपये की बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रहा है।

पाकिस्तान सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) समर्थित सुधार कार्यक्रम के तहत अपना बजट तैयार कर रही है। जिसमें राजस्व में भारी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। डॉन ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि 2026-27 के लिए रक्षा खर्च 2.66 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है, जो चालू वित्त वर्ष में 2.56 लाख करोड़ रुपये है। आईएमएफ ने 2026-27 में पाक की संघीय आय 17 लाख से अधिक रहने का लगाया अनुमान



रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ ने 2026-27 में पाकिस्तान की कुल संघीय आय 17.14 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान लगाया है। यह मौजूदा वित्त वर्ष की तुलना में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक और करीब 13.5 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान ने केंद्र और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.2 प्रतिशत तक बढ़ाकर 4.23 लाख करोड़ रुपये करने का वादा किया है।

**एक नजर**

## मझोला रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण की जगह उम्मीद

**कलीनगर।** क्षेत्र के भरा पचपेड़ा औद्योगिक हब में 'ए बी मौरी' जैसी बड़ी फैक्ट्रियों के शुरू होने को देखते हुए मझोला रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण की कवायद तेज हो गई है। उद्योगों के सुचारू संचालन, माल गाड़ियों के लिए प्लेटफॉर्म, माल गोदाम, कंटेनर डिपो और देश भर से आने-जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु ट्रेनों के ठहराव जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर मांग उठ रही थी। युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र सौंपकर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया था। केंद्रीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से वार्ता की। इसके बाद रेल मंत्री ने जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि मझोला स्टेशन के विस्तार के लिए गहन अध्ययन और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उच्च स्तर पर इस आवश्यक विषय के संज्ञान में आने से मझोला रेलवे स्टेशन अब एक वृहद आकार ले सकता है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बड़ी गति मिलेगी।

# स्कूल ड्रेस में छात्रा का शव मिला

### गला दबाकर हत्या की आशंका, इलाके में सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाईपास के पास खेत में स्कूल ड्रेस पहने एक किशोरी का शव पड़ा मिला। खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने जैसे ही किशोरी का शव देखा तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। मृत किशोरी की उम्र करीब 16 से 18 वर्ष बताई जा रही है। शव खेत में पड़ा था और उसके मुंह से खून बह रहा था। शरीर पर चोट के कई निशान भी मिले हैं। शुरुआती जांच में मामला हत्या का माना जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किशोरी की कहीं और हत्या करने के बाद शव को सुनसान खेत में लाकर फेंका गया।किशोरी ने स्कूल यूनिफॉर्म



छात्रा का शव मिलने के मौके पर पहुंचकर जानकारी लेते अधिकारी।

प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। आशंका है कि किशोरी का गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि शरीर पर चोट के निशान मिले हैं और हर एंगल से जांच की जा रही है। वहीं एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी परिवार की किशोरी लापता है तो तत्काल सीबीगंज थाने में सूचना दें। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। **-अनुराग आर्य एसएसपी बरेली**

पहन रखी थी, जिसके आधार पर पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी है। आसपास के स्कूलों से संपर्क किया जा रहा है और लापता छात्राओं का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में शव यहां फेंका गया होगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल की गहनता से जांच की और कई अहम साक्ष्य जुटाए। आसपास के इलाके की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि किसी संदिग्ध की पहचान की जा सके।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**दहेज हत्या में पति समेत 7 पर मुकदमा दर्ज**


जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हजियापुर निवासी विवाहिता सना की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



महिला का फाइल फोटो।

मृतका के भाई शाहरुख ने बताया कि सना की शादी वर्ष 2023 में वारसी गली निवासी तौकीर पुत्र कल्लू उर्फ मुन्ना के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने दहेज में ढाई लाख रुपये की मांग शुरू कर दी थी। मांग पूरी न होने पर सना को लगातार प्रताड़ित किया जाता था।परिजनों के मुताबिक बेटी का घर बचाने के लिए कई बार आर्थिक मदद भी की गई। इसी बीच सना ने एक बेटे को जन्म दिया, जिसका खर्च भी मायके वालों ने उठाया। परिवार को उम्मीद थी कि बच्चा होने के बाद हालात सुधर जाएंगे, लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला। शाहरुख का आरोप है कि पति तौकीर, ससुर कल्लू उर्फ मुन्ना, सास बेवी, जेठ इमरान, मामू नवाब, गुड्डू पेंटर और खालू मुन्ना लगातार दहेज के लिए दबाव बनाते रहे। विरोध करने पर सना के साथ मारपीट की जाती थी और उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी।



### अस्पताल पहुंचते ही मचा कोहराम

गुरुवार रात करीब 8 :40 बजे शाहरुख के मोबाइल पर फोन आया कि सना ने फांसी लगा ली है और उसे खुशलोक अस्पताल ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के बाहर सना का शव पड़ा मिला और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहन की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया।मायके पक्ष का आरोप है कि दहेज की खातिर सना की हत्या की गई है। घटना के बाद आरोपी बच्चों को लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। बारादरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शादी का सपना दिखाकर किशोरी को अपने जाल में फंसाने और फिर दुष्कर्म के बाद शादी से मुकरने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोप है कि बरेली के शीशगढ़ निवासी युवक ने रामपुर की किशोरी को बहला-फुसलाकर रुद्रपुर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी पीछे हट गया। इससे आहत किशोरी ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शुक्रवार देर रात हल्द्वानी के अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### जिंदगी की जंग हार गई किशोरी

करीब तीन हफ्ते तक अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ने के बाद शुक्रवार देर रात किशोरी ने दम तोड़ दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के भाई ने आरोपी राकेश के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हल्द्वानी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, रामपुर के खजुरिया थाने में पहले ही मामले को लेकर तहरीर दी जा चुकी है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

**▶ आहत होकर लगाई आग, इलाज के दौरान मौत**

मृतका के भाई के मुताबिक, शीशगढ़ बरेली निवासी राकेश उसकी बहन के संपर्क में था। उसने शादी का भरोसा देकर किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि बीती 25 अप्रैल को वह किशोरी को लेकर ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर पहुंचा, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया।परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद जब किशोरी ने शादी की बात कही तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। इससे किशोरी गहरे सदमे में चली गई। बताया जा रहा है कि 26 अप्रैल को उसने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी हालत में उसे पहले जिला अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) रेफर कर दिया।

## केस वापस न लेने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दर्ज मुकदमा वापस न लेने पर पीड़िता का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई है। महिला का आरोप है कि बीती 15 मई को जब वह बकरियां चरा रही थी, तब बाइक सवार दो युवकों ने गाली-गलौज और मारपीट की थी। आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े उतारकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया था, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।अब आरोपी लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं और मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से दोबारा शिकायत की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

# बात न करने पर युवती पर तेजाब फेंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घटना में पति-बच्चों समेत 4 झुलसे, हड़कंप**

**बरेली।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। शादीशुदा महिला द्वारा बातचीत बंद किए जाने से बौखलाए युवक ने शनिवार तड़के उसके घर में घुसकर एसिड अटैक कर दिया। तेजाब की चपेट में महिला, उसका पति और दो मासूम बच्चे भी आ गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया।

पीड़ित महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही रहने वाले उमेश कश्यप से उसकी बातचीत होती थी। दोनों के बीच लंबे समय से संपर्क था, लेकिन कुछ दिनों पहले महिला ने उससे बात करना बंद कर दिया। आरोप है कि इसी बात से उमेश नाराज और बौखलाया हुआ था। गांव के लोगों के मुताबिक आरोपी लगातार महिला पर दोबारा बात करने का दबाव बना रहा था। महिला के मुताबिक शनिवार सुबह करीब चार बजे पूरा परिवार घर में सो रहा था। तभी आरोपी उमेश चुपके से घर में घुस आया। आरोप है कि उसके हाथ में एसिड से भरा डिब्बा था। परिवार कुछ समझ पाता उससे पहले उसने सो रहे लोगों पर तेजाब फेंक दिया। अचानक हुए हमले से घर में चीख-पुकार मच गई। तेजाब की जलन से परिवार तड़प उठा और मदद के लिए शोर मचाने लगा।शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी वहां से भाग चुका था। घटना में महिला के पति सबसे ज्यादा झुलस गए हैं। उनके चेहरे और शरीर के कई हिस्से प्रभावित हुए हैं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। महिला और दोनों बच्चों को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही शेरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी उमेश कश्यप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गांव में घटना के बाद दहशत का माहौल है और लोग आरोपी की इस सनक को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

## केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद करेंगे मल्टीपरपज हाल का निरीक्षण

**पूरनपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद आज दोपहर तीन बजे क्षेत्र के सिमरिया गांव स्थित मल्टीपरपज हॉल का निरीक्षण करेंगे, जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं और हॉल के उपयोग से संबंधित व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करेंगे।इसके साथ ही वे संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे। कार्यक्रम को लेकर गांव व आसपास के क्षेत्रों के लोगों में भारी उत्साह है। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और अधिकारियों ने मंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए प्रगति रिपोर्ट तैयार कर ली है।

# बिलसंडा के पूर्व चेयरमैन के बेटे का निधन,बंद रहा बाजार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय महेश चंद्र गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र रोहित गुप्ता उर्फ तन्नू (45) का शुक्रवार देर रात लखीमपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया।

उनके असामयिक निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शोक में शनिवार को तमाम स्थानीय व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखे।प्रतिष्ठित राजनीतिक व व्यावसायिक घराने से ताल्लुक रखने वाले रोहित गुप्ता के दादा स्वर्गीय शिवप्रसाद वर्ष 1965 में और पिता वर्ष 2000 में नगर के चेयरमैन रहे थे। पिता के निधन के बाद उनकी माता वीना रानी भी चेयरमैन चुनी गई थीं। उनके छोटे भाई मोहित गुप्ता नगर के बड़े पेट्रोलियम व्यवसायी हैं। रोहित पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे और लखीमपुर में उनका इलाज जारी था।शनिवार को श्मशान भूमि पर उनकी अंत्येष्टि संपन्न हुई, जिसमें चेयरमैन डीके गुप्ता, भाजपा विधायक विवेक वर्मा, संजीव मौर्य, विक्रम नरेश जायसवाल, अजय जायसवाल और नीलेश गुप्ता सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक व व्यापारी शामिल हुए। सभी ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

**भाजपा विधायक ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि**

# मोदी की अपील पर बरेली में नो व्हीकल डे का असर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील का असर अब बरेली की सड़कों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। शनिवार को जिले में ऐसा नजारा देखने को मिला, जब एक ओर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना ने अपना सरकारी काफिला छोड़ ई-रिक्शा से कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।दूसरी ओर जिलाधिकारी अविनाश सिंह समेत तमाम अधिकारी ई-बस में सवार होकर मीरगंज तहसील पहुंचे। प्रशासन की इस पहल ने लोगों का ध्यान खींच लिया।

वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने शनिवार को दिनभर सरकारी गाड़ियों और काफिले का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने ई-रिक्शा से यात्रा कर लोगों को ईंधन बचाने का संदेश दिया। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की खपत कम करना समय की जरूरत है और सभी को छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर देशहित में योगदान देना चाहिए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिले के अधिकारियों के लिए सप्ताह में दो दिन सोमवार और शनिवार को नो व्हीकल डे घोषित किया है। इस फैसले के तहत अधिकारी इन दिनों निजी वाहनों का इस्तेमाल करने से बचेंगे और साइकिल, पैदल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे। शनिवार को मीरगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में हिस्सा लेने के लिए डीएम समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी एक साथ ई-बस से रवाना हुए। सुबह जिलाधिकारी पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे, जबकि सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा साइकिल से कार्यालय आए। प्रशासन की यह पहल शहर में चर्चा का विषय बनी रही।



ई रिक्शा में बैठकर जाते मंत्री डॉ अरुण सक्सेना। -जागरण मोर्चा

### ईंधन बचत के साथ प्रदूषण पर भी फोकस

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार ईंधन की फिजूलखर्ची रोकने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए जिले में यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की बचत होगी, प्रदूषण कम होगा और ट्रैफिक दबाव भी घटेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन चाहता है कि आम लोग भी इस मुहिम से जुड़ें। इसके लिए बार एसोसिएशन समेत विभिन्न संगठनों से भी ईंधन बचाने और सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील की जाएगी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस पहल को सकारात्मक कदम बताया है।

# आंवला में गिरे पानी के टैंक में निलंबित हुईं एक्सईएन कुमकुम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** क्षेत्र के सरदार नगर गांव में गत 4 मई को पानी का ओवरहेड टैंक गिरने के मामले में विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जल जीवन निगम की अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) कुमकुम गंगवार को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है।

प्रबंध निदेशक डॉ. राजशेखर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निर्माण की घटिया गुणवत्ता, लापरवाही और शासन की छवि धूमिल करने के गंभीर आरोपों में यह कदम उठाया गया है।इस हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि कुमकुम गंगवार के कार्यकाल में यह दूसरा बड़ा हादसा है। इससे पहले 30 जून 2024 को मथुरा की कृष्ण विहार कॉलोनी में भी टैंक गिरा था, तब भी वे वहीं तैनात थीं।

### निर्माणदायी संस्था पर एफआईआर, कई अफसरों पर गिरी गाज

सरदार नगर टैंक हादसे में निर्माणदायी संस्था एनसीसी पर एफआईआर के बाद जूनियर इंजीनियर निलंबित कर दिए गए हैं। साथ ही दो इंजीनियरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। लखनऊ की टीम द्वारा लिए गए सैंपल की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। निलंबित एक्सईएन को झांसी संबद्ध कर बरेली का प्रभार शाहजहांपुर एक्सईएन को दिया गया है।

# पति की दीर्घायु के लिए की वट पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां।** पति की लंबी आयु की कामना और अखंड सौभाग्य के साथ सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। पूजा के लिए नगर में स्थित पक्के तालाब पर लगे वट वृक्ष के पास महिलाओं की भीड़ से ही उमड़ पड़ी।

ज्येष्ठ मास की अमावस्या के पावन पर्व वट सावित्री व्रत के अवसर पर नगर के पक्का तालाब मंदिर पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए श्रद्धापूर्वक वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नगर के पक्का तालाब मंदिर पर सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। और दिन भर पूजा करने को सुहागिने आती जाती रही। वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुहागिनों ने गांव के वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार करके व्रत रखा और बरगद के पेड़ पर जल, रोली, अक्षत, और भीगे हुए चने अर्पित किए। जिसके बाद वृक्ष की परिक्रमा करके उसमें सूत बांधा और माता सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। ऐसी मान्यता है कि इस वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव का वास होता है। इसी वृक्ष के नीचे माता सावित्री ने अपने तप और दृढ़ संकल्प द्वारा यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं श्रद्धा भाव से वट वृक्ष की पूजा करती आ रही है।



## वैन रुकवाकर शिक्षिका से छेड़छाड़, मुकदमा


**पूरनपुर।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र में एक शिक्षिका के साथ वैन रुकवाकर छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती निजी स्कूल में शिक्षिका है। शिक्षिका अपने कार्यस्थल से वापस लौट रही थीं, तभी रास्ते में वैन को रुकवाकर कुछ लोगों द्वारा उनके साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। वहीं, पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरत रही है।

# प्रा वि मठिया का जनपद में तीसरा स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां।** जनपद स्तरीय सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में नगर के मठिया प्राथमिक विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद के दून इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कक्षा एक से बारह तक की कक्षा के बच्चों की जनपद स्तरीय सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वही पुवायां के मठिया प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्र छात्राओं की टीम को पच्चीस हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की टीम को बीस हजार रुपए, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की टीम को पंद्रह हजार रुपए तथा अन्य स्कूलों की टीमों को पांच पांच हजार रुपए का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या अमिता शुक्ला ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की शिक्षिका रेखा के कुशल प्रशिक्षण में बच्चों ने आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति पेश की और जनपद में अपना तीसरा स्थान सुनिश्चित किया। वही उन्होंने जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।



## पीडीए महासम्मेलनः एकजुटता का संकल्प

**पीलीभीत।** मौर्य बैंक्विट हॉल में सामाजिक बहुजन चेतना पीडीए महासम्मेलन का आयोजन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग सत्येंद्र मौर्य के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. नवल किशोर ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। वहीं छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा और जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई और कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। कार्यक्रम के अंत में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर–9412252847 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**रामपुर।** यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सघन वाहन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले मॉडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट का प्रयोग करने तथा शराब पीकर वाहन न चलाने हेतु जागरूक किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी।

# हेड स्पीच मामले में आजम खां को दो साल की सजा

## तत्कालीन एसडीएम ने कराया था मुकदमा, मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय में हुआ था दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां को हेड स्पीच के मामले में न्यायालय ने शनिवार को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय में दर्ज हुआ था।

वर्ष 2019 के लोसकभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी रहे आजम खां ने मनकरा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए तत्कालीन डीएम, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद थाना भोट में तत्कालीन एसडीएम घनश्याम त्रिपाठी ने आजम खां के तहरीर दी। जिसमें पुलिस ने जांच कर धारा 153 ए, 153 बी, 505 ए और 125 लोक सम्पत्ति प्रतिनिधित्व अधिनियम के मुकदमा दर्ज कराया था।जिसके बाद पुलिस ने विवेचना के बाद इन धाराओं में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। यह मुकदमा स्पेशल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल शोभित बंसल की कोर्ट मे सुनवाई हुई। शनिवार दोपहर न्यायालय ने आजम खां को दोषी ठहराते हुए चारों धाराओं में दो-दो साल की सजा के साथ पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना सुनाया।



स्पेशल एमपी–एमएलए न्यायालय से बाहर आते शहर विधायक। –जागरण मोर्चा

### आजम खां वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए हुए पेश

आजम खां को हेड स्पीच के मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए दो साल की सजा के साथ 20 हजार रुपये का जुर्मान सुनाया गया। इस दौरान आजम खां जिला कारागार से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक आकाश सक्सेना भी न्यायालय में मौजूद रहे।

**तीन इंस्पेक्टर, दो कांस्टबिल की हुई गवाही**

न्यायालय के एपीओ स्वदेश शर्मा ने बताया कि मुकदमा की सुनवाई के दौरान तीन इंस्पेक्टर, दो कांस्टबिल समेत आठ गवाह पेश हुए। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आजम खां ने कहीं भी घटना का खंडन नहीं किया।

**पहले से रामपुर जेल में बंद हैं आजम**

शनिवार को कोर्ट के फैसले के दौरान आजम खां जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। गौरतलब है कि आजम खां पहले से ही रामपुर जेल में बंद हैं। कोर्ट ने उनको और उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम को फर्जी पैन कार्ड बनवाने के मामले में सात-सात जेल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद से ही आजम खां जेल में बंद हैं।

### आजम खां के 17 मामलों में आ चुका है फैसला

सपा नेता आजम खां पर 100 से अधिक मुकदमें दर्ज है। जिनमें 18 मुकदमों में फैसला आ चुका है। जिसमें 11 में बरी हो चुके है। शनिवार को आए फैसले सहित 8 मुकदमों में सजा सुनाई गई है। आजम खां को डूंगरपुर के एक मुकदमें में सात साल, एक में 10 साल , दो जन्म प्रमाण पत्र, दो पैन कार्ड मामले में थाना मिलक, शहजादनगर और भोट के आठ मुकदमों में अब तक सजा हो चुकी है।

### दो पैन कार्ड में तीसरी बार जेल गए पिता-पुत्र

पहली बार भाजपा सरकार बनने के बाद आजम खां, पत्नी डॉ .तजीन फात्मा, बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ कोर्ट में सरेंडर किया था। 27 माह बाद जेल में रहने के बाद सीतापुर से रिहा होकर रामपुर आए थे। उसके बाद वर्ष अक्टूबर 2022 में आजम खां को थाना मिलक में हेड स्पीच के मामले में पहली बार तीन सजा की सुनाए जाने के बाद विधायकी छिन गई थी। अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण मामले में आजम खां, तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराते हुए वर्ष 2024 में जेल भेज दिया था। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाइकोर्ट से जमानत पर आ गए थे। 17 नंवबर 2025 को अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में न्यायालय ने आजम खां, अब्दुल्ला को दोषी ठहराते हुए तीसरी बार जेल भेज दिया था। इस तरह आजम खां अब तक 55 माह का समय जेल में काट चुके हैं।

लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा ही जनप्रतिनिधियों की वास्तविक पहचान होती है। रामपुर एमपी–एमएलए कोर्ट द्वारा सपा नेता आजम खां को अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा के प्रयोग के मामले में दो वर्ष की सजा सुनाया जाना उन सभी नेताओं के लिए एक बड़ा संदेश है, जो जनता की वाहवाही लूटने के लिए शब्दों की गरिमा भूल जाते हैं। आज का यह फैसला स्पष्ट करता है कि कानून सबके लिए समान है और लोकतंत्र में मर्यादा से ऊपर कोई नहीं। जनता को भी ऐसे नेताओं को बढ़ावा देना चाहिए जो विकास, संवाद और संस्कार की राजनीति करें, न कि अभद्रता और उकसावे की भाषा का सहारा लें।
**–आकाश सक्सेना, शहर विधायक, रामपुर।**

### 17 नवंबर को गए थे जेल

दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोषी ठहराने के बाद जिला प्रशासन ने आधी रात को आजम खां को सीतापुर, अब्दुल्ला को हरदोई स्थानांतरित कर दिया था। लगभग डेढ़ साल के बाद सीतापुर जेल से रिहा होकर 23 सितंबर 2025 को रामपुर आए थे। 17 नंवबर को दो पैन कार्ड मामले में आजम खां, अब्दुल्ला को सात साल की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया था।

### अखिलेश भी आए थे मिलने

आजम खां के सीतापुर जेल से जमानत पर आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, विधानसभा में नेता विपक्ष रहे स्वामी प्रसाद मौर्य, माता प्रसाद पांडेय, सांसद इकरा हसन, विधायक नसीम सोलंकी मिलने आए थे।

# सोना न खरीदने के आह्वान से सर्राफा व्यवसायियों में चिंता की लहर

- सर्राफा व्यापार से लगभग 1000 परिवार जुड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** होटल रेडियंस पार्क में सर्राफा व्यापारियों की संस्था ज्वेलर्स समिति के सदस्यों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में वक्ताओं ने मोदी के सोना एवं जेवर न खरीदने के आवाहन से सर्राफा व्यवसाय के बंदी के कगार पर पहुंचने की आशंका व्यक्त की।

बैठक में कहा गया कि इस आवाह्न से लगभग 800 कारीगरों की रोजी रोटी प्रभावित हो सकती है। ज्वेलर्स की बैंक सी सी लिमिट प्रभावित होंगी,सेल डाउन हो जाएगी, सेल डाउन होने से जी एस टी की अदायगी कम हो जाएगी।इस से जीएसटी विभाग के उत्पीड़न का भी अंदेशा है।सर्राफा व्यापार से लगभग 1000 परिवार जुड़े हुए है।सोने ,चांदी के रेट अधिक होने से पहले ही सर्राफा व्यवसाय मंदी आदि चुनोतियों से गुजर रहा है। सरकार से यह मांग की गई कि इस आवाह्न को वापस लिया जाय। आभूषणों की खरीद का आवाहन वापस हो जाय। भले ही गोल्ड बुलियन में निवेश को हतोत्साहित कर दिया जाय।राष्ट्र हित में सर्राफा व्यवसायी हमेशा सरकार के साथ रहे है।बैठक में तरन जीत ग्रोवर, अभिषेक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, माणिक रस्तोगी, रोहित अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, हरप्रीत ग्रोवर, पराग जिंदल,आकाश अग्रवाल ,आशीष रस्तोगी, पुलकित रस्तोगी ,रचित अग्रवाल ,अभिनव अग्रवाल ,जितेंद्र गुप्ता आदि ने भाग लिया।



बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# डंपर चालक ने एसडीएम के वाहन को मारी टक्कर, बचे

- आनन फानन में डंपर चालक को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** एक अनियंत्रित ओवरलोड डंपर ने एसडीएम के सरकारी वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में एसडीएम और उनके चालक बाल-बाल बच गए। पुलिस ने डंपर को सीज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उप जिलाधिकारी अरुण कुमार शुक्रवार रात उत्तराखंड बार्डर स्थित क्षेत्र की ग्रीन पार्क के पास ओवरलोड डंपरों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक संदिग्ध डंपर को रुकने का इशारा किया।

डंपर ओवरलोड होने के कारण चालक के इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर भी वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे एसडीएम की सरकारी वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर सहित मौके से भागने लगा। तभी एसडीएम और चेकिंग टीम ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस के साथ उसका पीछा किया। घेराबंदी कर पुलिस ने डंपर को उत्तराखंड के किच्छा स्थित टोल प्लाजा के पास पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है और चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि वाहन में उनके अलावा चालक रविन्द्र सागर, अर्दली महेंद्र सिंह और गार्ड विकास समेत चार लोग मौजूद थे। गनीमत रहा कि उन्होंने अपना वाहन सड़क किनारे लगा रखा था, वर्ना हादसा गंभीर हो सकता था। कहा कि ओवरलोड और अवैध खनन से लदे डंपरों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि डंपर को सीज कर कब्जे में ले लिया है। साथ ही चालक शिवम शर्मा निवासी रम्पुरा रुद्रपुर उत्तराखंड, परिचालक नुक्ता प्रसाद निवासी परजानपुर थाना शीशगढ़ बरेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जबकि परिचालक का चालान कर दिया गया है। कहा कि विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# शाहबाद क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे दो अस्पताल सील

- अस्पताल सील होने के बाद मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक व अस्पतालों में नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए दो अस्पतालों को सील कर दिया। शाहबाद और पटवाई में छापेमारी से क्लीनिक व अस्पताल संचालकों में हडकंप मच गया। कई अस्पताल संचालक अपने अपने क्लीनिक बंद कर भाग खड़े हुए। नोडल अधिकारी ने अवैध रूप से संचालित व अनिमियता बरतने में दो अस्पताल सील कर दिए।

झोलाछाप के नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें शाहबाद क्षेत्र में अवैध रूप से अस्पताल संचलित किए जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर जांच करने शाहबाद पहुंचे तो असलम क्लीनिक बिना पंजीकरण चलते पाया गया, जिसे सील कर दिया गया। वहीं पटवाई स्थित सेवा अस्पताल का निरीक्षण किया गया। अस्पताल संचालक क्लीनिक के कागजात नहीं दिखा पाया। अस्पताल का पंजीकरण न होने चलते अस्पताल को भी सीज कर दिया गया।



शाहबाद में अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील करते नोडल अधिकारी।

# धोखाधड़ी में दस साल की सजा

- एफसीटी द्वितीय में चल रही मामले की सुनवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एफसीटी द्वितीय न्यायालय ने धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी को दोषी ठहराते 15 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक नरोत्तम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कि स्टेट बैंक तिराहा पर मुखबिर की सूचना पर फहद पुत्र महबूब निवासी बाजोड़ी टोला थाना गंज जोकि एक बाइक पर आ रहा था।



चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसको रोका तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 350 ग्राम चरस और चोरी की बाइक जिसका नंबर प्लेट बदली हुई थी। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से बाइक बरामद हुई थी। पुलिस ने उसके खिलाफ 28 अगस्त 2015 को मुकदमा दर्ज धारा 413, 414, 420, 467, 468, 471 कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया था। 4 अक्टूबर 2015 को न्यायालय में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। न्यायालय के सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सागर ने बताया कि शनिवार को न्यायालय ने फहद को धारा 467 में 10 साल, 468-471 में 5-5 साल, 420 में तीन साल की सजा और 15 हजार रुपये का जुर्माना भी सुनाया है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- बिलासपुर थाना क्षेत्र का मामला,पुलिस कर रही जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के बाजपुर थाना क्षेत्र के गांव बन्नाखेड़ा में अपनी बुआ के घर गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने उसकी हत्या की आशंका जताई है।इस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हामिदाबाद गांव के रहने वाले बृजपाल मौर्य ने डायल-112 पुलिस को सूचना देकर घटना से अवगत करवाया। उसने बताया कि उनका 26 वर्षीय पुत्र ओमकार मौर्य बीते शुक्रवार को अपनी बुआ के घर गया था। वहां से शनिवार की तड़के सूचना मिली के उनके पुत्र की मौत हो गई है। वह रात्रि में छत पर सो रहा था और नशे की हालत में छत से उतरते समय उसका पैर फिसल गया। नीचे पक्की जगह में गिरने के कारण वह घायल हो गया और उपचार को लेकर जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में चीख पुकार मच गई और वह मौके पर पहुंच गए। इसके बाद परिजन युवक के शव को अपने साथ गांव ले आए और यहां डायल 112 पुलिस को फोन कर पुत्र की हत्या की आशंका जताई।वहीं सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचें और शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भेज दिया। साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों से जानकारी ली।जांच उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की मौत छत से गिरने के कारण हुई। हालांकि घटना की स्थिति पीएम रिपोर्ट के बात ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अभी घटना की जांच में लगी हुई है।



जानकारी हासिल करते अधिकारी।

### ऑनलाइन साइबर ठगी से महिला के खाते से 2.33 लाख उड़ाए

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के ग्राम भूबरा मुस्तहकम निवासी एक महिला के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी कर करीब 2 लाख 33 हजार 200 रुपये निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना स्वार में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम भूबरा मुस्तहकम निवासी किरन पत्नी महेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मसवासी में खाता है। दो मई 2026 से 9 मई 2026 के बीच उनके मोबाइल पर खाते से रुपये कटने के लगातार मैसेज आने लगे। शुरूआत में उन्हें जानकारी नहीं हो सकी, लेकिन जब उन्होंने बैंक जाकर खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि खाते से कई बार में 19,999, 5,000, 1,000 समेत कुल लगभग 2,33,200 की रकम ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए निकाल ली।पीड़िता का कहना है कि उन्होंने किसी को भी अपना ओटीपी, यूपीआई,पिन या बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं की और न ही ट्रांजेक्शन उन्होंने स्वयं किए हैं। महिला ने आशंका जताई है कि अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा उनके साथ फ्रॉड किया गया है।






मिलेगी राहत | एक हजार गज में 1.80 करोड़ रुपये से बीस आवास

# मिस्टन गंज में भूमि-पूजन, बनेंगे आवास

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर के बीच मिस्टनगंज में लोक निर्माण विभाग की खाली पड़ी जमीन पर कार्य शुरू करा दिया है। यहां पर लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड 1000 गज जमीन पर कर्मचारियों के लिए 20 क्वार्टर (आवास) बनेंगे। इसके निर्माण पर करीब 1.80 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

नवाब के समय की इस जगह पर पहले लोक निर्माण विभाग का कार्यालय था। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक भी इस स्थान पर रही। बाद में यह जमीन खाली पड़ी है। खाली पड़ी जगह का अब उपयोग होगा। सबसे अहम बात यह है कि बीच शहर में खाली पड़ी खंडहर नुमा इस जगह के कारण गंदगी बढ़ रही थी। आसपास के लोगों ने इस स्थान पर पार्किंग स्थल बनाने की मांग की थी। मल्टी स्टोरी पार्किंग की मांग भी उठी थी। मिस्टन गंज स्थित लोक निर्माण विभाग की 1000 गज जगह है। इस खाली जगह को उपयोग में लाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा। इसको शासन से वर्ष 2025 में मंजूरी मिली। शनिवार को एक्सईएन केवी सिंह, गौरव सिंह ने मिस्टन गंज पहुंचकर भूमि पूजन किया। एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि मिस्टन गंज स्थित क्वार्टर टाइप बनेंगे। इसको 1.80 करोड़ रुपये की लागत आ रही है।



मिस्टन गंज स्थित भूमि–पूजन करते एक्सईएन। –जागरण मोर्चा

# सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए: सांसद

## स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला विकास एवं समन्वय समिति दिशा की बैठक विकास भवन सभागार में सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कौशल विकास मिशन एवं उद्यमिता सहित विभिन्न संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।

सांसद ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।उनकी जानकारीआम जनमानस तक



बैठक में बोलते सांसद। -जागरण मोर्चा

पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने पर भी जोर दिया।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में लगातार प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मा. सांसद ने कहा कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों को उपचार हेतु मुरादाबाद अथवा अन्य जनपदों में जाना पड़ता है।शासन को मांग पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि शासन को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं।शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने राजकीय हामिद इण्टर कॉलेज में कक्षाओं के संचालन एवं जर्जर भवन की मरम्मत के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारी प्राप्त की।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि कॉलेज के जीर्णोद्धार हेतु बजट प्राप्त हो चुका है तथा शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा।राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए मा. सांसद ने ग्रामों में कनेक्शनों की संख्या एवं घर-घर पानी पहुंचाने की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सड़क के बीचोबीच पाइप लाइन बिछाने से लोगों को परेशानी होती है, इसलिए सड़कों की मरम्मत समय से कराई जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें, ताकि पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध तरीके से लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

### योजनाओं पर हुई चर्चा

बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख एवं संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शव वाहन खराब, डीजल के लिए मिल रहे 90 हजार

**रामपुर।** जिला अस्पताल के शव वाहन के लिए शासन स्तर से डीजल- टूट फूट के लिए 90 हजार रुपये मिल रहे हैं। जबकि मालूम हो कि वाहन भी खराब की स्थिति में है वह धूल चाट रहा है। जिसमें 60 हजार रुपये डीजल और 30 हजार टूट फूट के लिए मिलते हैं। इसके बाद वाहन शोपीस की स्थिति में हैं।

पिछली साल 12 जून 2025 को जिला अस्पताल का शव वाहन बिहार से आते समय बरेली के झुमका चौराहे के पास बाईपास पर पलट गया था। वाहन 10 से 15 फिट गहरे गड्ढे में पलटकर क्षतिग्रस्त हो गया था। जब से यह वाहन अस्पताल परिसर में खड़ा है। उधर इसको सही कराए जाने के लिए अस्पताल प्रशासन के पास बजट नहीं हैं। जबकि सलाना 90 हजार रुपये शासन स्तर से मिल रहा है। वाहन के सही न होने के कारण बाहरी एंबुलेंस वाले शव को पहुंचा रहे हैं। इसी वजह से मृतकों के परिजन प्राइवेट एंबुलेंस पर निर्भर है। इसको लेकर सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि वाहन को सही कराए जाने के लिए टाटा कंपनी से एस्टीमेट मांगा गया था।

## सार संक्षेप

### जानवरों की कुर्बानी खुले में ना करें : एसडीएम

**मिलक।** ईद–उल–ज़ुहा के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने की। उन्होंने कहा ईद के मौके पर होने वाली जानवरों की कुर्बानी खुले में ना करें, गलियों और नालियों में खून ना वहाये, और अवशेष को खुले में ना फेके उसके लिए पालिका,ग्राम पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा अवशेष को समय से एकत्र कर उसका निस्तारण करें भाई पानी की सप्लाई और सफाई को लेकर भी निर्देशित किया। इस मौके पर उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने । नई परंपरा ना डालने का निर्देश दिए। वही दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट लगाकर चलें और कोतवाली प्रभारी मनीराम ने कहां की आप सभी लोग आने वाले त्योहार को आपसी सौहार्द से मनाएं भी उन्होंने धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों से त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक गौरव कुमार, जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंगवार, प्रधान संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह यादव, साबिर रजा, इकरार हुसैन, मोहम्मद रफी, विशंभर सागर, अमरजीत सिंह माटा, डॉक्टर अकील अहमद, राजू गुप्ता, शांति स्वरूप गंगवार, हाफिज अब्दुल वहीद, हाफिज रियासत हुसैन अंसारी, इकबाल हुसैन, हांजी सईद उर रहमान, सोमपाल गोस्वामी, भूकनलाल राठौर,आसिफ खान आदि थे।

### सर्जिकल समेत आठ वार्डों पर लगेंगे संकेतक बोर्ड

**रामपुर।** जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड, स्टॉफ ड्यूटी रूम, कोल्ड रूम, आपरेशन थिएटर, प्रशासनिक कार्यालय, मेडिकल, आयुष्मान और कान्फ्रेंस हाल में संकेतक बोर्ड लगेंगे। सप्ताह भर पहले ही प्राइवेट लैब, आईपीएचएल लैब पर संकेतक बोर्ड लग चुके हैं। शेष स्थानों पर अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिला अस्पताल के भर्ती रोगियों के तीमारदारों को वार्ड को ढूंढना और अन्य सुविधाओं का लाभ लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इस समस्या को दूर करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने रोगियों के लिए सर्जिकल वार्ड, स्टॉफ ड्यूटी रूम, कोल्ड रूम, आपरेशन थिएटर, प्रशासनिक कार्यालय, मेडिकल,आयुष्मान और कान्फ्रेंस हाल में संकेतक बोर्ड लगाए जाने कर तैयारी की जा रही है। सीएमएस डॉ .बीसी सक्सेना ने बताया कि अस्पताल में जल्द ही संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे।जिससे कि रोगियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होगी। अस्पताल परिसर में प्राइवेट रूम और आईएचपीएल लैब में बोर्ड लग चुके हैं।

### सपा की सरकार बनने पर महिलाओं को मिलेंगे साल में चालीस हजार: विजय

**मिलक।** प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश की महिलाओं को चालीस हजार रुपये सालाना मिलेंगे। प्रदेश भर के लोगों को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। समाजवादी पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय विधायक विजय सिंह ने शनिवार को मिलक क्षेत्र के धर्मपुरा, निस्बी, जटपुरा, हप्पू और पांडे गांवों का दौरा कर पीडीए वर्ग के लोगों से मुलाकात की और दलित और पिछड़ो को समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान विजय सिंह ने समाजवादी पार्टी की विचारधारा और पिछली सपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि सपा ने हमेशा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और किसानों–नौजवानों की आवाज उठाई है।पूर्व विधायक ने कहा कि आने वाली सपा सरकार में महिलाओं को सालाना 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही सभी वर्गों के लोगो को पुरे प्रदेश में 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा दोहराया।



बैठक को संबोधित करते पूर्व विधायक।

### 21 शिकायतों में से 4 का मौके पर निस्तारण

**टांडा।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, अपर जिलाधिकारी नितिन मदान और उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा की मौजूदगी में स्थानीय तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं।जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों को जांच।कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने एक शिकायत पर तत्काल उचित कार्रवाई के आदेश पुलिस को दिए।अधिकारियों ने सम्बन्धितों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा,अपर जिलाधिकारी नितिन मदान, उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा, तहसीलदार निश्चय कुमार,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित व अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शाहबाद में समाधान दिवस में आईं दस शिकायतों में दो का मौके पर निस्तारण

**शाहबाद।** तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम आशुतोष कुमार ने लोगो की जनसमस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को शाहबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। एसडीएम आशुतोष कुमार ने जनसुनवाई के दौरान मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीओ देवकीनंदन, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, एसडीओ अलंकृत मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक किशन लाल आदि मौजूद रहे।

## दढ़ियाल में केमिस्ट एसोसिएशन की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** नगर में शनिवार को केमिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों द्वारा नकली दवाओं की बिक्री और भारी छूट के विरोध में 20 मई को देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया गया।

यह बैठक विजय मेडिकल स्टोर पर हुई, जिसमें नगर के बड़ी संख्या में मेडिकल संचालकों ने भाग लिया। केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के आह्वान पर सभी मेडिकल संचालक 20 मई को अपने मेडिकल स्टोर बंद रखकर विरोध करेंगे।शनिवार देर शाम मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग स्थित विजय मेडिकल स्टोर पर केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा पहुंचने पर कई मेडिकल संचालक एकत्र हुए। उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

बाद में मंच से जिला अध्यक्ष ने 20 मई को होने वाली हड़ताल में पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन फार्मेसी और ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा नकली दवाओं के कारोबार और अवैध बिक्री के विरोध में यह एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल की जा रही है। एसोसिएशन का मानना है कि ऑनलाइन दवाओं की अवैध बिक्री और बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाओं के दुरुपयोग से छोटे दुकानदारों का अस्तित्व खतरे में है और जन स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।इस बंद के दौरान देश भर के लगभग 12 लाख से अधिक खुदरा और थोक दवा विक्रेता अपनी दुकानें बंद रखेंगे। उन्होंने मरीजों को सलाह दी कि शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग या किसी अन्य गंभीर बीमारी की नियमित दवा लेने वाले मरीज अपनी आवश्यक दवाएं पहले से ही खरीद कर रख लें, ताकि उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री आजम खान, दढ़ियाल के नगर अध्यक्ष भजन सिंह, आजम अंसारी, जफर सैफी, बाकर, मोहम्मद मुस्तकीम, वाजिद अली, फरहान अली, राशिद अली और वसीम अली सहित कई अन्य मेडिकल संचालक मौजूद रहे।

## दुकानों के टूटने के एक साल बाद भी अन्य स्थान पर नहीं बनी दुकानें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के रामपुर मार्ग पर राजकीय इंटर कॉलेज के सामने नगरपालिका परिषद द्वारा 24 दुकानें बनाकर नियमानुसार किराय पर लोगों को आवंटित की गई थीं।जिन्हें कॉलेज की भूमि पर बनी होने का बताकर लगभ एक साल हुए प्रशासन द्वारा तोड़ दिया गया।प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि दुकानों को तोड़ते समय हमसे वायदा किया गया था कि इसके बदले गाटा संख्या 904 पर दुकानों का निर्माण कराकर प्रभावितों को दी जाएंगी।लेकिन आज तक दुकानों का निर्माण नहीं कराया गया है।शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभावित लोगों ने एडीएम को प्रार्थना पत्र देकर गाटा संख्या 904 पर दुकानें बनाकर दिए जाने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि दुकानें तोड़े जाने के बाद से परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित दुकानदारों ने बताया कि दुकानों का निर्माण 1986 में नगर पालिका द्वारा कराया गया था। जिन्हें 1988 में नियमानुसार लोगों को किराए पर अलॉट किया गया था। दुकानदार नियमानुसार नगरपालिका को किराया अदा करते आ रहे थे,लेकिन लगभग एक वर्ष हुआ प्रशासन ने दुकानों को इंटर कालेज की जगह पर बनी होने का बताकर उन्हें जेसीबी से ध्वस्त करा दिया।

इन दुकानों के बदले सहकारी संघ के पास स्थित सरकारी भूमि गाटा संख्या 904 पर दुकानों का निर्माण कराकर दिए जाने का वायदा किया गया था। प्रार्थना पत्र देने वालों में मोहम्मद अशरफ़, मोहम्मद अतीक, फिरासत अली, मोहम्मद शफीक,अतीक अहमद, गोहर अली, मोहम्मद सलीम, अकबर अली,मोहम्मद मुन्फरीद, मोहम्मद शुऐब, हाजी पप्पी आदि शामिल रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 16 शिकायते

**मिलक।** तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान फरियादियो ने अपनी अपनी शिकायत अधिकारी के सामने रखी समाधान दिवस में 16 शिकायते आईं। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर तहसीलदार सीमा गंगवार, क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ,अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद आदि रहे।

## मौत के बाद गांव में तैनात हुई पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र ग्राम सींगनखेड़ा में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ग्राम प्रधान और उनके पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र सौंपा है। सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस की मौजूदगी में मृतक का अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया।


सींगनखेड़ा निवासी मजदूर प्रेमपाल 35 वर्ष की मौत के बाद गांव में तनाव और मातम का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि ग्राम प्रधान रूपाली और उनके पति भूपेंद्र सिंह ने साजिश के तहत प्रेमपाल को अत्यधिक कच्ची शराब पिलाई। जब वह पूरी तरह नशे में धुत हो गया, तो उसे तालाब में सफाई करने बरा दिया डूबा दिया गया जिससे उसकी



मृतक के घर पर लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने कानून व्यवस्था और स्थानीय स्तर पर ढिलाई की आशंका को देखते हुए सीधे पुलिस कप्तान को तहरीर दी। पीड़ित परिवार ने मांग की है कि ग्राम प्रधान रूपाली और उनके पति भूपेंद्र सिंह के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।मामले की संवेदनशीलता और गांव में किसी भी प्रकार के संभावित विवाद को रोकने के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। आखिरकार, पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी और मौजूदगी के बीच मृतक प्रेमपाल का अंतिम संस्कार क्रियाकर्म कराया गया। अजीमनगर थाना अध्यक्ष कर्म पाल सिंह का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है और आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव में फिलहाल शांति व्यवस्था कायम है।

## 31 मई को बीएड प्रवेश परीक्षा, तैयारियां शुरू



**रामपुर।** मई, जून में शासन स्तर से विभिन्न भर्तियों की परीक्षाएं 31 मई से आरंभ हो रही है। यह अलग–अलग तिथियों में 2, 3 जुलाई तक जारी रहेगी। परीक्षा को लेकर तैयारियों में विभागीय अधिकारी जुट गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 31 मई को बीएड प्रवेश परीक्षा होगी। 3, 4 जून को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी परीक्षा होगी। 8,9,10 जून को आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा, 14 जून प्रवक्ता पुरूष, महिला राजकीय इंटर कालेज, 2, 3, 4 जुलाई को यूपी टेट लिखित परीक्षा होगी। उन्होंने परीक्षाओं को सकुशल कराए जाने के लिए विभिन्न दायित्वों के निर्वहन में प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को निर्देशित किया है वह बिना अधोहस्ताक्षरी की पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगे। यदि कोई अधिकारी–शिक्षक कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ते है तो उत्पन्न् होने वाली समस्त प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए संबंधित अधिकारी–शिक्षक कर्मचारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### 16 केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 8 से 10 जून तक दो पालियों में होगी। पुलिस कांस्टबल भर्ती की लिखित परीक्षा रामपुर में भी तीन दिन तक आरंभ रहेगी। परीक्षा के लिए 16 केंद्रों पर बनाए गए है सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए जाएंगे। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

## सेंटमेरी की टॉपर्स को महासभा ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में गणेश वेंकट हॉल पर दिल्ली के शासक, शब्द भेदी बाण के ज्ञाता, दिल्ली के संस्थापक महाराज अनंगपाल तोमर के नवासी,क्षत्रिय महाराज पृथ्वीराज चौहान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर महाराज पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर जन्मोत्सव मनाया।

कार्यक्रम में महाराज पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम देवेन्द्र सिंह ने किया। वक्ताओं में महाराज पृथ्वीराज चौहान के जीवन के प्रमुख बिंदुओ पर प्रकाश डाला और सभी को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत करवाया। वक्ताओं में युवा प्रदेश अध्यक्ष




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

अजय राठौर ने बताया कि इस संसार में केवल दो व्यक्ति ही हुए जो शब्द भेदी बाण चला सकने में सक्षम हुए,एक श्रीराम के पिता राजा दशरथ और दूसरे महाराज पृथ्वीराज चौहान आंखे बंद करके अपने लक्ष्य को भेद सकते थे। वक्ता अभय सिंह ने कहा कि महाराज पृथ्वीराज चौहान ने क्षत्रिय धर्म निभाते हुए मोहम्मद गौरी को 17 बार युद्ध में पराजित करने के बाद भी अभय दान दे दिया था।नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक ने बताया कि आज युवाओं को महाराज पृथ्वीराज चौहान से प्रेरणा लेते हुए अपने देश हित में शिक्षा के साथ शास्त्र का अध्यन करे।कार्यक्रम में 12 में सेंट मेरी में टॉपर्स में से अर्जिता सिंह को महासभा की ओर से सम्मानित किया।जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में आए सभी बंधुओ का धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान शिशुपाल सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह,नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह आर्य, राकेश सिंह, अंजीत सिंह, चिराग सिंह, शौर्य प्रताप सिंह, अभय चौहान, प्रमोद चौहान, रघुराज सिंह, अर्जुन सिसोदिया, वैभव सिंह , उमेश पाल सिंह, हर्ष सिंह, दीपक पुंडीर,अनिल चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, अमन सिंह,जयगोविंद सिंह, एन पी सिंह , शिव विजय सिंह, श्याम विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन युवा जिला महामंत्री राकेश सिंह ने किया।

**गुस्सा** स्थानांतरण के साथ, जांच की मांग

## एसडीएम न्यायिक के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा, दिया सांकेतिक धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** अधिवक्ताओं ने एसडीएम (न्यायिक) के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया और उनके स्थानांतरण व उच्चस्तरीय जांच की मांग की। घोषणा की कि मांग पूरी होने तक प्रतिदिन एक घंटे का धरना दिया जाएगा और 22 मई को आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। तहसील के लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता पिछले एक माह से एसडीएम (न्यायिक) हर्षवर्धन सिंह के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए हैं और उनकी कार्यशैली व कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वकीलों द्वारा उनके न्यायालय का भी बहिष्कार किया जा रहा है।शनिवार को अधिवक्ताओं ने अपनी नई रणनीति के तहत उनके विरुद्ध प्रतिदिन एक घंटे का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।सवेरे करीब साढ़े 11 बजे वकीलों ने मुख्य भवन में एसडीएम (प्रशासन) अरुण कुमार के कक्ष के सामने दरियां बिछा दीं और धरने पर बैठ गए। इस दौरान वकीलों ने नारेबाजी और सभा भी की।वकीलों को संबोधित करते हुए लायर्स अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि एसडीएम (न्यायिक) का जब तक स्थानांतरण नहीं हो जाता और उनके विरुद्ध जांच व कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा।अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी से मिला जाएगा और 22 मई के बाद नई रणनीति तैयार की जाएगी। तब तक न्यायिक बहिष्कार व प्रतिदिन सांकेतिक धरना जारी रहेगा।वकीलों का धरना एक घंटे तक चला।इस दौरान महासचिव प्रवेश कुमार चौहान,हरीश चंद्र गुप्ता,विमल सक्सेना,नब्बू अली अंसारी,शिव कुमार गुप्ता, नवीन चंद्र गुप्ता,संतोख सिंह खैहरा, मोबीन अंसारी, गौहर अली, अनूप गुप्ता,मोहम्मद युसुफ, देवेंद्र प्रताप सिंह,गिरीश चंद्र गुप्ता,गुलाम अहमद,आदिल खां सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।



धरना देते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा





# सुहागिन महिलाओं ने की बरगद के वृक्ष की पूजा

## पूजा कर महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की, वट अमावस्या का पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया



पूजा अर्चना करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा



शनिवार को वट सवित्री के मौके पर पूजा अर्चना करती महिलाएं।



–जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। जिले भर में शनिवार को वट सवित्री पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया।महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए वट सवित्री की पूजा की। शहर में स्थित मंदिर में वट वृक्ष की पूजा की गई।महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना की। महिलाओं ने बताया कि वे पति की लंबी आयु के लिए वट सवित्री की पूजा होती है। यह पूजा उनके लिए खास होती है।इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पति के साथ मिलकर पूजा की।

शनिवार को वट अमावस्या का पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक माहौल देखने लायक बन गया था। वट वृक्षों के पास महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाली में रोली, अक्षत, जल, फूल, फल, मिठाई और रक्षा सूत्र लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंचीं।उन्होंने व्रत कथा सुनी। वट वृक्ष की परिक्रमा की, धागा बांधकर पति की दीर्घायु की प्रार्थना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।पूजा संपन्न होने के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं। उसके बाद प्रसाद वितरित किया। बुजुर्ग महिलाओं ने युवा पीढ़ी को वट सावित्री व्रत की धार्मिक मान्यता और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व पति-पत्नी के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माता सावित्री ने अपने तप, निष्ठा और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से सुहागिन महिलाएं यह व्रत अखंड सौभाग्य की कामना के साथ रखती हैं।इस पर्व को लेकर बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही। पूजा सामग्री, श्रृंगार के सामान और मिठाइयों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही।

**मंदिरों में रही भीड़**

वट सावित्री व्रत के मौके पर सुहागिन महिलाओं ने बड़े श्रद्धा भाव के साथ पूजा-अर्चना की। प्राचीन मंदिरों में महिलाओं ने विशेष पूजा की।अपने पतियों की लंबी उम्र व सुख- समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली और पूरे माहौल में भक्ति का वातावरण बना रहा।मंदिरों में माता के भजन भी बजते रहे।

### पुजारी ने महिलाओं को सुनाई कथा

सत्यवान सावित्री की कथा सुनाते हुए पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने बताया कि नारी की शक्ति से यम दूत भी परास्त हुए क्योंकि सावित्री देवी महान तपस्वी स्त्री थी। ज्ञानी भी थीं जब जंगल में लकड़ी काटते हुए मृत्यु हो गई और यमदूत सत्यवान को यमलोक लेकर चल पड़े, रास्ते में सावित्री ने यमदूतों से अपने पति को वापस देने की प्रार्थना करते हुए कहा कि मुझे पति दे दो तब यमदूतों ने मना कर दिया।वर मांगने को कहा तभी सावित्री ने यमदूतों से अपने पति से पुत्र प्राप्ति हो यह वर मागा तथास्तु कहकर वह आगे बढ़ने लगे। सावित्री ने कहा कि आपके वरदान को क्या होगा मुझे मेरे पति को वापस दें तभी सत्य होगा, नारी शक्ति और ज्ञान के आगे घुटने टेक दिए नारी को सम्मान दिया। वट वृक्ष की पूजा परिक्रमा करते हुए भक्त महिलाओं ने अपने पति की आयु को लंबी बनाने को प्रार्थना की सामिल महिलाएं गोमती देवी मिश्रा अन्नू मिश्रा शोनल तन्नू ओम खुशी आदि मौजूद रहे।

# नियमों को ताक पर रखकर ऑफलाइन टेंडरों की बंदरबांट: अधिवक्ता नोमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग में बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम और अवर अभियंता (जेई) उमेश बाबू पर आपसी सांठगांठ कर नियमों के विपरीत ऑफलाइन टेंडरों में जमकर धांधली करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता नोमान खान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की हैं।

शासकीय नियमों के अनुसार, 1 लाख रुपये से अधिक लागत के सभी निर्माण और विकास कार्यों के टेंडर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही किए जाने चाहिए। इस नियम का मुख्य उद्देश्य सरकारी धन का सदुपयोग, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। इसके बावजूद, रामपुर नगर पालिका में नियमों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। आरोप है कि मोटी रकम और कमिशन लेकर चहेते ठेकेदारों को मानकों के विपरीत बैकडेट और ऑफलाइन टेंडर बेचे जा रहे हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया से बचने के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स को जानबूझकर छोटे-छोटे हिस्सों में तोड़ा जा रहा है ताकि उन्हें ऑफलाइन दिखाकर बड़ा घपला किया जा सके। इस पूरी प्रक्रिया में न तो किसी पारदर्शिता का पालन किया जा रहा है और न ही निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय से मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों, शासन और सतर्कता विभाग (विजिलेंस) से इस टेंडर घोटाले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की जा रही है। मांग की गई है कि सना खानम और जेई उमेश बाबू के कार्यकाल में हुए समस्त ऑफलाइन टेंडरों की फाइलों को तुरंत जब्त कर जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



# ऑनलाइन विभागीय कार्यों पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी एवं मौजूद पुलिस कर्मी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर**। प्राथमिक विद्यालय स्योंडरा में न्याय पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न हुई। ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूल सुरक्षा और ऑनलाइन विभागीय कार्यों पर चर्चा हुई। प्राथमिक विद्यालय स्योंडरा में शनिवार को न्याय पंचायत बबूरा के सभी प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज अध्यापकों की बैठक आयोजित की।

बैठक ग्रीष्म कालीन अवकाश के दृष्टिगत विद्यालयों के कीमती सामानों व उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा वर्तमान में चल रहे विभिन्न विभागीय ऑनलाइन कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर चर्चा हुई। चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने गाइडलाइन दी।बैठक की अध्यक्षता धमोरा चौकी इंचार्ज महेंद्र पाल सिंह द्वारा की। चारों तरफ की खिड़कियों और दरवाजों को लोहे की ग्रिल आदि से मजबूत करवा लें।कीमती सामानों को सुरक्षित स्थानों पर रखें ताकि चोरी की गुंजाइश न रहे।

विभागीय ऑनलाइन कार्यों की समयबद्धता पर जोर दिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एआरपी एवं जिलाध्यक्ष एआरपी शिक्षक संघ, पृथ्वी सिंह ने शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न डिजिटल और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। एआरपी पृथ्वी सिंह ने सभी को अवगत कराया 19 मई 2026 से ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो रहे हैं। बैठक में न्याय पंचायत बबूरा के नोडल शिक्षण संकुल सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और इंचार्ज अध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित रहे और सभी ने सुरक्षा व विभागीय निर्देशों का पूर्ण पालन करने का संकल्प लिया।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

- **सहकारी दुकानों और सहकारी समितियां पर यूरिया खाद किया जा रहा है ब्लैक**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में बिलासपुर तहसील परिसर में एकत्रित हुए। किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि यूरिया खाद किससानों को नहीं मिल पा रहा है। सहकारी दुकानों और सहकारी समितियां पर यूरिया खाद ब्लैक किया जा रहा है।

पूर्व में हुई बे मौसम बारिश, तूफान के कारण किसानों की बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा, प्राइवेट स्कूल मालिकों की मनमानी रोके जाने को लेकर बिलासपुर तहसील परिसर में तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी अरुण कुमार को चार सूत्र ज्ञापन दिया।

किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसानों को यूरिया खाद की बहुत आवश्यकता पड़ रही है लेकिन खाद नहीं मिल पा रहा है किसानों को बिना वजह परेशान किया जा रहा है।बे मौसम बारिश से पूर्व में किसानों की फैसले खराब हो गई थी लेकिन किसानों को अभी तक पूर्ण मुआवजा नहीं दिया गया है किसानों को अतिशीघ्र मुआवजा दिलाया जाए। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है मनमानी फीस वसूल रहे हैं।इन सभी की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ राजा, साबिर अली, मोहम्मद अहकाम मिर्जा, सतनाम सिंह, जीत सिंह, जमुना प्रसाद, इमरान खान, अकरम खान, मतलूब हसन, लियाकत खान, कदीर, बलविंदर सिंह, वीरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह गोपी, किशन बाबू अली आदि मजबूत रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई

**बिलासपुर**। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू जागरूकता एवं रोकथाम के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पदम सिंह द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डेंगू की रोकथाम एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी (आयुष) डॉ. वी.के. शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सिंह सोलंकी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारिक इमरान, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार गौतम सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ईवी कार और सोलर ऊर्जा अपनाकर पृथ्वी दे रहे हरित भारत का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



ईवी कार के साथ मौजूद पृथ्वी सिंह।

**रामपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली सोच से प्रेरित होकर एआरपी संघ के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने इलेक्ट्रिक कार से विद्यालयों में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करना प्रारंभ कर दिया है। अन्य वाहन होने के बावजूद उन्होंने पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता प्रदर्शित करते हुए ईवी कार पहले ही खरीद ली थी। वर्तमान में वह विकासखंड मिलक में कार्यरत हैं तथा अपनी इलेक्ट्रिक कार से ही विद्यालयों का सुपरविजन कर रहे हैं।

पृथ्वी सिंह ने बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण, पेट्रोल-डीजल की उचित बचत तथा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहन आज की सबसे बड़ी जरूरत बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रयास करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है।विशेष बात यह है कि पृथ्वी सिंह वर्ष 2016 से ही अपने खेतों की सिंचाई एवं घरेलू विद्युत आपूर्ति के लिए सोलर पैनलों का उपयोग कर रहे हैं। उनके प्रेरित करने पर आसपास के अनेक क्षेत्रों में भी लोगों ने सोलर पैनल स्थापित कर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी यह सोच क्षेत्र में लगातार प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब अधिकारी स्वयं पर्यावरण हित में कार्य करते हैं तो समाज और विद्यार्थियों में भी सकारात्मक संदेश जाता है।

**बैठक** सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सूचना आयुक्त ने दिए दिशा-निर्देश

# बोर्डों पर भी जन सूचना अधिकारी का विवरण अंकित कराया जाए: स्वतंत्र प्रकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर**। राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने संत शिरोमणि सर्किट हाउस सभागार में विभिन्न विभागों के जनसूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के संबंध में जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि आवेदकों द्वारा मांगी गई सूचनाएं निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराना तय किया जाए। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों को दिए अधिकारों का पूर्ण अनुपालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम का गहन अध्ययन करें तथा सूचना का अधिकार को भी ऑनलाइन कर दिया गया है। राज्य सूचना आयुक्त ने निर्देश दिए कि यदि कोई सूचना आवेदन संबंधित कार्यालय से सम्बन्धित न हो तो उसे समय रहते संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए। ताकि आवेदक को समय पर सूचना प्राप्त हो सके।

उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों के सूचना पट्ट पर जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। साथ ही जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी ग्राम सभाओं के मिनी सचिवालयों के दीवार, बोर्डों पर भी जन सूचना अधिकारी का विवरण अंकित कराया जाए।

बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित आरटीआई आवेदनों, उनके समयबद्ध निस्तारण एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों तथा सूचना उपलब्ध कराते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आरटीआई का मुख्य उद्देश्य शासन के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को मजबूत करना है। इसलिए विभागों में प्राप्त होने वाले आरटीआई आवेदनों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध निस्तारण तय किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल, जिला विकास अधिकारी हरीश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजली अग्रवाल तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में पंजीकरण की तिथि बढ़ी, 25 मई तक करें आवेदन

**रामपुर**। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग का संचालन राजकीय रजा इण्टर कॉलेज में किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सिविल सेवा परीक्षा, नीट यूजी तथा वन डे एग्जाम की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया जनपद में जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी विकास भवन रामपुर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा नं. 13 में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज फोटो एवं शैक्षणिक अभिलेखों जैसे हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा स्नातक की अंकतालिकाओं की छायाप्रति साथ लानी होगी।उन्होंने बताया कि यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है। योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में पंजीकरण की अंतिम तिथि पूर्व में 20 मई 2026 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 25 मई 2026 कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई तक आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



एडीएम को गुलदस्ता देते जिला प्रवक्ता।

### एडीएम का तबादले होने पर रय्यान ने की मुलाकात

**रामपुर**। आम आदमी पार्टी के जिला प्रवक्ता रय्यान अली खान ने एडीएम एफआर संदीप कुमार वर्मा के तबादले पर उनके कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की। उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रय्यान अली खान ने कहा कि संदीप कुमार वर्मा जैसे ईमानदार और बेहतरीन अधिकारी समाज के कमजोर और गरीब तबकों के लिए उम्मीद की मिसाल होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन में आप जैसे अधिकारी हों तो किसी गरीब का उत्पीड़न नहीं हो सकता और न ही कोई पात्र व्यक्ति किसी योजना से महरूम रह सकता है।कार्यकाल में अपनी कलम के जरिए कमजोर और जरूरतमंद लोगों के हित में जो फैसले लिए, वह काबिले-तारीफ हैं। उन्होंने आगे कहा कि रामपुर को ऐसे बेहतरीन अधिकारी की ज़रूरत थी, जिन्होंने इंसाफ और दिलचस्पी के साथ जनता की समस्याओं को सुना और उनका फौरन तौर पर समाधान किया।



बैठक को संबोधित करती सीओ बिलासपुर। –जागरण मोर्चा

### बकरीद पर प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें:हर्षिता

**बिलासपुर**। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने कहा कि बकरीद पर प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें और सड़कों पर नमाज़ भी अदा न करें।पर्व को आपसी सौहार्द और भाईचारे से मनाकर एकता का परिचय दें।शनिवार की दोपहर बारह बजे स्थानीय कोतवाली परिसर के टीनशैड में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) हर्षिता सिंह अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नही होगी और सड़कों पर नमाज़ अदा न करते हुए समयानुसार ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करें।इसी के साथ कुर्बानी के दौरान पशुओं के अवशेष खुले में न डालें ताकि किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत हो। उन्होंने यह भी कहा कि ईदगाहों और मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित रखें। इस दौरान उन्होंने समस्याएं भी सुनी और पर्व से पहले ही त्वरित समाधान के लिए पालिका और पुलिस को निर्देशित किया।इस मौकें पर अधिशासी अधिकारी डॉ नितिन कुमार गंगवार, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार, धन्नूमल बंसल बंसल, राजीव अग्रवाल, सुदर्शन मदान, हाफिज ताहिर, डॉ. शमीम हसन, सुनील गुप्ता, जोगपाल सिंह, मोहम्मद अनस खां, मोहम्मद इमरान, कामिल खां, फैजान खां, सलमान मिर्जा, अहकाम मिर्जा, दुष्यंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



भंडारेमें प्रसाद ग्रहण करते भक्त। –जागरण मोर्चा

### शनिदेव महाराज की शोभायात्रा व प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**रामपुर**। पुराना गंज स्थित दुर्गा मंदिर में शनिवार को भगवान शनिदेव महाराज की शोभायात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व भंडारा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची।यात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।इसके बाद पंडित संजय शर्मा व पंडित अरुण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ शनिदेव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। यजमान द्वारा पूजा-अर्चना कर भक्तों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति में महेंद्र सक्सेना, राजू कुमार, नरेश कुमार, विनोद कुमार, अमित, राजीव कुमार प्रजापति, छत्रपाल, गुड्डू हलवाई, आकाश, रवि, उमेश, शिव शंकर, अशोक कुमार उपस्थित रहे। सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार वृद्ध ज़ख्मी, हालत गंभीर

**शाहबाद**। शनिवार को रामपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार वृद्ध जख्मी हो गए। जिनको एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया।मिली जानकारी के अनुसार निवासी 70 वर्षीय वृद्ध शाकिर अपनी बाइक से जा रहे थे।तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाकिर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा 12वें मासिक भंडारे का आयोजन संपन्न

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के "एक मुट्ठी अनाज" अभियान के तहत पीतल बस्ती रोडवेज के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 12वें मासिक भंडारे का आयोजन किया गया। अमावस्या पर आयोजित इस भंडारे में भीषण गर्मी को देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को शिकंजी प्रसाद का वितरण किया गया।राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल उद्देश्य है और इस अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगले महीने इस भंडारे का वार्षिक उत्सव बेहद भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस धार्मिक आयोजन में गौरव सैनी, ललित सैनी, विजय शर्मा और अभिषेक श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# व्यवहार और कार्य पद्धति ही संगठन की ताकत

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग के द्वितीय दिवस का आयोजन शनिवार को अत्यंत गरिमामयी और अनुशासित माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे कार्यकर्ताओं के जागरण और पारंपरिक शाखा-योग-प्रार्थना से हुई, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प लिया गया।

सप्तम सत्र की शुरुआत में हरिओम शर्मा (क्षेत्रीय महामंत्री एवं क्षेत्र संयोजक प्रशिक्षण अभियान) के संबोधन से शुरू हुई। उन्होंने पार्टी का इतिहास, विकास, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानव दर्शन और पंचनिष्ठाएँ' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि हमारी विचारधारा की जड़ें एकात्म मानव दर्शन में हैं, जो समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय (अंत्योदय) की बात करता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ही हमारे संगठन की मुख्य आत्मा है। अष्टम सत्र में संगठन की कार्य पद्धति' विषय पर गंभीर चर्चा हुई। इसमें सहारनपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत अरोड़ा ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसकी कार्य पद्धति और कार्यकर्ताओं के परस्पर व्यवहार पर टिकी होती है। नवम सत्रः में सबसे आधुनिक और तकनीकी सत्र मीडिया विमर्श एवं सोशल मीडिया' पर आधारित रहा। जिसमें आईटी सेल और सोशल मीडिया के क्षेत्रीय संयोजक निमित जायसवाल एवं अभिषेक मिश्रा ने वर्तमान दौर में नई तकनीक एआई-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के प्रभावी उपयोग, सटीक सूचना तंत्र और संगठन के पक्ष में सकारात्मक परसेप्शन (धारणा) निर्माण पर विशेष जोर दिया। अंतिम सत्र में बल्देव औलख राज्यमंत्री ने सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं एवं क्रियान्वन में संगठन की भूमिका विषय पर विस्तार में बताते हुए कहा कि हमारी सरकार में गरीब कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार का एकमात्र लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का उत्थान करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारी नीतियों का असली लाभ तभी मिलता है जब संगठन और प्रशासन मिलकर पूरी निष्ठा के साथ काम करें। सरकार नीतियां और योजनाएं तो बना देती है, लेकिन धरातल पर उन्हें पूरी तरह लागू करने और जनता को जागरूक करने के लिए एक मजबूत कड़ी की जरूरत होती है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोग अक्सर जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं (जैसे- आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना आदि) के लाभ से वंचित रह जाते हैं। संगठन कैंप लगाकर लोगों को इनके प्रति जागरूक करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। इस दौरान मोहन लाल सैनी, हेमंत राजपूत, राजेश सिंघल, भीष्म शर्मा, डा. नरेंद्र सिंह, मंजू दिलेर, अजीत कुमार उर्फ राजू, गीता प्रधान, गजराज सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, चंद्रपाल सिंह, अंजू चौधरी, राजकुमार ठाकरे, विरलेश यादव, मनोज कठेरिया, शिल्पी गुप्ता, प्रभात शर्मा, लता वार्ष्णेय, योगेंद्र त्यागी, विकास वार्ष्णेय, विपिन गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अवधेश प्रताप, दीपक यादव, टीएस पाल, चंद्रसेन राणा, विशाल चौहान, देवचंद्र सेनी, मुकुल रस्तोगी, अंकित जैन, शुभम अग्रवाल, विपिन गुप्ता, यश मदान, विजय राघव, मोक्षिका शर्मा, सोनू चाहल, शीनू गुप्ता आदि रहे।



संजीवनी पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम का फीताकाटकर उद्घटन करती पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।

# 16वां वार्षिकोत्सव समारोह के साथ धूमधाम से सपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनसेवा समिति का 16वां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात चेयरमैन लता वार्ष्णेय, निर्मला वीना गुप्ता, शालिनी गर्ग, ब्रजबाला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के मनमोहक नृत्य पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को तौलिया भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में सेवा और सम्मान की भावना भी देखने को मिली। इस दौरान मौसम गुप्ता, राजीव लोचन, राजेश शर्मा, सर्वेश चीनी, चेतन मिश्रा, संजीव, नवकांत सभासद, जयशंकर दुबे, राजेश चौहान, दाताराम भारती, गौरव एके. जी, रामबहादुर शर्मा, राजेश रस्तोगी, रवि, बगेश, अमन शर्मा, सौरभ, मनीष, डेविड कश्यप सहित मौजूद रहे।



# श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** वट अमावस्या (ज्येष्ठ अमावस्या) पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए ब्रजघाट और तिगरी दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करके उगते सूर्य को अर्ध्य प्रदान किया और पुरोहितों से धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा पाठ कराया। पुरोहितों और निर्धनों को नकद धनराशि और वस्त्र आदि का दान किया। बता दें कि वट अमावस्या का पौराणिक महत्तव है। इसी मान्यता के चलते शनिवार को गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रजघाट में तो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हापुड़ जैसे दूर-दराज के स्थानों तक भी श्रद्धालुओं ने दस्तक दी। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ स्नान किया और प्रसाद चढ़ाकर गंगा मैया से सुख, शांति की प्रार्थना की। पितरों को भी जल अर्पित किया।

# अमोनिया गैस के रिसाव में लोगों में मचा हड़कंप

- दो घंटे घरों से बाहर रहे लोग, चेहरे पर कपड़ा बांधा और लगाया मास्क
- दमकल ने मैंथा फैक्ट्री व कोल्ड स्टोरेज पहुंच की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली व बनियाठेर थाना क्षेत्रों में शुक्रवार की रात 10 बजे अमोनिया गैस रिसाव से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। सूचना पर प्रशासन अलर्ट हुआ और दमकल ने फैक्ट्रियों में पहुंच अमोनिया गैस की जानकारी ली। शिकायत पर एसडीएम ने भी प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक लोग घरों से बाहर रहे। इसके बाद गैस का प्रभाव कम होने पर लोगों ने राहत महसूस की।

कोतवाली क्षेत्र के प्रगति विहार, भगवती विहार, कृष्णा नगर व गांव अकबरपुर चितौरी व बनियाठेर क्षेत्र के अशोक नगर व गांव देवरखेड़ा में शुक्रवार की 10 बजे हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोगों को घरों में सास लेने पर दिक्कत, खुजली, आंखों में जलन होने लगी। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर यह हो क्यों रहा है। लोगों ने एक-दूसरे को अपनी-अपनी समस्या बताई। इसके बाद क्षेत्र में अमोनिया गैस रिसाव होने की चर्चा होनी शुरू हो गई।

घरों में लोगों को अधिक समस्या होने पर महिला-पुरुष व बच्चे घरों से बाहर खुले में आ गए और ज्यादा दिक्कत होने पर चेहरे पर कपड़ा बांधने के साथ मास्क लगा लिया। इसके बाद घटना की सूचना एसडीएम व दमकल को दी गई। क्षेत्र में अमोनिया गैस का रिसाव होने पर सूचना पर दमकल विभाग हरकत में आया और आसपास क्षेत्र में मैंथा फैक्ट्रियां व कोल्ड स्टोरेज आदि पर पहुंच अमोनिका गैस रिसाव की जानकारी ली। मगर यह जानकारी नहीं हो सकी कि अमोनिया गैस का रिसाव हो कहां से रहा था। रात करीब 12 बजे गैस की दुर्गंध कम होने पर लोगों ने राहत महसूस की। शनिवार की सुबह एसडीएम नीतू रानी ने क्षेत्र में पहुंच लोगों से जानकारी की।


अमोनिया गैस रिसाव की सूचना पर मैंथा फैक्ट्री पर पहुंची दमकल विभाग की टीम।

## संक्षेप समाचार


परामर्श केंद्र पर पति पत्नी के विवाद को सुनते काउंसलर। -जागरण मोर्चा

### 20 पत्रावलियों का निस्तारण, छह परिवार को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक थानाध्यक्ष डा. रूकमपाल सिंह अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जिसमें काउंसलिंग के दौरान 74 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 6 परिवारों को मिलाया गया एवं 4 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई, तथा 10 पत्रावलियों पर आवेदिका/आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिए जाने के कारण बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव,कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबिता शर्मा तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति आदि मौजूद रहे।


समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एसडीएम व सीओ।

### 56 शिकायतों में 5 का हुआ मौके पर निस्तारण

**चन्दौसी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान 56 शिकायतें आईं और मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नीतू रानी व सीओ दीपक तिवारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 16, पुलिस की 8, चकबंदी की 11, विकास की 8, खाद्य एवं रसद विभाग की 3, समाज कल्याण की एक तथा अन्य 9 शिकायतें आई। जिसमें कुल 56 शिकायतों में से राजस्व विभाग की 2, पुलिस की 1 व चकबंदी की 1 तथा एक अन्य शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंसर ही नहीं, हृदय रोग भी देता तंबाकू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित नानंक चंद्र आदर्श इंटर कालेज में जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया। जिसमें नशा छोड़ने को लेकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत मिशन के काउंसलर विनीत शर्मा ने कहा कि तंबाकू केवल कैंसर नहीं बल्कि हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां, दमा और मसूड़े के रोगों का प्रमुख कारण है। सिगरेट पीने वाले से ज्यादा खतरा उसके आसपास मौजूद परिवार के सदस्यों (बच्चों और महिलाओं) को होता है। तंबाकू कंपनियां युवाओं को कैसे आकर्षित करती हैं। उन्होंने आगे तंबाकू सेवन के साथ बीमारियों के इलाज में होने वाले भारी खर्च के बारे भी जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने बताया कि तंबाकू छोड़ने के 20 मिनट बाद ही शरीर में सुधार शुरू हो जाता है। नशा छोड़ने के लिए निकोटीन पैच या च्युंइगम तथा तंबाकू छोड़ो हेल्पलाइन पर काल करके मदद ले । इन तरीकों से हम स्वस्थ्य जीवन की ओर प्रेरित हो सकते हैं। वक्ताओं ने अंत में कहा कि तंबाकू को ना कहें, जीवन को हां कहें। तंबाकू से रखना दूरी स्वास्थ्य के लिए है बहुत जरूरी। जीवन का रुख मोड़ दीजिए, तंबाकू सेवन छोड़ दीजिए। गुटखा खाकर, पान चबाकर नहीं बढ़ेगा सम्मान आदि से छात्रों को प्रेरित किया तथा सभी को तंबाकू ना सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डा. सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, सुभाष रूस्तगी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, इंदू अग्रवाल, मीना वाष्र्णेय, रेखा रस्तोगी, रानी अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल आदि रहे।



नशा छोड़ने को लेकर छात्रों को जागरूक करते। -जागरण मोर्चा

## चेक बाउंस वादों की कानूनी जानकारी दी

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय परिसर में चैक बाउंस संबंधी वादों के विषय पर अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई द्वारा स्वाध्याय मंडल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रवीण गुप्ता ने बताया कि चेक संबंधी मामले संक्षिप्त विचारण (समरी ट्रायल) के वाद होते हैं। अदालतों को निश्चित समय सीमा के अंदर मुकदमें निस्तारित करने होते हैं। चेक अनादृत होने के 30 दिन के अंदर नोटिस भेजना आवश्यक है। नोटिस में 15 दिन की समय सीमा निर्धारित है तथा नोटिस की अवधि के अगले 30 दिनों में मुकदमा अदालत में पेश करना होता है। इस अवसर पर विभोर बंसल, श्रीगोपाल शर्मा, विष्णु शर्मा, अविरल गुप्ता, अमरीश कुमार, नवनीत कुमार, सुजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही पर भड़के किसान तहसील में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। किसानों ने प्रशासन पर शिकायतों को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा एवं तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो मौके पर जांच की जाती है और न ही शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण किया जाता है। किसानों ने आरोप लगाया कि शिकायत पत्रों को महज औपचारिकता बनाकर रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर किया जाए, लेकिन स्थानीय प्रशासन इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

## जल्द जिला मुख्यालय घेरेगी भाकियू टिकैत

**चन्दौसी।** श्योराजपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पंचायत और सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें नहर मुआवजे में धांधली, बिजली, चकबंदी और यूरिया की किल्लत जैसी क्षेत्रीय समस्याओं पर मंथन हुआ। भाकियू के पश्चिमी यूपी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रशासन की अनदेखी से किसानों में भारी आक्रोश है। समाधान न होने पर किसानों ने जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी है। आगामी 20 मई को बहजोई में किसान दिवस के बाद आंदोलन की रणनीति तय होगी। साथ ही, 15 से 18 जून तक हरिद्वार राष्ट्रीय चिंतन शिविर में जनपद की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और विशाल भंडारा चलाने का निर्णय लिया गया।

# टाण्डा क्षेत्र में चोरी: अज्ञात चोरों ने घर से उड़ाए 7 लाख रुपये के आभूषण व नगदी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टाण्डा (रामपुर)।** कोतवाली टाण्डा क्षेत्र के ग्राम धनूपुरा मझर अपलगढ़ में शुक्रवार की रात्रि को चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने जगपाल सिंह के घर में सेंध लगाकर सोने-चांदी के आभूषणों व नकदी की चोरी कर ली।

जगपाल सिंह पुत्र इन्दल सिंह ने प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में बताया कि 15 मई की रात को उनके घर में चोर घुस आए। उस समय घर पर उनका बेटा पुष्पेन्द्र, पत्नी काजल और माता विकेश देवी सो रहे थे। पीड़ित के अनुसार चोरों ने अलमारी और संदूक में रखे मंगलसूत्र, कंठी,जोड़ी सोने के कुंडल,जोड़ी सोने की चेन,5 चांदी के सिक्के,नकदी 70,000 साफ कर दिए। पीड़ित ने चोरी का अनुमानित मूल्य लगभग 7 लाख बताया है। गृहस्वामी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे जब परिवार जागा तो चोरी का पता चला। गांव से करीब 200 मीटर पूर्व दिशा में चोरों द्वारा फेंका गया संदूक और कुछ अन्य सामान बरामद हुआ है, लेकिन चोर अभी फरार हैं। इस घटना से प्रभावित परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में भय का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर लूटा गया सामान बरामद करने की मांग की है।


चोरी की जानकारी देते गृहस्वामी एवं घर में बिखरा पड़ा सामान। -जागरण मोर्चा

## 15 दिन से ठप बिजली सप्लाई से बेहाल किसान

**ठाकुरद्वारा।** गोपीवाला और निर्मलपुर के जंगल में स्थित दर्जनों निजी समरसेबल पंपों की बिजली आपूर्ति पिछले 15 दिनों से ठप है। इससे किसानों की गन्ने और हरे चारे की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। विद्युत विभाग की इस लापरवाही और उदासीनता के खिलाफ शनिवार को आक्रोशित किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया।किसान होरी सिंह ने बताया कि जूनियर इंजीनियर और लाइनमैन से कई बार फेज जोड़ने व फाल्ट ठीक करने की गुहार लगाई गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। भीषण गर्मी में सिंचाई ठप होने से किसान आर्थिक संकट में हैं। चेतावनी दी कि यदि जल्द आपूर्ति सुचारु नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। इस मौके पर राजवीर सिंह, कुलदीप सिंह और जसपाल सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# बच्चों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** यातायात विभाग की ओर से सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में दुर्घटनाओं में कमी लाने को यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में यातायात विभाग के मुख्य आरक्षी सचिन कुमार ने स्कूली बच्चों को सड़क संकेतों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

जिसमें बताया कि तीन तरह के सड़क संकेत होते हैं। आदेशात्मक,चेतावनी सूचक व सूचनात्मक, अगर हम इन सड़क संकेतों का पालन करेंगे, तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और कार्यक्रम में चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को सड़क पर सुरक्षित चलने के बारे में समझाया गया। जिसमें पैदल यात्री फुटपाथ पर चले और स्कूल आते-जाते समय सड़क पर दाएं-बाएं देखकर सड़क पार करें। स्कूल आते-जाते समय निर्धारित स्टॉप पर उतरे स्कूली बच्चों को बताया कि विद्यार्थी का जीवन अनुशासन से भरा होता है। अगर हम यातायात निगमों को भी अपने जीवन में अनुशासन की तरह पालन करें तो हम दुर्घटनाओं से बचे रहेंगे और स्कूली बच्चों को घायल व्यक्ति की मदद के लिए भी प्रेरित किया गया। स्कूली बच्चों को राह-वीर योजना के विषय में जानकारी दी गई। बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई और बच्चों से नारा भी दिलवाया गया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा और बच्चों को बताया गया कि जीवन अनमोल है आप देश का भविष्य है।


कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते यातायात पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

# डंपर ने साइकिल सवार को कुचला

## भीड़ को चकमा देकर फरार हुआ चालक, प्रशासन की 'कागजी सख्ती' पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा की सड़कों पर नो एंट्री के बावजूद बेलगाम दौड़ रहे डंपर आखिरकार एक और बड़ी दुर्घटना का कारण बन गए। शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार युवक को पीछे से रौंद दिया, जिससे उसके दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। हादसे के बाद चालक भीड़ को चकमा देकर मौके से फरार हो गया, जबकि घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। लेकिन देर रात्रि उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई मौत की सूचना पर परिजनों में कोरा में मच गया ।

नगर के वार्ड नंबर 22 निवासी 35 वर्षीय मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद समीम शुक्रवार शाम सिंचाई विभाग कॉलोनी के निकट अपनी साइट से साइकिल द्वारा मजदूरी करने केबाद साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और डंपर उसके दोनों पैरों को कुचलता हुआ निकल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और ठाकुरद्वारा-रतूपुरा मार्ग पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। लोगों ने किसी तरह घायल युवक को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर जमकर सवाल उठाए।


मौके पर खड़ा डंपर व लोगों की जमा भीड़। -जागरण मोर्चा


घटनास्थल पर पड़ी साईकिल।

लोगों का कहना था कि ठाकुरद्वारा में नो एंट्री नियम सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। दिन हो या रात, भारी डंपर बेखौफ सड़कों पर दौड़ते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब तक कई लोग इन डंपरों की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं, जबकि दर्जनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं, फिर भी कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। लोगों ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रशासन को भारी वाहनों से नहीं, सिर्फ बाइक सवारों से खतरा दिखाई देता है। यही वजह है कि शहर के चौराहों पर बाइक चालकों की चेकिंग तो रोज होती है, लेकिन मौत बनकर दौड़ रहे डंपरों पर कोई लगाम नहीं लगाई जाती। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मंडी समिति में खड़ा करा दिया है। वहीं कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि घायल को उपचार के लिए उत्तराखंड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन देर रात युवक की मौतहो गई ।डंपर चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पति व बेटे बहू की प्रताड़ना से दर-दर भटक रहा पीड़ित परिवार

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी ससुर द्वारा छोटी पुत्रवधु पर गलत नीयत रखने और विरोध करने पर पूरे परिवार को मारपीट कर घर से निकालने का संगीन आरोप लगा है। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि उसका पति अपनी छोटी पुत्रवधु पर बुरी नज़र रखता है। विरोध करने पर पति, बड़े बेटे और बड़ी बहू ने मिलकर पीड़िता, उसके छोटे बेटे, पुत्रवधु और अविवाहित पुत्री को लोहे की रॉड से पीटकर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। 22 मार्च से पीड़ित परिवार अपनी जान बचाने के लिए गाँव से बाहर दर-दर की ठोकरें खा रहा है। पीड़िता ने आरोपी पति, बड़े बेटे, वह बड़ी बहू के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीडिता का कहना है कि इससे पूर्व कोतवाली में एक तहरीर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने कोई कानून कार्यवाही नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक शिकायती पत्र भेजा है।

## 147 दिन से धरना, किसान बेहाल, समाधान नहीं

**गजरौला।** एनएच-9 के किनारे नाईपुरा शाहबाजपुर डोर गांव में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना शनिवार को 147वें दिन भी जारी रहा। धरने पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि एक फैक्ट्री द्वारा केमिकल युक्त पानी जमीन में डालने से गजरौला क्षेत्र का भूजल पूरी तरह खराब हो चुका है। किसान लंबे समय से शुद्ध पेयजल की मांग कर रहे हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं।प्रशासनिक बेरुखी से नाराज किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो 24 मई को फैक्ट्री के सामने महापंचायत बुलाकर तालाबंदी की जाएगी। इस दौरान इकबाल सैफी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का नया प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पंचायत की अध्यक्षता हाजी नन्नू सैफी और संचालन जोगिंदर सिंह ने किया। धरने पर अमरजीत देवल, चंद्रपाल सिंह और होमपाल सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


स्कूल में हुआ फ्रूट पार्टी का आयोजन। -जागरण मोर्चा

## चौ. टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हुआ फ्रूट पार्टी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर स्थित एक विद्यालय में फ्रूट पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा जमकर आनंद लिया गया। वहीं बच्चे पार्टी में रंग बिरंगी एवं आकर्षक पोशाकों को पहनकर विद्यालय आए थे। वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा सफल आयोजन के लिए स्टाफ को धन्यवाद दिया। नगर स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय प्रशासन द्वारा रंगारंग फ्रूट पार्टी का आयोजन किया गया, फ्रूट पार्टी में मौसम के अनुसार विभिन्न प्रकार के फलों का बच्चों द्वारा जमकर आनंद लिया गया। वहीं पार्टी के अवसर पर अभिभावकों द्वारा बच्चों को रंग बिरंगी एवं आकर्षक पोशाकों में विद्यालय भेजा गया था। इस दौरान प्रबंधिका इंद्रेश देवी, प्रधानाचार्य वरुण मोहन, शिखा गुप्ता, अमर प्रिंस सहित समस्त स्टाफ रहा।

# पुलिस की कार्यप्रणाली समझने पहुंचे छात्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** चौ. टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने शनिवार को कोतवाली का भ्रमण किया। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली को समझा। महिला हेल्प डेस्क के बारे में जाना। एफआईआर दर्ज कराने से लेकर विवेचना और चार्जशीट के बारे में भी जानकारी की।

चौ. टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं कोतवाली पहुंचीं। जहां पर प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी एवं अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बच्चों को महिला हेल्पलाइन, शस्त्रागार, वाहन परिसर, डाक कक्ष, अभिलेखागार आदि दिखाए। साथ ही बच्चों को हेल्प लाइन नंबर जैसे- महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 आदि की जानकारी दी। कहा कि कोतवाली में जो भी एफआईआर दर्ज होती है। उसका एक रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। अपराधियों का एक अलग रजिस्टर होता है। उसमें अपराधियों के नाम और कितने मामले दर्ज हैं, सब अंकित किया जाता है। इस दौरान चौ. टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिवार के द्वारा कोतवाली पुलिस को 25 पौधे भेंट किए गए।


चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने कोतवाली पुलिस को दिए पौधे। -जागरण मोर्चा


कोतवाली का भ्रमण करते हुए छात्र एवं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# 3 फरियादियों को तुरंत मिला न्याय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में 27 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची 24 शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शासन के निर्देश पर शनिवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्राधिकार पंकज त्यागी द्वारा फरियादियों की फरियादें सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 10, चकबंदी विभाग की 8, पुलिस विभाग की 7 एवं विकास विभाग 2 कुल मिलाकर 27 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से अधिकारियों द्वारा मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची हुई 24 शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर मौके पर जाकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

▸ बाकी 24 शिकायतों के लिए अधिकारियों को मौके पर जाकर जल्द निपटारे के निर्देश

## मायके से पत्नी नहीं लौटी, युवक ने लगाई फांसी

**हसनपुर।** सैद नंगली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने कमरे के अंदर पंखे से प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अपने पीछे 3 बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी कुछ समय से मायके में थी। पत्नी के वापस न आने से वह काफी समय से परेशान चल रहा था। वहीं, मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दबी जुबान से चर्चा करते हुए बताया कि करीब 15 दिन पूर्व मृतक का अपने साले से विवाद हुआ था, जिसमें साले ने उसे थप्पड़ मार दिया था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद और पत्नी के न आने के गम में उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

# शराब के नशे में धुत होमगार्ड ने बीच सड़क पर मचाया उत्पात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक अड्डे पर तैनात एक होमगार्ड ने जमकर उत्पाद मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब के नशे में धुत होमगार्ड का मेडिकल परीक्षण कराया है। कोतवाली में तैनात होमगार्ड की ड्यूटी नगर के संभल अड्डे पर है।

शनिवार की सुबह होमगार्ड के द्वारा कोतवाली में अपने अधिकारी के साथ फोटो खिंचवाने के बाद वह ड्यूटी करने के लिए नगर के संभल अड्डे पर चला गया। वहां जाते ही होमगार्ड ने शराब का सेवन कर लिया और वह शराब पीकर नशे में धुत हो गया। इसके बाद होमगार्ड नव्वा गद्दी की कोठी के निकट होमगार्ड बीच सड़क पर खड़ा होकर वाहनों को रोकने लगा। वहां मौजूद राहगीरों के द्वारा होमगार्ड को काफी समझाया गया लेकिन वह नहीं माना। आखिर में वह सड़क पर ही औधे मुंह गिर गया। जिसे राहगीरों ने सड़क से हटाकर फुटपाथ पर लिटा दिया गया। शराब के नशे में धुत देखकर राहगीरों के द्वारा कोतवाली प्रभारी को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी के द्वारा तुरंत पुलिस को मौके पर भेज कर होमगार्ड को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया।


नशे में सड़क किनारे पड़ा होमगार्ड।

# परीक्षित मोक्ष प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गाव उधनपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के सप्तम दिन भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने फीता काटकर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया एवं अंतिम दिवस पर कथावाचक देव कृष्ण महाराज के द्वारा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत त्रिवेणी संगम हुआ।

श्रीधाम वृन्दावन से पधारे भागवताचार्य देवकृष्ण जी महाराज ने अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को दिव्य श्रीकृष्ण लीलाओं का रसपान कराया। कथा व्यास ने कंस वध, अलौकिक रुक्मिणी विवाह तथा निश्छल भक्ति के प्रतीक सुदामा चरित्र का वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि "हरि अनंत हरि कथा अनंता, कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता।" भगवान केवल अनन्य प्रेम और श्रद्धा के भूखे हैं। महाराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का विस्तृत विवेचन करते हुए प्रतिपादित किया कि भागवत कथा श्रवण मानव जीवन के समस्त कलुषों का शमन कर मोक्ष प्रदायिनी है। कथा के पूर्णाहुति अवसर पर महाआरती एवं विदाई वेला में समस्त परिक्षेत्र जयघोष से गुंजायमान रहा। इस इस अवसर पर लाखन सिंह डीलर, राजू चौहान सिंह, हुकम सिंह, संजय सिंह, जसवंत सिंह, जगपाल ठाकुर, कमल सिंह, बंटी, शीशपाल, पूरन सिंह, धर्म सिंह, मुकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।


श्रीमद् भागवत कथा को सुनते हुए भक्त। -जागरण मोर्चा

# 'हर घर नल योजना' के लिए ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक शनिवार को नगर के तहसील परिसर स्थित कृषि कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसके बाद देश की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर सबसे प्रमुख मांग उठाते हुए तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने जोर देकर कहा कि 'हर घर जल, हर घर नल योजना' के तहत गांवों में बनाई गईं पानी की टंकियां महज सफेद हाथी साबित हो रही हैं। इन्हें तत्काल चालू कर घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की पुरजोर मांग की। इसके अलावा, उन्होंने लेखपालों द्वारा जल्दबाजी में किए गए जमीनों के गलत अंश बंटवारे को दुरुस्त करने तथा ग्राम भदौरा में रामचंद्र शर्मा की मुक्त भूमि पर पुनः अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि आपूर्ति विभाग द्वारा काटे गए पात्रों के राशन कार्ड पुनः बहाल किए जाएं। साथ ही, उन्होंने गांव नगलिया मुंशी सहित क्षेत्र के कई गांवों में अज्ञात बीमारी से मर रहे पशुओं के लिए तुरंत टीकाकरण शिविर लगाने की मांग की।

इस अवसर पर संजीव कुमार, महिपाल सिंह, डॉ. उषा एडवोकेट, विपिन चौधरी, आलोक चौहान, यशवीर सिंह और जितेंद्र सिंह सहित दर्जनों किसान नेता उपस्थित रहे।


भारतीय किसान संघ की बैठक को संबोधित करते ओमवीर सिंह। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार



### झगड़ा कर रहे 9 लोगों का शांति भंग में चालान

**पाकबड़ा।** झगड़ा कर रहे नौ लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। सभी का शांति भंग में चालान कर दिया गया। शुक्रवार की रात को दो गुटों में आपस में झगड़ा हो गया। उसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। जहां फिर से आपस में मारपीट होने लगी। पुलिस ने सभी को बंद कर दिया। शांति भंग में चालान कर दिया। जिसमें प्रथम पक्ष के ओमपाल, विशाल, अजय, अशाल निवासी बड़ा मंदिर एवं दूसरे पक्ष के अमन चंद्रा, वंश चंद्रा, सक्षम गुप्ता, जतिन कश्यप, राज नारायण गुप्ता उर्फ शुभ निवासी छतरी वाला कुआं पाकबड़ा शामिल थे। सभी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चालान कर दिया।

### सड़क से पहले नाला निर्माण की मांग

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला द्वारा प्रार्थना पत्र देकर घर के सामने बन रहीं सड़क निर्माण से पूर्व नाला बनवाने की मांग की गई, वहीं पीड़ित ने ठेकेदार पर दबंगई करने का भी आरोप लगाया है। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पांडली निवासी रीता देवी पत्नी लोकेंद्र ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि गांव में एक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके दोनों और नालों का निर्माण होना है, कुछ दबंग ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार के साथ हम साज होकर उनके घर से पूर्व भी नाला निर्माण कार्य रुकवा दिया और सड़क निर्माण शुरू कर दिया ।पीड़ित ने कहा कि वह अपने मकान में डेयरी का कार्य करती है, जिससे उन्हें असुविधा हो रही है। जब पीड़ित के द्वारा ठेकेदार से नाला निर्माण करने की मांग की गई तो ठेकेदार द्वारा साफ मना करते हुए कहा कि नाला निर्माण नहीं होगा तुमसे जो हो वह कर लो। पीड़िता द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सड़क निर्माण से पूर्व नाला निर्माण कराने की मांग की है।

### बिजली के पोल पर बंदर के बच्चे का पैर फंसा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग स्थित गांव हथियाखेड़ा में शनिवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब ग्रामीणों ने एक बंदर के बच्चे को बिजली के पोल पर असहाय स्थिति में टंगा देखा। स्थानीय दुकानदार दिनेश प्रजापति ने बताया कि उनकी दुकान के सामने स्थित बिजली के खंभे पर शुक्रवार की देर रात किसी समय बंदर का पैर फंस गया था। पैर फंसने के कारण बंदर पोल पर ही लटका रह गया। सुबह होते ही राहगीरों और ग्रामीणों की नजर जब बंदर पर पड़ी, तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई ।ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना विद्युत विभाग और वन विभाग को दी। गनीमत रही कि हाई टेंशन विद्युत तारों से नीचे होने कारण बड़ा हादसा टल गया। बंदर को सुरक्षित निकालने के प्रयास से आखिर बंदर के बच्चे को ठीक से नीचे उतार लिया गया।


पोल पर फंसा बंदर के बच्चे का पैर।

### शिक्षा का मंदिर बना अखाड़ा, छात्र-छात्राओं के सामने प्रधानाचार्य एवं अध्यापक के बीच मारपीट

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा का मंदिर अब शिक्षकों का अखाड़ा बन गया है। स्कूल समय में दो शिक्षक छात्र-छात्राओं के सामने ही जमकर मारपीट करने लगे। शिक्षकों में मारपीट होता दे जहां छात्र-छात्राएं सहम गए वहीं हड़कंप भी मच गया। अध्यापकों के बीच मारपीट की सूचना पर पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई, दोनों अध्यापकों के बीच मारपीट होता देख छात्र-छात्राएं सहम गए और विद्यालय में हड़कंप का माहौल हो बन गया। दोनों अध्यापकों के बीच मारपीट होने की सूचना पर रहरा थाना पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालय में पहुंच गए। वही दोनों अध्यापकों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी गई। वहीं क्षेत्र एवं शिक्षा विभाग से जुड़े हुए लोगों ने दोनों पक्षों को बैठखकर आपसी समझौता करा दिया गया। गंगेश्वरी ब्लॉक के शिक्षा विभाग का विवादों से पुराना नाता है पूर्व में भी कभी किताबें बेचने के मामलों में भी सुर्खियों में रहा है और अब अध्यापकों को के बीच मारपीट के मामले में चर्चा का विषय बना हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार से जब इस विषय में जानकारी की तो उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों के बीच मारपीट की घटना की जानकारी है। मौके पर पहुंचा जा रहा है। और जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन पर कब्जा दिलवाने के नाम पर दस हजार रुपए की रिश्वत लेने का लेखपाल पर लगाया आरोप

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर हल्का लेखपाल पर दस हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप लगाया है, लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगते ही तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया ।तहसील क्षेत्र के गांव डांकेवाली डगरौली निवासी बिजेंदर अपने परिवार के साथ शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचा और शिकायतें सुन रहे उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को एक प्रार्थना पत्र देकर हल्का लेखपाल पर जमीन पर कब्जा दिलवाने के नाम पर दस हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप लगाया, पीड़ित किसान पुत्र का कहना था कि पड़ोसी खेत स्वामी द्वारा उसके खेत की मेंढ़ को काटकर उसके खेत का कुछ हिस्सा अपने खेत में मिल लिया था, जिसको पूरा करने के लिए हल्का लेखपाल द्वारा उनसे रिश्वत के रूप में दस हजार रुपए की रकम ली गई थी लेकिन हल्का लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने के बाद भी खेत की पैमाइश नहीं की गई। पीड़ित किसान पुत्र के द्वारा हल्का लेखपाल पर आरोप लगाने से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया।

### सलेमपुर प्याऊ मंदिर के महाराज की मौत

**गजरौला।** नगर के बस्ती रोड स्थित सलेमपुर गौसाईं के प्याऊ मंदिर पर रहने वाले महाराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव यज्ञशाला के पास पड़ा था। पूजा करने आए लोगों ने उन्हें मृत देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर मंदिर से कुछ ही दूरी पर रहने वाले स्वजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बस्ती सलेमपुर रोड पर प्याऊ मंदिर है। यहां पर मौहल्ला जलालनगर के निवासी शूरवीर (42) पुत्र गोपाल महाराज के रूप में सेवा कर रहे थे। शनिवार की सुबह को करीब छह बजे जब मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु आए तो उन्हें यज्ञशाला के पास में महाराज शूरवीर जमीन पर पड़े मिले। उनकी मौत होने की पुष्टि हो गई। श्रद्धालुओं ने ग्राम प्रधान ओमकार सैनी और पुलिस को घटना की जानकारी दी। 112 डॉयल के साथ ही सीओ अंजलि कटारिया और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी मौके पर पहुंच गए। इधर से घटना की जानकारी मिलने पर शूरवीर के परिजन भी मंदिर पर पहुंच गए। महाराज की मौत होने की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मृत्यु का सही कारण जानने के लिए महाराज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टेम्पू में अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, एक की मौत

**गजरौला।** वट अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए टैम्पू में सवार होकर जा रहे कई श्रद्धालु अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए जबकि एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के गांव चौहानों वाली मिलकर लाकड़ी फाजलपुर निवासी वीर सिंह की पत्नी मुनेश देवी (60) टैम्पू में सवार होकर बीती रात गंगा स्नान के लिए ब्रजघाट जा रही थी। टैम्पू में अन्य श्रद्धालु भी बैठे थे। जब टैम्पू जुबिलेंट फैक्ट्री के सामने पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में टैम्पू क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार मुनेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य श्रद्धालु भी घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## संपादकीय

# चुनाव तू फिर आना

नगर निगम चुनाव की हसरतों में राजनीति ने यह बता दिया कि आइंदा इस सफर की ओट में विकास की परिभाषा बदलेगी। विजन जिस तरह स्थानीय मुद्दों से सभी के आचरण तक पहुंचा, उससे स्वाभाविक तौर पर अंतर आएगा। चार नगर निगमों के बहाने आम नागरिक यह समझ सकता है कि चुनाव में टिके रहने के लिए राजनीति को अपने दूत सही करने पड़ेंगे। अफसोस यह कि पार्षदों से मेयर और मेयर बनने की मेहरबानियों से ये शहर गफलत में हैं, लेकिन शहरी चरित्र और जवाबदेही के विषय घूम फिर कर वापस आ गए। संकल्पों से हटकर राजनीति ने तू-तू, मैं-मैं की रट में एक लाजिमी बहस से किनारा किया और बीच-बीच में लगने लगा कि भाजपा सत्ता को कोस रही और कांग्रेस दिल्ली की सत्ता को कोस रही है। अगर चुनाव पारंपरिक राजनीति में उछलते वैमनस्य पर ही होने हैं, तो हम शहरी व्यवस्था को समझ ही नहीं रहे। यह दीगर है कि पार्टियों ने कुछ शहरी बिंदुओं पर चुनाव की फेहरिस्त बनाई है, लेकिन राज्य के लिए यह द्वार पूरी तरह नहीं खुला। कांग्रेस ने अपने विजन की वकालत में चारों शहरों को अपनी उमंगों से जोडऩे का मंतव्य समझाया। बेहतर होता सत्ता दल इस बहाने हिमाचल के शहरीकरण को संबोधित करता यानी पूरे प्रदेश के शहरों में अगले दशक में क्या तस्वीर होगी। कौन से व्यवस्थागत व ढांचागत परिवर्तन अहम होते। स्थानीय परिवहन या लोकल ट्रांसपोर्ट पर बहुत सा कार्य संभव है। जलापूर्ति और विद्युत आपूर्ति के नक्शे पर शहरीकरण की नई परिभाषा क्या होगी। बेशक नगर निगम चुनावों में हौले से कुछ ऐसे मुद्दे या संकल्प आए हैं, जो शहर को नई दृष्टि से देख रहे हैं। मसलन पर्यटन ने ऊंची आवाज देकर चुनाव से कहा है, 'मैं यहां हूं।' पालमपुर में 'पर्यटन सर्किट' खोजती भाजपा ने एक हुंकार भरा है, तो मंडी का शिवधाम और मंदिर प्रदक्षिणा के करीब चुनाव ने संभावना देखी है। सोलन की कसौटियां अभी भी नहीं समझीं कि महानगर बनने की आभा को बचाने की कितनी जरूरत है। कांग्रेस और भाजपा के घोषणा पत्रों का एक बड़ा युद्ध धर्मशाला में देखा गया। वादे सफेद चादर पर लिखे दाग हो जाएं, तो कौन अपनी चैन को मुगालते में देखेगा। यह इसलिए कि हर पार्टी और पार्टियों की हर सरकार ने शहरों को सियासत का मुर्गा बना दिया। राजनीति प्रभाव से कई सिंह द्वार अगर किसी विधानसभा क्षेत्र की पहचान हैं, तो यह कारनामा सिर्फ प्रचार है। प्रतीक और चिन्ह ढूंढते नेताओं ने हिमाचल की समग्रता को समझा ही नहीं। हर शहर अगर एक आर्थिक केंद्र तथा रोजगार का मंच है, तो विकास की योजनाएं इस आधार को आकार देतीं। हिमाचल के कई कस्बे व शहर अपने वजूद में, पर्यटन की मौलिकता के साथ हाजिर हैं, तो इनका विकास इसी लिहाज से होना चाहिए। कुछ शहर शिक्षा के हब बन रहे हैं, तो कुछ खेल गतिविधियों के केंद्र। कुछ युवा पर्यटकों के आकर्षण में फल फूल रहे, तो कई अन्य आयोजन के कारण मशहूर हैं। किसी शहर के नक्षत्र वहां के मंदिर तय कर रहे हैं, तो योजना अलग-अलग प्रारूप में होनी चाहिएं। क्या चुनाव के बाद मंडी को हम सांस्कृतिक राजधानी की क्षमता में खड़ा कर पाएंगे। क्या पालमपुर अपने परिवेश में चाय के बागीचों के संतुलन से 'पर्यटन सर्किट' का इतिहास लिखेगा। क्या सोलन अपनी रफ्तार को चंडीगढ़-शिमला के बीच साझा कर पाएगा। इसी फेहरिस्त में सबसे अधिक तखल्लुस ओढऩे वाला मिनी ल्हासा, शीत कालीन राजधानी, खेल नगरी, इवेंट नगरी और स्मार्ट सिटी का खिताब धारण किए हुए धर्मशाला से किए गए वादे निभाए जाएंगे। सुनने में चुनाव बहुत अच्छे लगते हैं। नेताओं के मिजाज बहुत अच्छे लगते हैं, मगर फिर शहरी हालात अगले चुनाव तक अपनी इच्छाओं का पिटारा उठाए रहते हैं।

# प्रश्नपत्रों की मंडी में बिकते युवाओं के सपने




परीक्षा और परिणाम किसी भी शिक्षा व्यवस्था के आधार माने जाते है, यदि परीक्षा का आधार ऐसी धांधली और अनियमितताओं के बलबूते टिका हो तो उसका परीक्षा परिणाम भले ही देखने में ठीक लगता हो, मगर सामाजिक परिणाम कभी भी सकारात्मक नही हो सकता। वहीं जब नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा पर पेपर लीक, धांधली और अनियमितताओं के आरोप लगते हैं, तब केवल प्रश्नपत्र ही लीक नहीं होता, बल्कि व्यवस्था पर विश्वास भी डगमगाता है

भारत युवाओं का देश है, यहां करोड़ों छात्र अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात कठिन परिश्रम करते हैं। कोई डाक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई प्रशासनिक अधिकारी तो कोई वैज्ञानिक। इन सपनों को साकार करने का सबसे बड़ा माध्यम प्रतियोगी परीक्षाएं हैं, इसमें दो राय नहीं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश में जिस प्रकार परीक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े हुए हैं, उससे युवाओं का विश्वास डगमगाने लगा है, ऐसा कहने में भी अतिश्योक्ति न होगी। हाल ही में नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) परीक्षा को लेकर सामने आए विवाद और कथित पेपर लीक की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। परीक्षाएं केवल परीक्षाएं नहीं होतीं, वे करोड़ों परिवारों की उम्मीदों का दूसरा नाम होती हैं। मेडिकल की पढ़ाई के लिए आयोजित होने वाली नीट ऐसी ही एक परीक्षा है। यह केवल प्रश्नों के उत्तर लिखने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उन लाखों विद्यार्थियों के संघर्ष, त्याग, अनुशासन और सपनों का परिणाम होती है, जो दिन-रात एक करके डाक्टर बनने का सपना देखते हैं। किसी किसान का बेटा खेतों की मेड़ पर बैठकर पढ़ता है, किसी मजदूर की बेटी लालटेन की रोशनी में नोट्स तैयार करती है, तो कोई मध्यमवर्गीय परिवार अपनी जमा पूंजी कोचिंग संस्थानों की फीस में झोंक देता है। माता-पिता अपने सपनों को बच्चों की आंखों में बसाकर हर कठिनाई सह लेते हैं। इसलिए परीक्षा को केवल एक सामान्य कार्य समझना बहुत बड़ी मूर्खता होगी। परीक्षा और परिणाम किसी भी शिक्षा व्यवस्था के आधार माने जाते है, यदि परीक्षा का आधार ऐसी धांधली और अनियमितताओं के बलबूते टिका हो तो उसका परीक्षा परिणाम भले ही देखने में ठीक लगता हो, मगर सामाजिक परिणाम कभी भी सकारात्मक नही हो सकता।

वहीं जब नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा पर पेपर लीक, धांधली और अनियमितताओं के आरोप लगते हैं, तब केवल प्रश्नपत्र ही लीक नहीं होता, बल्कि व्यवस्था पर विश्वास भी डगमगाता है। यह पहली बार नहीं है जब किसी राष्ट्रीय परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा हो, परंतु हर बार की तरह इस बार भी सबसे अधिक आहत वही छात्र हुए हैं, जिनका इस पूरे खेल से कोई लेना-देना नहीं था। वर्तमान शिक्षा व परीक्षा बाजारू वस्तु बन गई है क्योंकि कोई भी रसूखदार जब चाहे जितनी चाहे बोली लगाकर खरीद लेता है और हमारा भ्रष्ट तंत्र उसके इस कार्य में पूर्णाहुति देने का काम करता है। यह विडंबना ही है कि जिस देश में शिक्षा को 'राष्ट्र निर्माण का आधार' कहा जाता है, उसी देश में परीक्षाएं धीरे-धीरे भरोसे का संकट बनती जा रही हैं। एक तरफ विद्यार्थी वर्षों तक मेहनत करते हैं, दूसरी ओर कुछ लोग पैसे, पहुंच और भ्रष्ट तंत्र के सहारे परीक्षा व्यवस्था को खिलौना बना देते हैं। परिणाम यह होता है कि मेहनत और ईमानदारी उपहास का विषय बन जाती है। आज नीट परीक्षा पर उठे सवाल केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं हैं। यह उस पूरी व्यवस्था का आईना हैं, जिसमें योग्यता और परिश्रम की जगह जुगाड़ और भ्रष्टाचार धीरे-धीरे मजबूत होते जा रहे हैं। यदि देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो यह केवल प्रशासनिक असफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन का संकेत है। किसी भी विद्यार्थी के लिए प्रतियोगी परीक्षा केवल तीन घंटे का पेपर नहीं होती बल्कि उसके पीछे वर्षों की तपस्या का परिणाम होती है। कई छात्र सामाजिक समारोह और मनोरंजन से कोसो दूर रहते हैं, मानसिक दबाव और अकेलेपन जैसी विकट अवस्थाओं से गुजरते हैं। इतना ही नहीं अपने बच्चों के सपनों को पंख लगाने के लिए माता-पिता भी उनके साथ हर दिन परीक्षा देते हैं। कोई पिता कोचिंग की फीस भरने के लिए अतिरिक्त मजदूरी करता है तो कोई मां अपने गहने तक बेच देती है। ऐसे में यदि परीक्षा में धांधली की खबर आती है, तो केवल अंक प्रभावित नहीं होते, बल्कि लाखों परिवारों का विश्वास चकनाचूर हो जाता है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं, बल्कि एक 'संगठित उद्योग' का रूप लेता दिखाई दे रहा है।

विभिन्न राज्यों में समय-समय पर भर्ती परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली सामने आ रही है। कभी वॉट्सऐप पर पेपर वायरल होता है, कभी सॉल्वर गैंग पकड़े जाते हैं, तो कभी परीक्षा केंद्रों की मिलीभगत सामने आती है। प्रश्न यह है कि इतनी संवेदनशील परीक्षाओं में बार-बार सुरक्षा में सेंध कैसे लग जाती है? क्या हमारी तकनीक कमजोर है या व्यवस्था में बैठे कुछ लोग ही इस खेल का हिस्सा बन चुके हैं? राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी का गठन इस उद्देश्य से किया गया था कि देश की प्रमुख परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। लेकिन यदि बार-बार परीक्षाओं पर सवाल उठ रहे हैं, तो यह एजेंसी की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न है। एक संस्था की सबसे बड़ी पूंजी उसका विश्वास होता है। जब वही डगमगाने लगे, तो केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस और जांच समितियां लोगों का भरोसा वापस नहीं ला सकतीं। विडंबना तो यह है कि हर बार कोई पेपर लीक होने पर कुछ दिनों तक मीडिया में खूब बहस चलती है, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप होते हैं, सनसनीखेज खुलासे भी होते है, लेकिन यह सनसनीखेज किसी दूसरी सनसनी खेज के पीछे धीरे-धीरे ठंडा पड़ जाती है। लेकिन जिन विद्यार्थियों की उम्र का एक महत्त्वपूर्ण वर्ष बर्बाद हो जाता है, उनकी पीड़ा कभी सुर्खियों में नहीं रहती। ऐसी घटना से उनके मनोमस्तिष्क पर कैसा प्रभाव पड़ता है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। छात्र यह महसूस करने लगते हैं कि हमारी व्यवस्था में ईमानदारी और परिश्रम का कोई मूल्य नहीं है, यह भावना समाज के लिए अत्यंत खतरनाक है। यदि युवाओं का विश्वास लोकतांत्रिक और शैक्षणिक संस्थाओं से उठने लगे, तो यह अवश्य ही राष्ट्र की प्रगति को प्रभावित करने वाला कारक बन जाता है, ऐसे कहने में किंचित संशय न होगा।

# सौर शक्ति प्रदान करेगी आर्थिक संप्रभुता



जब पश्चिम एशिया के आसमान में मिसाइलें उड़ती हैं, तो उसका असर हर घर के बिजली और पेट्रोल बिल पर पड़ता है। हालिया संकट ने भारत की इस कमजोरी को उजागर किया है। भारत कच्चे तेल का दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है; यह अपनी ज़रूरत का लगभग 89 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यानी मोटे तौर पर हर साल 1.75 अरब बैरल, या हर दिन लगभग 4.8 मिलियन बैरल। इसका 60 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा भू-राजनीतिक रूप से संवेदनशील 'स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़' से होकर आता है। 2024-25 में, भारत का कच्चे तेल का आयात खर्च 137 अरब डॉलर रहा। यदि कीमतें मार्च माह की औसत दर 113.57 डॉलर पर बनी रहती हैं तो यह आयात मद बढ़कर लगभग 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। कच्चे तेल के एक बैरल की कीमत में दस डॉलर की बढ़ोतरी से हमारे आयात बिल में 14 से 16 अरब डॉलर की वृद्धि होती है। यह वह पैसा है जो कीमती विदेशी मुद्रा भंडार से खर्च किया जाता है। यह संशोधित किया गया तेल सामान ढोने वाले ट्रकों, खेतों में काम करने वाले ट्रैक्टरों में और उन मछली पकड़ने वाली नावों में भी इस्तेमाल होता है। यह उन डीज़ल जनरेटरों में इस्तेमाल होता है जो पूरे ग्रामीण भारत में दूरसंचार टॉवरों को चालू रखे हुए हैं। इस कमज़ोरी को कम करने का एक तरीका है सौर ऊर्जा।

भारत की भौगोलिक स्थिति एक वरदान है, फलतः यहां साल के 300 से ज्यादा दिन तेज़ धूप खिली रहती है। हालांकि, गर्मियों में प्रचंड ताप भरे कुछ दिन अभिशाप भी बन जाते हैं। हमने अभी-अभी अप्रैल माह का एक बेहद गर्म हफ़्ता गुजारा है। इस दौरान, धरती के बीस सबसे गर्म स्थानों में से उन्नीस भारत में थे। लेकिन यह ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अवसर भी प्रदान करता है।

भारत 'इंटरनेशनल सोलर अलायंस' का नेतृत्व करता है, जो 120 से ज़्यादा देशों का एक समूह है। वर्ष 2025 में, भारत ने 38 गीगावाट नई सौर क्षमता जोड़ी है, और इस मामले में 35 गीगा वाट वाले अमेरिका को पीछे छोड़ दिया। अब भारत की कुल स्थापित सौर क्षमता 150 गीगावाट से ज़्यादा हो गई है, और सालाना सौर ऊर्जा उत्पादन 2013-14 के 3.4 टेरावाट-घंटे से बढ़कर 2024-25 में 144 टेरावाट-घंटे तक पहुंच गया है।

अप्रैल की भीषण गर्मी ने जब पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा दिया तो बिजली ग्रिड को अब तक की सबसे ज़्यादा मांग का सामना करना पड़ा यानी 256 गीगावाट। उस अहम दिन, अकेले सौर ऊर्जा से ही 81 गीगावाट बिजली बन रही थी। यह देश में कुल बिजली उत्पादन का एक-तिहाई हिस्सा था। ग्रिड फेल नहीं हुई। सौर ऊर्जा हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने में भी मददगार है। तेल आयात पर हमारी निर्भरता में अगर सिर्फ़ 10 प्रतिशत की भी कमी आ जाए, तो तेल की कीमतों के आधार पर हर साल 13 से 20 अरब डॉलर तक की बचत हो सकती है। अगर सौर ऊर्जा से चलने वाली बिजली, डीज़ल जेनरेटरों की जगह ले लें; डीज़ल पंपों की जगह इलेक्ट्रिक पंपों का उपयोग होने लगे; और इलेक्ट्रिक वाहन, पेट्रोल और डीज़ल की मांग को कम कर दें तो इस तरह से हुई 10 करोड़ बैरल तेल की बचत से, विदेशी मुद्रा के रूप में हर साल 7.5 से 11 अरब डॉलर तक की बचत हो सकती है।

दिलचस्प संभावना यह भी है कि भारत एक ऊर्जा निर्यातक देश बन सकता है। भारतीय तेल शोधन (रिफाइनिंग) क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है, जो पहले से ही इसकी घरेलू खपत (239 मिलियन मीट्रिक टन) से कहीं ज़्यादा है। साल 2025 में, भारत ने 64.7 मिलियन मीट्रिक टन शोधित पेट्रोलियम उत्पाद जैसे कि पेट्रोल, डीज़ल और एविएशन फ़्यूल का निर्यात किया, जिनकी कुल कीमत 52 अरब डॉलर से भी ज़्यादा थी; यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत की तेल शोधन क्षमता साल 2028 तक बढ़कर 309 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। अगर सौर ऊर्जा और बिजली के बढ़ते इस्तेमाल से घरेलू ईंधन की खपत धीरे-धीरे कम होती है, तो भारत में शोधित होने वाला ज़्यादा से ज़्यादा ईंधन विदेशों में निर्यात किया जा सकेगा, जिससे हमें बहुमूल्य डॉलर की कमाई होगी। भारत जितनी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करेगा, उसे कहीं ज़्यादा कुशलतापूर्वक शोधित करेगा, और फिर उस 'मूल्य-वर्धित' ईंधन का निर्यात करेगा—इस तरह भारत इस पूरे क्षेत्र के लिए एक 'ऊर्जा धुरी' के रूप में काम करेगा। अगर इस दिशा में पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ा जाए, तो हम भारत को एक 'ऊर्जा आयातक' देश से बदलकर एक 'शुद्ध ऊर्जा निर्यातक' देश के रूप में उभरते हुए देख सकते हैं। सौर ऊर्जा के इस सफ़र में कुछ बाधाएं भी हैं। सौर पैनल लगाने के लिए ज़मीन के विशाल भूखंडों की ज़रूरत पड़ती है। जिस देश में खेती लायक ज़मीन की कमी हो, वहां ज़मीन की उपलब्धता एक वास्तविक चुनौती है।

## सरकार ने सोच समझ कर लिया है पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का फैसला



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकार ने अंततः देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का फैसला किया। जिस प्रकार वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ रही थीं, देश में तेल बेचने वाली कंपनियों का घाटा लगातार बढ़ता जा रहा था। इस परिस्थिति में बहुत लंबे समय तक तेल की कीमतों को वैश्विक बाजार के मुकाबले कम कीमत पर बेचना सरकार के लिए संभव नहीं था। पेट्रोल की कीमत बढ़नी ही थी। क्योंकि विश्व भर में जो हालत हैं उसका असर पड़ना तय था। मुझे लगता है कि सरकार ने जो फैसला लिया है वह सोच समझ कर लिया है। पेट्रोल की कीमत में जितना गैप है वो सारा सरकार जनता पर नहीं डालती है। उस गैप को डिस्ट्रिब्यूट करती है। कुछ बोझ जनता पर डालती है, कुछ बोझ अपने सह लेती है, कुछ अप स्ट्रीम कंपनी से लेती हैं, कुछ ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को गैप सहने को कहती है। इसकी वजह है संकट और संकट के समय में सब लोगों को थोड़ा बर्दाश्त करना पड़ता है। यहां यह समझने की जरूरत है कि अगर सरकार सिर्फ जनता पर बोझ डालेगी, तो जनता बर्दाश्त नहीं कर पाएगी। सरकार यह नहीं चाहती है कि जनता ज्यादा परेशान हो, लेकिन तेल कंपनियों की हालत ठीक रहे, यह देखना भी सरकार का दायित्व है। तेल कंपनियों की सरकार इसलिए फिक्र करती है क्योंकि वे देश को एनर्जी सुरक्षा प्रदान करते हैं। सरकार सबका सोचती है और उसके बाद निर्णय किया जाता है। यह कोई इकोनॉमिक डिसीजन नहीं होता है, सरकार गंभीर चिंतन के बाद सबके बारे में सोचकर फैसला करती है। यही वजह है कि सरकार ने क़ीमत कम बढ़ाया है। गौर करने वाली बात यह है कि अगर वेस्ट एशिया का संकट ऐसा ही रहा और क्रूड का दाम बढ़ता ही रहा तो सरकार को कीमत और बढ़ाना पड़ सकता है। जहां तक इंपैक्ट की बात है तो सरकार के इस कदम से निश्चित तौर पर थोड़ी महंगाई बढ़ सकती है। कंज्यूमर को अधिक दाम देना पड़ सकता है, लेकिन हमें यह भी देखना है की अभी ऑयल कंपनियां आईसीयू में है। उनको जिंदा रखने के लिए सरकार ने थोड़ा सपोर्ट दिया है। लेकिन आगे होर्मुज संकट खत्म नहीं हुआ तो पेट्रो पदार्थ की क़ीमत और भी बढ़ सकती है।

## दारू और चुनाव



वैसे तो चुनाव लोकतंत्र का हिस्सा हैं लेकिन लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करता है। मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल क्यों करता है? यह सवाल ही चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा होता है। बहुत से मतदाता इसलिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि उन्हें फ्री बिजली चाहिए होती है, सब्सिडी चाहिए होती है, ऋण माफी चाहिए होती है और कई बार तो सुशासन की गारंटी चाहिए होती है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहिए होता है। लेकिन कई शौकीन टाइप के मतदाता गारंटी वारंटी में यकीन नहीं रखते, उन्हें सिर्फ और सिर्फ दारू की पेटी चाहिए होती है। क्योंकि औकात देसी दारू की पेटी की होती है और ऐसे लोग झुग्गी झोपडियों में रहते हैं। उन्हें अंग्रेजी दारू पचती नहीं है। कुछ बड़ी क्लास के मतदाता होते हैं। उन्हें इंपोर्टेड दारू चाहिए होती है। यह बात अलग है कि रात की दारू पीने के बाद वह सुबह वोट देने जाते हैं या नहीं। लेकिन कुल मिलाकर कहें तो दारू और इलेक्शन का चोली दामन का साथ है। जिस चुनाव में दारू नहीं, वह चुनाव अवैध है। लोकतंत्र के साथ भद्दा मजाक है। मतदाता जब तक सुरूर में नहीं आएगा तो लोकतंत्र को अपने कंधों पर कैसे उठाएगा? यह सवाल लाख टके का है। यह सवाल दारू और लोकतंत्र के आपसी रिश्तों को बयां करता है और चुनावों की गरिमा को परिभाषित करता है। हमारे देश में चुनाव आयोग भले ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दे, लेकिन असली आचार संहिता तो ठेकेदारों के पास होती है। चुनाव की तारीख घोषित होते ही शराब के ठेकों पर ऐसी रौनक लौट आती है जैसे बरसों बाद गांव में बिजली आई हो। ठेकेदार का चेहरा ऐसे खिल उठता है जैसे उसे अचानक लोकतंत्र से प्रेम हो गया हो। नेता जी भी बड़े भावुक जीव होते हैं।

जनता की तकलीफ उन्हें रात को सोने नहीं देती। खासकर चुनाव के दिनों में। उन्हें याद आता है कि फलां बस्ती में पानी नहीं है, फलां मोहल्ले में सडक़ टूटी है और फलां वार्ड के मतदाता पिछले चुनाव में विपक्ष को वोट दे आए थे, यह सबसे बड़ी तकलीफ होती है। तब नेता जी अपने खास चमचों को बुलाते हैं। 'देखो भाई, विकास बाद में करेंगे, पहले विश्वास जीतना जरूरी है।' चमचा पूछता है, साहब विश्वास कैसे जीता जाए?' नेता जी चश्मा उतारकर गंभीर स्वर में कहते हैं- पेटी से।' चमचा समझ जाता है-लोकतंत्र फिर से मजबूत होने जा रहा है। रात के अंधेरे में गाडियां चलती हैं। ऊपर से पर्दा, नीचे से बोतलें। ऐसा लगता है जैसे कोई गुप्त सैन्य अभियान चल रहा हो। फर्क सिर्फ इतना होता है कि सीमा पर सैनिक देश बचाते हैं और चुनाव में कार्यकर्ता सीट बचाते हैं। कई जगह तो शराब बांटने की वैज्ञानिक व्यवस्था होती है।

# बाघों के संरक्षण में बाधक हैं उनकी मौत के आंकड़े



भारत अगले महीने की एक से दो तारीख तक (एक-दो जून, 2026) नयी दिल्ली में पहले अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आइबीसीए) शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य शेर, बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा जैसे सात बिग कैट का संरक्षण है। इस सम्मेलन के जरिये जिन सात बिग कैटों के संरक्षण के प्रयास किये जा रहे हैं, उनमें से एक बाघ, इन दिनों संकट के दौर से गुजर रहा है। इस वर्ष जनवरी से अब तक देश में 58 बाघों की मौत हो चुकी है। इनमें से 26 ने टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बाहर अपनी जान गंवायी है। इनके कारणों में अवैध शिकार, बीमारी, संक्रमण, जंगल छोटे पड़ने, अस्तित्व की लड़ाई, शिकार और पानी की तलाश में जंगल से बाहर जाने और मानव से हो रहे संघर्ष शामिल हैं।

गौरतलब है कि एक समय विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके हमारे इस राष्ट्रीय पशु की संख्या 'बाघ संरक्षण परियोजना' के चलते बढ़ी और आज देश में इसकी संख्या दुनिया की 75 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। एक अनुमान के अनुसार, 1950 के दशक में देश में बाघों की तादाद 40,000 तक थी, लेकिन उसी दौर में इनके लगातार शिकार और आवास के खात्मे के चलते इनकी तादाद में तेजी से कमी आनी शुरू हो गयी। वर्ष 1972 की गणना की बात करें, तो देश में इनकी तादाद कम होकर 1,827 पर पहुंच गयी थी। वर्ष 1973 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' की शुरुआत के बाद इनकी तादाद में वृद्धि होनी शुरू हुई और लगभग चार दशक के बाद इनकी तादाद 3,682 तक जा पहुंची। वह बात दीगर है कि इस दौरान बीच-बीच में इनके गायब होने के समाचार भी सुर्खियां बनते रहे। इनमें यौनवर्धक दवाओं की खातिर इनके अंगों और खालों की तस्करी के चलते इनके शिकार के मामले आम रहे हैं।आज जबकि देश में बाघों का कुनबा 3,000 का आंकड़ा पार कर चुका है, फिर भी सबसे बड़ा सवाल यही है कि इन्हें बचाया कैसे जाये। क्योंकि अब इनकी तादाद में दिनों-दिन कमी आती जा रही है।राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार, 2026 के जनवरी से मार्च तक देश में कुल 46 बाघों की मौत हुई है, जिनमें 18 की मौत तो अकेले मध्य प्रदेश में ही हुई है, जो इस राज्य के टाइगर स्टेट के रुतबे पर ही सवाल खड़े करता है। मध्य प्रदेश के ही 'कान्हा टाइगर रिजर्व' मे बीते महीने एक बाघिन व उसके चार शावकों की मौत से वन्य प्राणी विशेषज्ञ हैरत में हैं। इस बारे में कान्हा बाघ प्रबंधन की मानें, तो टी-141 नामक बाघिन और उसके चार शावकों की मौत फेफड़ों के संक्रमण के चलते हुई है।

## एक नजर



### 102 वर्षीय केशरी देवी का निधन

**खटीमा।** द्वितीय विश्व युद्ध के चश्मदीद रहे पूर्व सैनिक स्वर्गीय गुमान सिंह बोरा की पत्नी केशरी देवी का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। फुल्लैया निवासी केसरी देवी का अंतिम संस्कार आज शनिवार को शारदा घाट बनबसा में हुआ। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र कैप्टन तेज सिंह बोरा एवं सूबेदार पुष्कर सिंह बोरा पूर्व क्षेत्र समिति सदस्य ने दी। इस अवसर पर कैप्टन जीवन सिंह, कैप्टन गोपाल सिंह, सूबेदार त्रिलोक सिंह, कैप्टन कुंदन सिंह, कैप्टन पुष्कर सिंह खोलिया, सोवन सिंह खोलिया, विक्रम बोरा, होशियार सिंह खोलिया आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश में अब दो दिन वर्क फ्रॉम होम, अलग-अलग शिफ्ट में खुलेंगे ऑफिस



**लखनऊ।** प्रदेश में बढ़ती लागत और गैस की कमी के चलते कई उद्योगों पर संकट गहराने लगा है। इसको लेकर श्रम विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। तय किया गया कि ऊर्जा खपत कम करने और उद्योगों को राहत देने के लिए सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था लागू की जाएगी। वहीं कार्यालयों और फैक्ट्रियों को अलग-अलग शिफ्ट में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार गैस आपूर्ति प्रभावित होने से उत्पादन लागत बढ़ी है, जिससे कई उद्योगों में नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। सरकार जल्द विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेगी।

# दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

## पास में ही बन रही टाउनशिप में काम के लिए यहां से किया गया अवैध खनन, बन गया है गहरा गड्ढा

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अवैध खनन से बने गहरे तालाब (गड्ढा) में नहाते समय डूबने से बालक की मौत हो गई। वह स्कूल से आने के बाद दोस्तों और छोटे भाई के साथ नहाने के लिए चला गया था। फिर कभी नहीं लौटा। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

घटना एसजीपीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सभाखेड़ा कल्ली पश्चिम गांव की है। गांव निवासी सफाई कर्मी राकेश कुमार के बेटे जितेंद्र कुमार (13) की डूबने से मौत हुई है। मां सुमन ने बताया कि बेटा गांव के एक निजी विद्यालय में



सातवीं कक्षा का छात्र था। सुबह 11:30 बजे स्कूल से घर आया था। खाना खाने के बाद दोस्त हिमांशु, पुनीत व छोटे भाई मनीष के साथ गांव के बाहर तालाब में नहाने चला गया।

छोटे भाई मनीष (11) ने बताया कि वह तालाब में किनारे की ओर नहा रहा था। उसका भाई और हिमांशु गहरे पानी में चले गए। वहां दोनों डूबने लगे। उसने पास में ही पड़ी एक लकड़ी को फेंका तो हिमांशु ने उसे पकड़ लिया। जितेंद्र लकड़ी को नहीं पकड़ पाया और डूब गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। खबर मिली तो घरवाले भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। किसी तरह तालाब से निकालकर जितेंद्र को एसजीपीजीआई की इमरजेंसी में लाया गया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आसपास के लोगों को कहना है कि पास में बनी टाउनशिप में कार्य हेतु यहां पर अवैध खनन काफी मात्रा में किया गया। इसके बाद वहां गहरा तालाब (गड्ढा) बन गया। खनन माफिया द्वारा खोदे गए अवैध तालाब में डूबकर बालक की मौत हो गई।

# ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** देशभर के दवा विक्रेताओं के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स ने अवैध ई-फार्मेसी, अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री और शोषणकारी मूल्य निर्धारण के विरोध में 20 मई दिन बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है। संगठन का दावा है कि देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं दवा वितरक इस बंद में भाग लेंगे। जिससे लगभग 5 करोड़ लोगों की आजीविका और जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।

खटीमा कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी इस बंद को समर्थन देते हुए कहा कि ऑनलाइन फार्मेसी प्लेटफॉर्म नियमों की अनदेखी कर दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

- **ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर देशभर के 12.40 लाख केमिस्ट उतरेंगे आंदोलन में**

संगठन के अनुसार बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री होने से एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग किया जा रहा है। साथ ही एंटीबायोटिक्स एवं नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता एंटी माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसी गंभीर समस्या को बढ़ावा दे रही है।

संगठन ने आरोप लगाया कि बड़े कॉरपोरेट संस्थान डीप डिस्काउंट के माध्यम से बाजार में अनुचित प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे हैं। इससे ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छोटे दवा विक्रेताओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। उनका कहना है कि आवश्यक दवाओं का मार्जिन सरकार द्वारा निर्धारित होने के बावजूद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भारी छूट देकर व्यापार संतुलन बिगाड़ रहे हैं। कोविड-19 काल में जारी अस्थायी अधिसूचना को तत्काल निरस्त करने तथा ई-फार्मेसी से संबंधित अधिसूचना को वापस लेने की मांग की है

साथ ही ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दी जा रही अनुचित छूट पर रोक लगाने के लिए लेवल प्लेइंग फील्ड नीति लागू करने की मांग भी उठाई गई है।केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन खटीमा के अध्यक्ष जी. डी. जोशी एवं महामंत्री हरीश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह केवल व्यापार का मुद्दा नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 20 मई तक सरकार ने मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया तो संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। महामंत्री हरीश शर्मा ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन तथा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने भी इस बंद को समर्थन देने की घोषणा की है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट का बड़ा अभियान

जागरणमोर्चा कार्यालय

**ऊधम सिंह नगर:** खटीमा में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज देश भर में मच्छरों से जनित बीमारियों के खिलाफ जागरूकता और सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खटीमा के बरी अंजनिया क्षेत्र में 'उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट' ने डेंगू के खिलाफ एक बड़ी मुहिम शुरू की है। ट्रस्ट ने क्षेत्र को डेंगू मुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया है।

बढ़ते डेंगू के मामलों को देखते हुए उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट, बरी अंजनिया ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस को धरातल पर उतारा। ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में विशेष कीटनाशक दवा का छिड़काव किया। इस दौरान 17 मील चौकी प्रभारी राकेश राय ने ट्रस्ट की सहराना करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह को ऐसे कार्य के लिए उनका हौसला उपजाई किया। इस अभियान के तहत संवेदनशील और सार्वजनिक जगहों पर विशेष ध्यान दिया गया। क्षेत्रीय पुलिस चौकी 17 मील, सरकारी व निजी स्कूल बाल विकास आंगनबाड़ी केंद्रधार्मिक स्थल जैसे मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे पर विशेष ध्यान रखा।ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने पुलिस चौकी 17 मील से इस अभियान की शुरुआत की। इसके बाद बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी स्थानीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को सैनिटाइज किया। सामाजिक सौहार्द और आस्था के केंद्रों जैसे मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों के आसपास भी सघन फॉगिंग की गई, ताकि मच्छरों के पनपने की गुंजाइश न रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य जनता को डेंगू के डंक से बचाना है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर हमने सिर्फ संदेश नहीं दिया, बल्कि धरातल पर उतरकर काम किया है। स्कूल, धार्मिक स्थल और पुलिस चौकी जैसी जगहों पर रोज सैकड़ों लोग आते हैं, इसलिए इन जगहों को सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता थी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ट्रस्ट की इस पहल की स्थानीय जनता और प्रशासन ने जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि मानसून से ठीक पहले इस तरह के कदम महामारी को रोकने में बेहद मददगार साबित होंगे। वहीं इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह, उपाध्यक्ष अमित कुमार, पियूष राणा, बॉबी भाई, संजय कुमार, सपन विश्वास, ममता कुमारी, शशिकला और अनिल कुमार के साथ ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनएचपीसी की कार्यसंस्कृति बनी मिसाल

## कार्यपालक निदेशक के दौरे से टनकपुर पावर स्टेशन में बढ़ा उत्साह

जागरणमोर्चा कार्यालय

**टनकपुर/बनबसा।** देश की अग्रणी जलविद्युत कंपनी की उत्कृष्ट कार्यशैली, आधुनिक प्रबंधन प्रणाली और कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रभाव एक बार फिर टनकपुर पावर स्टेशन में देखने को मिला। क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ से पहुंचे कार्यपालक निदेशक आदित्य गौतम के दौरे ने पूरे परिसर में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर दिया। दौरे के दौरान पावर स्टेशन प्रमुख ऋषि रंजन आर्य समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने पौधा भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।एनएचपीसी की पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के प्रति प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कर्मचारियों और अधिकारियों ने इस दौरे को प्रेरणादायक



बताया।कार्यपालक निदेशक ने निरीक्षण के दौरान बैराज क्षेत्र, सिल्ट इजेक्टर, पावर हाउस तथा विभिन्न तकनीकी इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने परियोजना की कार्यक्षमता, सुरक्षा मानकों और तकनीकी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए अधिकारियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक, पारदर्शी प्रशासन और पर्यावरणीय संतुलन को भी समान प्राथमिकता देता है।प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं, कार्यस्थल की आवश्यकताओं और आगामी योजनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। कार्यपालक निदेशक ने कर्मचारियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी परियोजना की सफलता उसके कर्मठ कर्मचारियों की निष्ठा पर निर्भर करती है।बैठक में कर्मचारियों के कल्याण, सुरक्षित कार्य वातावरण और तकनीकी उन्नयन को लेकर एनएचपीसी प्रबंधन की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा हुई। कर्मचारियों ने कहा कि कंपनी का सहयोगात्मक रवैया कार्यस्थल का माहौल बेहतर बनाता है और इससे उनका मनोबल लगातार मजबूत होता है। दौरे के समापन पर कार्यपालक निदेशक ने वीआईपी गेस्ट हाउस परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी कर्मचारियों से हरित अभियान को जनभागीदारी से जोड़ने का आह्वान किया।

# कृषि विभाग के रडार पर यूरिया बेचने वाले 38 विक्रेता

## हेराफेरी को लेकर प्रशासन सख्त, ऑनलाइन रिपोर्ट से खुली पोल

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** जिले में खरीफ फसल के लिए अधिक यूरिया बिक्री की आशंका पर कृषि विभाग ने 38 विक्रेताओं की ऑनलाइन रिपोर्ट निकाली है, जिनके द्वारा पिछले वर्ष की तुलना 10 दिन में अधिक यूरिया बेची गई है। विभाग ने टीम बनाकर जांच शुरू कर दी है।

धान की तैयारी को लेकर किसानों ने यूरिया व अन्य उर्वरक खरीदनी शुरू कर दी है। ताकि फसल के समय कतार और किल्लत का सामना न करना पड़े। कृषि विभाग ने यूरिया बिक्री की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की तो 1 से 10 मई तक 38 विक्रेताओं की बिक्री अधिक पाई। जो पिछले वर्ष 1 से 10 मई की बिक्री से काफी अधिक है।

जिला कृषि अधिकारी तेग




बहादुर सिंह ने गड़बड़ी की आशंका पर विक्रेताओं की ऑनलाइन खरीद बिक्री की रिपोर्ट निकालकर सभी विकास खंड के एडीओ कृषि को जांच के लिए सौंप दी है। जांच अधिकारी विक्रेता के पीओएस मशीन से उर्वरक बिक्री और स्टॉक का मिलान करेंगे। साथ ही सभी विक्रेताओं को नोटिस जारी करके किसानों का आधार, जोत, खतौनी, फसल व बिक्री के साक्ष्य मांगे हैं, जिन्हें यूरिया बेची गई है।

कृषि अधिकारी ने बताया कि मौके पर किसान का सत्यापन, जोत के अनुसार कितनी उर्वरक खरीदी, किस फसल के लिए खरीदी इन मुख्य बिन्दुओं पर जांच करा रहे है। यदि गड़बड़ी मिली तो संबंधित थोक व फुटकर विक्रेता का लाइसेंस निरस्त करके विधिक कार्रवाई करेंगे। इससे पहले अप्रैल में निरीक्षण के दौरान मोहनलालगंज में एक विक्रेता के यहां गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

# उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बने 'उत्कृष्ट विधायक'

## विधानसभा अध्यक्ष की पहल पर पहली बार दिया जाएगा सम्मान

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के संसदीय इतिहास में पहली बार 'उत्कृष्ट विधायक' पुरस्कार के लिए वरिष्ठ विधायक एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का चयन किया गया है। यह निर्णय विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में गठित उत्कृष्ट विधायक चयन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

विधान भवन में आयोजित समिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, वरिष्ठ विधायक रमापति शास्त्री और वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए। मालूम हो कि विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली में वर्ष 2023 में 'उत्कृष्ट विधायक' चयन का प्रावधान जोड़ा गया था। इसका उद्देश्य सदन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाले विधायक को सम्मानित कर नव निर्वाचित सदस्यों को प्रेरित करना है। शाहजहांपुर से लगातार नौ बार विधायक चुने गए सुरेश खन्ना को उनके दीर्घ संसदीय अनुभव, सदन में सक्रिय योगदान, संसदीय परंपराओं की गहरी समझ और उत्कृष्ट आचरण के आधार पर चुना गया। वे विपक्ष के नेता, मुख्य सचेतक और विभिन्न समितियों के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वित्त मंत्री के रूप में "वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम मीट" में उत्तर प्रदेश सरकार का दावोस में प्रतिनिधित्व भी किया है। समिति की संस्तुति के आधार पर सुरेश खन्ना को विधानसभा के विशेष समारोह में 'उत्कृष्ट विधायक' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# प्रदेश में आज से लू और तपिश का अलर्ट, कई जिलों के लिए जारी हुई विशेष चेतावनी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। बीते 13 और 14 मई को तेज आंधी और झोंकेदार हवाओं ने कई जिलों में भारी नुकसान पहुंचाया। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। दूसरी ओर बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में भीषण गर्मी व तेज धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बुंदेलखंड के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर इन आठ जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी और तपिश का असर प्रदेश के मध्य हिस्सों तक तेजी से पहुंचेगा।



**सर्वाधिक तापमान वाले जिले**

| | |
|---|---|
| बांदा | 43 .6 डिग्री सेल्सियस |
| उरई | 43 डिग्री सेल्सियस |
| झांसी | 42 .8 डिग्री सेल्सियस |
| प्रयागराज | 42 .8 डिग्री सेल्सियस |
| आगरा | 41 .8 डिग्री सेल्सियस |

शुक्रवार को बांदा 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा झांसी, उरई, प्रयागराज और आगरा में भी गर्मी का असर तीखा बना रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। ऐसे में मौसम शुष्क बना रहेगा और विकिरणीय ऊष्मन से अगले पांच दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं 18 और 19 मई के लिए कई क्षेत्रों में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# सोशल मीडिया पॉलिसी तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई, एडीजी अमिताभ यश ने दिए निर्देश

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोशल मीडिया पर अनुचित और आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी पत्र में कहा गया है कि सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 लागू होने के बावजूद कई कर्मचारी अनुशासनहीन पोस्ट कर रहे हैं। इससे विभाग की छवि प्रभावित हो रही है। एडीजी कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश की ओर से जारी आदेश में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों, इकाई प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों



को अपनी आधिकारिक पोस्ट, यूआरएल और अन्य जरूरी सूचनाएं सुरक्षित रखने को भी कहा है। पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि सोशल मीडिया पर की गई अनुचित गतिविधियां न केवल सरकारी कार्य को प्रभावित करती हैं, बल्कि प्रदेश पुलिस की गरिमा और विश्वसनीयता को भी नुकसान पहुंचाती हैं। पुलिस मुख्यालय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 8 फरवरी 2023 को जारी सोशल मीडिया पॉलिसी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

**विधि** — 'वरदान' बनाकंगारू मदर केयर, समय से पहले जन्मे बच्चों को मां के साथ पिता, दादी और नानी भी शरीर की गर्माहट देकर बना रहे स्वस्थ

# पिता और नानी–दादी के शरीर का स्पर्श बच्चों

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कंगारू मदर केयर नवजात शिशुओं के लिए जीवनदान साबित हो रही है। समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले बच्चों को मां के साथ पिता, दादी और नानी भी शरीर की गर्माहट देकर स्वस्थ बना रहे हैं। इस विधि से बच्चों का वजन बढ़ रहा है और उनकी सेहत तेजी से सुधर रही है।

सरकारी अस्पतालों में कंगारू मदर केयर (केएमसी) नवजात शिशुओं की जान बचाने में कारगर साबित हो रही है। यह विधि केवल मां ही नहीं, बल्कि पिता, नानी और दादी जैसे परिवार के सदस्य भी दे रहे हैं। समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले बच्चों के लिए यह एक वरदान है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय



की प्रोफेसर डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने इसे बिना खर्च का आसान और प्रभावी तरीका बताया। केएमसी 90 फीसदी तक शिशुओं की स्थिति सुधारने, स्तनपान बढ़ाने और वजन वृद्धि में बेहद प्रभावी है।

डॉ. असद अली के अनुसार, प्रदेश में हर 1000 में से करीब 43 नवजात का जन्म 2500 ग्राम से कम वजन के साथ होता है। ऐसे बच्चों को बचाना मुश्किल होता है, पर केएमसी सहायक है। प्रदेश में 314 केएमसी लाउंज स्थापित हैं।

वर्ष 2025-26 में 93158 शिशुओं को केएमसी विधि से सेहत मिली। केएमसी में शिशु को टोपी, मोजे और लंगोट पहनाकर परिवार का सदस्य उसे अपने सीने से त्वचा-से-त्वचा संपर्क में रखता है। इससे शिशु को प्राकृतिक गर्माहट, सुरक्षा और पोषण मिलता है। एक बार में कम से कम एक घंटे तक केएमसी देना लाभकारी होता है।

**पिता ने पेश की मिसाल**

बहराइच में राजेश नाम के पिता ने अपने नवजात बेटे को बचाने के लिए अनोखी मिसाल पेश की। जन्म के समय बेटे का वजन दो किलोग्राम था, जो चार दिन में घटकर 1.90 किलोग्राम हो गया। बच्चे की मां को कान दर्द और बुखार था, इसलिए वह केएमसी नहीं दे पाईं। राजेश ने 25 दिन तक बच्चे को केएमसी दी। यह दर्शाता है कि परिवार के अन्य सदस्य भी केएमसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

आगरा की मीनू के बच्चे को आठ घंटे रोज केएमसी की जरूरत थी। शारीरिक कमजोरी के कारण मीनू यह नहीं कर पा रही थी। तब बच्चे की दादी मीरा और नानी नीलम ने यह जिम्मेदारी संभाली। नर्स ने उन्हें प्रशिक्षित किया और चार दिन में बच्चे का वजन 230 ग्राम बढ़ गया। बच्चा अब सक्रिय है और स्तनपान भी करने लगा है।

# डेमो कार से महिलाकर्मी ने कई लोगों को मारी टक्कर, दो की हालत नाजुक; 8 वाहन क्षतिग्रस्त



एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इंदिरानगर सी ब्लॉक में शनिवार दोपहर में बेकाबू शोरूम की डेमो कार कई लोगों को टक्कर मारते हुए एसयूवी से जा भिड़ी। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक महिला कर्मी को गाजीपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जबकि उसके दो साथी मौके से भाग निकले।

इंदिरानगर स्थित शोरूम से महिला कर्मचारी कार लेकर शनिवार शाम निकली थी। महिला कार चला रही थी। जबकि, पीछे दो और कर्मचारी बैठे थे। सी ब्लॉक में शाम करीब 4:30 कार अचानक बेकाबू हो गई। कार करीब 100 मीटर तक दंपति, एक बच्चा और कई अन्य लोगों को टक्कर मार दी। फिर सड़क को पार कर सामने से आ रही एक एसयूवी से जा भिड़ी।

इस दौरान आठ अन्य वाहन इसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। घटना से अफरातफरी मच गई। इस बीच महिलाकर्मी के दो साथी वहां से भाग निकले। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिर आरोपी को हिरासत में लेकर कार कब्जे में ले ली।

## एक नजर

### स्व-गणना अभियान तेज, विभिन्न समूहों ने पोर्टल पर दर्ज कराईं सूचनाएं

**पीलीभीत।** बीसलपुर में स्व-गणना अभियान के दसवें दिन विभिन्न विभागों और समूहों ने 'स्व-गणना पोर्टल' पर अपनी सूचनाएं दर्ज कराईं। अभियान में स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, आशा कार्यकत्री, शिक्षा मित्र, मनरेगा कार्डधारक व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराने की अपील की गई।

### फ्री कोचिंग के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**पीलीभीत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्वनोई ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग योजना के तहत यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट, एसएससी, एनडीए, सीडीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जनपद में नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 जून 2026 कर दी गई है।

# समझौता कराने गए युवक की लाठी डंडों से पीटकर हत्या

## बीच-बचाव में बहन और चाचा भी घायल, मचा हडकंप, छह लोगों पर हत्या व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक का फाइल फोटो।


आल्हा कत्ल के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किये पांचों अभियुक्त हसीब खान, मोहिद खान उर्फ बड़े, शबीब उर्फ छोटे, मोनिश। -जागरण मोर्चा


रोते-बिलखते मृतक जीशान के परिजन।

**पूरनपुर।** बहन-बहनोई के घरेलू विवाद में समझौता कराने गए युवक की लाठी डंडों पीट पीटकर हत्या कर दिए जाने का सन सनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मारपीट में मृतक की बहन और चाचा भी घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने के बाद नामजद पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां निवासी जीशान (28) पुत्र इरशाद मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। इरशाद खां ने वताया कि उसकी पुत्री नेहा की शादी कुछ वर्ष पूर्व गांव के ही निवासी हसीब से हुई थी। शादी के बाद शुरुआती दिनों तक सब कुछ ठीक चलता रहा, उसके बाद ससुरालियों ने नकदी और वाइक कि मांग शुरु कर दी। मना करने पर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे, बाद में पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष की ओर से नेहा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का कहना है कि कई बार दोनों पक्षों में पंचायत और समझौते के प्रयास भी हुए। लेकिन विवाद खत्म नहीं हो सका। शनिवार को एक बार फिर नेहा और उसके पति के बीच कहासुनी और मारपीट हुई। सूचना मायके पक्ष को मिली। इसके बाद इरशाद, जीशान जानिसार के साथ बहन के पहुंचा था। बताया जा रहा है कि जीशान ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि हसीब पक्ष के लोगों ने अचानक जीशान पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उसकी जमकर पिटाई की गई। बीच-बचाव करने पहुंची बहन नेहा और चाचा जानिसार को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। जीशान वेहोश होकर जमीन पर गिर पडा। घटना के दौरान घर में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक जीशान गंभीर रूप से घायल होकर गिर चुका था। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद आरोपित घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। मृतक के पिता इरशाद ने पुलिस को दी तहरीर में हसीब समेत छह लोगों पर हत्या और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हबीब, फराज, बडे ,छोटे, मोनिस व अरवाज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते विवाद सुलझा लिया जाता तो युवक की जान बच सकती थी। वहीं पुलिस एहतियात के तौर पर क्षेत्र में नजर बनाए हुए है ताकि किसी तरह का तनाव न बढ़ने पाए।

> मामले की सूचना पर मौके पर गया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मामले में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना को अंजाम देने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है और मौके वारदात से उनकी ही निशा देही पर आल्हा कत्ल करने वाले लाठी-डंडे भी बरामद कर लिए गए लिया गया है। **-पवन पांडे,कोतवाल पूरनपुर**

### किराए के मकान में रह रही महिला से दुष्कर्म

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र की एक महिला ने किराए के मकान में पति की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने विरोध करने पर उसकी पिटाई की, अश्लील वीडियो बनाया और उसे वायरल करने की धमकी दी।पति के लौटने पर जब दोनों शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे, तो उसने उन्हें भगा दिया। इसके बाद आरोपी अपने पांच साथियों के साथ पीड़िता के घर आया, गाली-गलौज की और बीच-बचाव करने आए पति व महिला को बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी समेत पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## मौसम का वार, सीएचसी में मरीजों की उमड़ रही भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मौसम में बदलाव से सामान्य बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। दिन में तपन व मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमार हो रहे हैं। इससे सरकारी अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी है।

मौसम में बदलाव और मच्छरों के प्रकोप के साथ सामान्य बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। इससे सीएचसी में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हुआ है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़ी संख्या में मरीज दवा लेने को पहुंच रहे हैं। इस दिन ओपीडी छह सौ से पार पहुंच रही है। इनमें अधिकांश मरीज सामान्य,खांसी, बुखार,जुकाम,मलेरिया से ग्रसित चल रहे हैं। अचानक मरीजों की संख्या में इजाफा होने से उनको दवा पर्चा बनबाने के बाद डाक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए लाइन में लगना पड़ता हो। डाक्टरों के चैंबर और दवा काउंटर पर मरीजों व तीमारदारों की भीड़ लगी देखी जा रही है। सामान्य बीमारियों के बचाव के लिए डाक्टर भी मरीजों को दवा के साथ सलाह देते नजर आए। सीएचसी के अलावा निजी क्लीनिकों पर भी सामान्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। एमओआईसी ने बताया कि मौसम में बदलाव से सामान्य बीमारियों का प्रकोप बढ़ा है। संक्रामक रोगों से बचाव को स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। सीएचसी में मरीजों को दवा के साथ बचाव को सलाह भी दी जा रही है। ताकि सभी स्वस्थ्य रहे।

## समाधान दिवस: 4 फरियादियों को मौके पर मिला न्याय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमरिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 39 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें तथा दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष समाधान कराएं और निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व मामलों में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रशासन को साथ लेकर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया। इस दौरान विकासखंड कार्यालय परिसर में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए एलिम्को द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बुजुर्गों का परीक्षण किया गया। शिविर में पात्र लोगों को शीघ्र ही सहायक उपकरण जैसे कान की मशीन, बैसाखी एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं बीडीसी सदस्यों को स्व-गणना अभियान की जानकारी देते हुए लोगों से अपील की कि वे स्व-गणना में भाग लेकर अपनी सूचनाएं दर्ज कराएं और राष्ट्रहित के इस कार्य में सहयोग दें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी अमरिया, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, तहसीलदार अमरिया, खंड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


अमरिया में संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत सुनते डीएम। -जागरण मोर्चा


वह प्लॉट जिस पर क़ब्ज़ा करने का आरोप है। -जागरण मोर्चा

## वृद्धा की जमीन पर कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** तहसील सदर क्षेत्र के गांव पकड़िया नौगवां चक मुस्तकिल बाहर चुंगी में 80 वर्षीय चरनजीत कौर की करीब 1000 वर्गगज जमीन पर कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। वृद्धा ने शरद गंगवार, किशन गंगवार, दुष्यन्त गंगवार व अबरार पर तहसील की जांच आख्या के सहारे जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। प्रार्थिनी के अनुसार गाटा संख्या 120क व 120ख पर उनका वैध कब्जा है तथा पूर्वी और उत्तरी मेड़ पर पक्की दीवारें बनी हुई हैं। दीवार तोड़ने के प्रयास के बाद मामला सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट में पहुंचा, जहां 15 अक्टूबर 2019 को स्टे आदेश जारी हुआ था। बाद में 2 मार्च 2023 को कोर्ट ने स्थायी निषेधाज्ञा जारी करते हुए वादिनी के शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप न करने के आदेश दिए।

## मेरा युवा भारत का अनूठा आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मेरा युवा भारत (मेरा भारत), के तहत "वृद्धाश्रमों के साथ युवाओं की सहभागिता" विषय पर पांच दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 मई 2026 से 20 मई 2026 तक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में वृद्ध सेवा संस्थान, बरहा में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत मेरा युवा भारत, स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों की निस्वार्थ भाव से सेवा करते हुए उनके साथ समय व्यतीत किया तथा उनकी समस्याओं और अनुभवों को समझने का प्रयास किया। स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीकांत शर्मा एवं रिपोर्टर अजय गुप्ता ने वृद्धजनों से संवाद कर उनके सुझाव एवं भावनाओं को जाना तथा युवाओं द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। वहीं समाजसेवी शिवम कश्यप एवं युवा नेता आरिब वारसी ने वृद्धजनों के साथ आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समरसता की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने वृद्धजनों से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्र निर्माण में उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद की कामना की।


वृद्ध आश्रम में अनुभव आत्मक शिक्षण कार्यक्रम। -जागरण मोर्चा

### शनिवार को नहीं चला पीटीआर का बुलडोजर

**पूरनपुर।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की नवदिया बंकी बीट में शनिवार को प्रस्तावित अवैध कब्जा हटाओ अभियान टल गया। इस वन भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर विभाग ने शुक्रवार को भी कुछ कार्रवाई की थी। शनिवार को दिनभर अभियान न चलने से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अब सोमवार को बड़े स्तर पर अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी में यह अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने साफ किया है कि वन भूमि पर अवैध खेती या कोई भी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा। आगामी कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हलचल तेज है।

## जिलाधिकारी समेत अधिकारी बस से, भाजपा जिलाध्यक्ष ई-रिक्शा से पहुंचे कार्यक्रम में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील का असर अब जनपद पीलीभीत में भी साफ दिखाई देने लगा है। शनिवार को एक ओर जहां तहसील अमरिया में आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में शामिल होने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपनी सरकारी गाड़ियों को छोड़कर एक ही बस से पहुंचे, वहीं दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए ई-रिक्शा से पहुंचे।

जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य ईंधन की खपत कम करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जनता को फिजूलखर्ची रोकने का संदेश देना रहा। समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने ई-रिक्शा से पहुंचकर सादगी और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईंधन बचत और स्थानीय संसाधनों को बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। उनके इस कदम की सोशल मीडिया और आम लोगों के बीच जमकर सराहना हो रही है। दोनों पहल अब जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं और लोगों को छोटे-छोटे कदमों से बड़े बदलाव लाने की प्रेरणा दे रही हैं।



डीएम व अन्य अधिकारी और भाजपा जिला अध्यक्ष पब्लिक ट्रांसपोर्ट से अपने काम पर जाते हुए। -जागरण मोर्चा

### तेज वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**पूरनपुर।** शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सकरिया बिजली घर के पास उस समय हुआ, जब मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।






**सौभाग्य** सुहागिनों ने की वट वृक्ष की परिक्रमा, अखंड सौभाग्य के लिए सुनी सावित्री-सत्यवान की कथा

## वट सावित्री व्रत पर शनि जयंती का दुर्लभ संयोग, सुहागिनों ने की दीर्घायु की कामना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नगर के सुभाष नगर कॉलोनी स्थित श्री शनि देव मंदिर में आज वट सावित्री व्रत का पावन पर्व बेहद हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। हिंदू धर्म में विवाहित महिलाओं के लिए यह व्रत अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र की बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना की। इस वर्ष वट सावित्री व्रत का महत्व कई गुना बढ़ गया, क्योंकि इस दिन शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या का अत्यंत दुर्लभ व शुभ संयोग बना। शनि देव मंदिर में यह त्रिवेणी संयोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि ऐसे दुर्लभ संयोग में की गई पूजा का फल अक्षय होता है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं सामूहिक पूजन का भी भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट वृक्ष (बरगद) को देव वृक्ष माना जाता है, जिसमें ब्रह्मा, विष्णु, महेश और देवी सावित्री का वास होता है। पूजन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की। इसके साथ ही जल, फूल, रोली, भीगे चने व चावल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान जहाँ एक ओर नई पीढ़ी की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ व्रत रखा, वहीं मंदिर परिसर में मौजूद वृद्ध महिलाओं ने उन्हें इस व्रत के गूढ़ धार्मिक महत्व और परंपराओं के बारे में विस्तार से समझाया। पूजन के बाद महिलाओं ने बैठकर सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी। कथा के अनुसार, माता सावित्री ने अपने अटूट तप, समर्पण और इसी व्रत के प्रभाव से यमराज को पराजित कर अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे।


शहर में बट सावित्री व्रत के दौरान पूजा करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा


वट वृक्ष की पूजा अर्चना करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

### महिलाओं ने व्रत रखकर की वट वृक्ष की पूजा अर्चना

**पूरनपुर।** क्षेत्र के घुंघचाई, दिलावरपुर और सेहरामऊ सहित विभिन्न गांवों में सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत रखकर पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने वैदिक विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की और सूत का धागा लपेटकर परिक्रमा की।इस दौरान सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी गई, जिसमें सावित्री ने अपने सतीत्व से यमराज को हराकर पति के प्राण वापस पाए थे। पर्व को लेकर घरों में विशेष पकवान बनाए गए और मंदिरों में देर शाम तक पूजा का उल्लास रहा।

# महिला अस्पताल में लिफ्ट बनी शोपीस गर्भवती व प्रसूताओं को भारी परेशानी

## सालों से बंद है महिला अस्पताल की दोनों लिफ्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में गर्भवती और बीमारों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए लिफ्ट लगवाई गई थी लेकिन सालों से लिफ्ट शोपीस बनी हुई है। ऐसे में महिलाओं को ऊपर की मंजिलों तक पहुंचने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी होने पर भी जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मरीजों व शिशुओं को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए महिला अस्पताल का विस्तार करते हुए एनआरएचएम की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग के समीप मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का साल 2014 में सपा सरकार में निर्माण कराया गया था। करीब 18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने तीन मंजिला अस्पताल में सौ से अधिक बेड की व्यवस्था की गई। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर (ओटी), आठ पलंग वाला आईसीयू, लेबर रूम बनाया गया। साथ ही अस्पताल में चढ़ने-उतरने के लिए लिफ्ट लगाई गई। लिफ्ट सिर्फ एक साल चल सकी, इसके बाद बंद हो गई। लिफ्ट खराब होने के कारण अब सबसे ज्यादा दिक्कत गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को आ रही है। ऐसे में ऐसी महिलाओं को ऊपर की मंजिलों तक जाने के लिए रैंप पर व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ता है।




**मामला -1**
अकबरपुर निवासी तबस्सुम की पिछले दिनों नार्मल डिलीवरी हुई। नवजात की हालत कमजोर मानते हुए चिकित्सकों ने तीसरे तल पर आईसीयू में भर्ती कर लिया, जबकि प्रसूता द्वितीय तल पर संचालित वार्ड में भर्ती है। ऐसे में दिन में तीन से चार बार नवजात को दूध पिलाने व अन्य कार्यों से ऊपर-नीचे जाने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**मामला -2**
रोहरी निवासी मुस्कान को जुड़वा बच्चे हुए। 12 घंटे बाद चिकित्सा कर्मियों ने उन्हें द्वितीय तल पर भर्ती करने के लिए भेज दिया। एक बच्चे को तीसरे तल पर बने एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। महिला को वहां आने-जाने में काफी दिक्कत आई। बाद में इस बच्चे की मौत हो गई। एक बच्चा स्वस्थ है।

### पीएनसी, आंचल मदर मिल बैंक वार्ड हैं द्वितीय तल पर

महिला अस्पताल में सामान्य डिलीवरी प्रथम तल पर किए जाने की सुविधा है। इसके बाद प्रसूताओं को व्हीलचेयर के माध्यम से द्वितीय तल पर शिफ्ट किया जाता है। पीएनसी, पोस्ट ऑपरेटिव आदि वार्ड दूसरी मंजिल पर होने के कारण प्रसूताओं और उनके तीमारदारों को भी सीढ़ियों से जाना व आना पड़ता है। इसके साथ ही अस्पताल की तीसरी मंजिल पर आंचल मदर मिल्क बैंक संचालित होने कारण वहां जाने में भी दिक्कत होती है।

अस्पताल की लिफ्ट खराब होने की जानकारी है। नई लिफ्ट लगाने को पत्राचार किया है। उम्मीद है कि यहां नई लिफ्ट लग जागेगी जिसके बाद समस्या का समाधान हो सकेगा।
– डॉ. शोभा अग्रवाल, सीएमएस, महिला अस्पताल

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सात साल का कठोर कारावास

जागरण मोर्चा कार्यालय

- अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने सुनाया फैसला
- 40 हजार का जुर्माना, जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का हुक्म, बहन को किया बरी



**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने नाबालिग लड़की को बहलाफूसला ले जाने और उसके साथ एक माह तक दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी माना। न्यायाधीश ने दोषी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 40 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का हुक्म दिया है। दोषी की बहन नन्ही को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना हजरतपुर पर तहरीर दी। जिसमें बताया, उनके घर पर दानवीर यादव रिश्तेदारी के सिलसिले में आता जाता था और रुकता था। 17 अप्रैल 2017 को रात में उसकी लड़की को दानवीर बहलाफुसलाकर भगा ले गया। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसने अपनी लड़की को काफी तलाश किया। उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़िता अपने साथ सोने चांदी के जेवर और नगद रुपए ले गई। लड़की को भगा ले जाने में दालवीर की बहन नन्ही ने भी मदद की। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। इसी दौरान दानवीर उसे लेकर दातागंज आया था। वहां बस स्टैंड पर खड़े थे तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर दानवीर भाग गया, जबकि लड़की पुलिस महिला थाने ले आई । पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दानवीर की बहन उसके गांव में परिवार में ही ब्याही है। दानवीर का उसके घर आना जाना था। दानवीर उसे यह कहकर बुला कर ले गया की, नन्ही उसे बुला रही है और वहां ले जाकर दोनों ने उसे कोठरी में बंद कर दिया। सुबह चार पहिए की गाड़ी पर बैठकर उसे पानीपत ले गए। वहां एक कमरे में दानवीर ने अपने साथ एक वहां रखा और उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध रोज दुष्कर्म किया। न्यायालय में दानवीर पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम नगरिया खननू थाना हजरतपुर, उनकी बहन नन्ही पत्नी धर्मपाल निवासी ग्राम ग्यौती थाना हजरतपुर पर मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दानवीर को दोषी पाते हुए उसे सजा सुनाई है। बहन नन्ही को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

# पंद्रह हजार में गर्भपात का ठेका लेती इंटर पास महिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में मरीजों की जान से खिलवाड़ करने के तमाम मामले सामने आ चुके हैं। अब बिसौली तहसील के फैजगंज बेहटा क्षेत्र से एक एक ऐसी महिला का कारनामा सामने आया है जो खुद को एएनएम बताती है और मरीजों को दवा देने के साथ-साथ न केवल कैनुला लगाकर ग्लूकोज आदि की बोतल चढ़ा देती है, बल्कि रुपये लेकर अवैध तरीके से गर्भपात भी करा देती है। इस महिला का एक ऑडियो वायरल हुआ था । दावा है कि इसमें यह महिला एक युवक से गर्भपात करने के लिए सौदा कर रही है।

झोलाछापों समेत फर्जी तरीके से अल्ट्रासांउड, एक्सरे और पैथोलॉजी सेंटर चलाने वालों से आर्थिक समझौते के चलते स्वास्थ्य विभाग तो इस तरफ से अपनी आंखे मूंदे बैठा है। यही वजह है कि ऐसे लोग मरीजों की जान से खिलवाड़ करने तक से नहीं चूक रहे। ताजा मामला फैजगंज बेहटा का है, जहां एक महिला महिलाओं एवं युवतियों के अवैध तरीके से गर्भपात कर रही है। यह महिला सम्भल के चन्दौसी की रहने वाली है। बताते हैं कि कस्बे के पेट्रोल पंप को जाने वाले रास्ते पर स्थित एक मेडिकल स्टोर के पीछे यह गोरखधंधा चल रहा है। इस महिला का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह एक युवक से सौदा करती सुनाई दे रही है। दावा किया जा रहा है कि यह सौदा गर्भपात के लिए हो रहा है।

# करगिल और साहू धर्मशाला नालों की सफाई तेज पालिकाध्यक्ष ने लोगों से की सहयोग की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जलभराव रोकने के लिए शहरभर में चल रहा विशेष सफाई अभियान, 60 कर्मचारी जुटे**

**बदायूं।** पालिका ने बरसात के मौसम से पहले शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों एवं नालियों की सफाई अभियान को शनिवार को और तेज कर दिया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने और नालियों में कूड़ा-कचरा न डालने की अपील की।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उनका कहना था कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ नागरिकों की पहचान होता है। उन्होंने कहा कि लोग नालियों और नालों में पॉलीथिन, घरेलू कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ न डालें, क्योंकि इन्हीं माध्यमों से शहर के गंदे पानी की निकासी होती है। नालों के अवरुद्ध होने से बरसात के दौरान जलभराव जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका केवल सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ नहीं बना सकती, इसके लिए नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। सभी लोगों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी सफाई के प्रति प्रेरित करना चाहिए, ताकि "स्वच्छ बदायूं, सुंदर बदायूं और स्वस्थ बदायूं" का सपना साकार हो सके। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर क्षेत्र के छोटे-बड़े नालों और नालियों की सफाई के लिए करीब 55 से 60 सफाई कर्मचारियों को लगाया गया है। वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले पूरे शहर के नालों, नालियों और आमचकों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि बरसात के दौरान कहीं भी जल निकासी प्रभावित न हो। इधर, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब के निर्देशन में कारगिल वाले बड़े नाले की तली झाड़ सफाई कराई गई। सफाई कर्मचारियों ने नाले से भारी मात्रा में सिल्ट और कचरा निकालकर जल निकासी को सुचारु बनाया। वहीं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार की देखरेख में गोपी चौक साहू धर्मशाला से लोटनपुरा तक नाले की तली झाड़ सफाई कराई गई। इसके अलावा इमली चौक स्थित नाले में जमा सिल्ट को भी हटवाया गया, जिससे क्षेत्र में जलभराव की आशंका कम हो सके। नगरवासियों ने पालिका द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बरसात से पहले नालों की नियमित सफाई होने से गंदगी और जलभराव की समस्या से काफी राहत मिलेगी।

# जल ही मनुष्य, जीव-जंतुओं और सृष्टि की जीवनी शक्तिः संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहे निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के 16वें दिन स्काउट-गाइड ने भीषण गर्मी में राहगीरों और दूर-दराज से आने वाले लोगों को शीतल जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान के बीच शीतल जल जीवनीशक्ति प्रदान कर रहा है। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल को व्यर्थ न बहाएं। जीवन रक्षा के लिए सद्पयोग करना सीखें। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में प्यासे लोगों को शीतल जल पिलाना सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है। जल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि जल मनुष्य, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं और समस्त सृष्टि की जीवनीशक्ति है। भीषण गर्मी में जल की हर बूंद अमृत है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संतुलन और जल संरक्षण के लिए पौधारोपण करें। राजाराम महिला इंटर कालेज की गाइड कैप्टन पुष्पा दिवाकर ने गाइड्स ने सेवा कार्य किया। इस मौके पर उर्मी मौर्य, पूजा मौर्य, यष्टि, आकांक्षी, सिद्धि गुप्ता, अंशिका, रोहित गुप्ता, फरदीन अहमद, सचिन पाल आदि मौजूद रहे।

# 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 2 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की सेवाएं कर दीं समाप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

- ड्यूटी में लापरवाही, घर पर पोषाहार रखने और पोषण ट्रैकर फीडिंग न करने पर सेवा समाप्त

**बदायूं।** प्रभारी जिला कार्यकम अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना कादरचौक के आंगनबाड़ी केन्द्र लभारी प्रथम पर तैनात कार्यकर्ता मधु देवी एवं लभारी द्वितीय पर तैनात आंगनबाड़ी सहायिका शकुंतला देवी, बाल विकास परियोजना अम्बियापुर के केन्द्र दीननगर शेखपुर मझारा में तैनात कार्यकर्ता सुनीता देवी, केन्द्र गौसमनगर मिर्जापुर सोहरा पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुसुमलता एवं बाल विकास परियोजना इस्लामनगर के केन्द्र चिचौटा पर तैनात सहायिका बबिता गौतम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन नियमित रूप से न करने, घर पर पोषाहार रखे जाने, केन्द्र पर अनुपस्थित रहने, केन्द्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था न कराने, आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति, स्टॉक रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का रख-रखाव न करने, बच्चों को शालापूर्व शिक्षा का ज्ञान न देने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत आवेदकों के आवेदन को फीड न करने, पोषण ट्रैकर पर गतिविधियों को समय से फीड न करने, मनमाने ढंग से कार्य करने जैसे विभागीय नियमों एवं शासनादेशों का उल्लंघन किए जाने तथा कार्य में गंभीर लापरवाही पाए जाने के कारण सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित आंगनबाडी कार्यकर्ता की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं निरीक्षण जांच आख्या के आधार पर संबंधित कार्यकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने पर सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया है। विभागीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा शासनादेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें।

# गन्ना सर्वेक्षण की समस्याओं का तुरंत होगा समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला गन्ना अधिकारी ने जनपद के कृषकों को सूचित करते हुए बताया कि पेराई सत्र 2026-27 अन्तर्गत जनपद में 01 मई 2026 से गन्ना सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ हो चुका है। गन्ना सर्वेक्षण में आने वाली कृषकों की समस्यओं के त्वरित समाधान हेतु इस कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 05832-456030 है। अतः गन्ना कृषक भाईयों के गन्ना सर्वेक्षण सम्बन्धी कार्य में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो वह उसके समाधान हेतु कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर अपनी समस्या नोट करा सकते हैं।

# बदायूं समाधान दिवसः 42 में से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने शनिवार को तहसील बदायूं में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनने व उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा। इस अवसर पर 42 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए अधिकारी इसे गंभीरता पूर्वक लें। शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका भी ध्यान रखा जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर ग्राम सभा की भूमि से कब्जा हटवाने, सार्वजनिक मार्ग से कब्जा हटवाने, पैमाइश/ठीकाबंदी के बाद कब्जा दिलवाने, राशन कार्ड से मृत व्यक्ति का नाम हटवाने, स्मार्ट मीटर की जगह पुराना मीटर लगवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 42 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बस-ऑटो चालक परेशान, रोजी-रोटी पर आया संकट

**बदायूं।** जिले में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी से निजी बस और ऑटो चालकों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। डग्गामार वाहनों के बढ़ते दबदबे के कारण चालकों को पहले ही पर्याप्त सवारियां नहीं मिल रही थीं, वहीं अब महंगे ईंधन ने उनकी कमर तोड़ दी है।परिवहन व्यवसायियों के सामने अब 'कुआं और खाई' जैसी स्थिति है। किराया बढ़ाने पर बची-कुची सवारियों के छिटकने का डर है, और न बढ़ाने पर गाड़ियों का मेंटेनेंस, चालकों का वेतन व ईंधन का खर्च निकालना नामुमकिन हो रहा है। परेशान चालकों ने प्रशासन से डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने और राहत देने की मांग की है।

**जनसमर्थन** शेखूपुर विधानसभा की जनता ने आबिद रज़ा से 116 शेखूपुर से चुनाव लड़ने का किया आग्रह

# यादव बाहुल्य गांवों में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्रीआबिद रज़ा लगातार पूरे जनपद में पीडीए का प्रचार करके 2027 के विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। गांव-गांव जाकर जनसभा व नुक्कड़ सभा के माध्यम से पूर्व मंत्री आबिद रज़ा पूरे जिले की जनता में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

इसी क्रम में यादव बाहुल्य ग्राम मुजाहिदपुर, इकलैरी, पलिया, सैजनी में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का गांवों की जनता ने ढोल नगाड़ो, छत पर से पुष्प की वर्षा व फूल माला डालकर व पगड़ी पहनाकर ऐतिहासिक स्वागत किया। विशेष तौर पर मुजाहिदपुर, इकलैरी, पलिया, सैजनी में जब आबिद रज़ा पहुंचे तब इन गाँवों के लोगो ने सभा स्थल तक आबिद रज़ा को ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प की बर्षा करते हुए जुलूस बनाकर ले गए। ग्राम पलिया में गांववासियों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा को तलवार भेंट की। बहुत हो चुका भेद विचार, आबिद रज़ा अबकी बार, हमारा वोट आबिद रज़ा को" स्लोगन लिखे हुए बैनर गांवों की दीवारो पर लगे दिखे।

मुजाहिदपुर, इकलैरी, पलिया, सैजनी की जनता ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से 116 शेखुपुर विधानसभा से 2027 में चुनाव लड़ने की मांग रखी और जनता ने कहा हम शेखुपुर में बहुत नेताओं को देख चुके जो कहते कुछ है, करते कुछ हैं। चुनाव में बड़े बड़े वायदे करके जाते हैं, चुनाव जीतने के बाद विकास करने की बात छोड़ो पलट कर गांव भी नहीं आते हैं। जनता का हाल नहीं पूछते, वोटर को पहचानते नहीं है। 35 साल से शेखुपुर की जनता को हिन्दू, मुसलमान के नाम पर बेवकूफ बनाया जा रहा है। जनता ने यह भी कहा कि शेखुपुर 116 में चुनाव दो नेताओं में फिक्स मैच है। "एक बार हम जीत लें, दूसरी बार तुम जीत लो"। कोई नेता शेखुपुर से लगातार दूसरी बार नहीं जीता। क्योंकि कोई काम नहीं करता। जनता इसलिए भी परेशान है कि शेखुपुर में दो नेताओं के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए जनता ने आबिद रज़ा से विशेष आग्रह किया कि आप इस बार शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़े।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ सुनील यादव, हर्षित यादव, सोमेंद्र यादव, रजत यादव, आशीष यादव, रोहेताश यादव, जवर सिह यादव, सुनील यादव, अवधेश यादव, ब्रह्मपाल यादव, अशोक यादव, विमलेश यादव, सोनू यादव, विकास यादव, भूप सिंह यादव, रजनीश यादव, रमेश यादव, विनीत यादव, बदन सिंह यादव, दिनेश यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने किया सड़क का लोकार्पण, सभी वर्गों के विकास का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने शनिवार को शहर की मुस्लिम बस्ती, वार्ड संख्या 16 में अपनी विधायक निधि से अब्दुल्ला शाह मज़ार से इकराम भाई चक्की वालों के घर तक नव-निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

लोकार्पण के दौरान विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग और हर मोहल्ले का समान रूप से विकास करना है। उन्होंने बताया कि यह सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में थी, जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस सड़क का निर्माण कराया गया है, जिससे अब क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। विधायक जी ने स्पष्ट कहा कि शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

सड़कों, नालियों एवं स्ट्रीट लाइट से जुड़े कई प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं और शेष कार्यों को भी जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी विधानसभा को अपनी "माँ" का दर्जा दिया है और उनके लिए सभी नागरिक, चाहे किसी भी धर्म या वर्ग के हों, समान हैं। विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और सभी समुदायों को समान सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से बच्चों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों को विशेष रूप से राहत मिलेगी और क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर सभासद पति कमाल उद्दीन उर्फ राजा, अमित महाजन, राजेंद्र मथुरिया, फ़िरसत हुसैन, वसीम अख्तर, मुन्ना, निहाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक जी का आभार व्यक्त किया।

# कोलकाता का स्कोर एक विकेट पर 110 के पार




**कोलकाता।** आज आईपीएल 2026 का 60वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जा रहा है। इस मैच में जीत के साथ गुजरात प्लेऑफ में पहुंचना चाहेगी। वहीं, केकेआर प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए जोर लगाएगी।

फिन एलन ने 21 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और अंगकृष रघुवंशी के साथ 30 से ज्यादा रनों की साझेदारी कर ली है। आठ ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर एक विकेट पर 85 रन है। पावरप्ले में केकेआर ने एक विकेट खोकर 56 रन बनाए। फिन एलन 31 और रघुवंशी सात रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। कोलकाता को पहला झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने अजिंक्य रहाणे को बोल्ड किया। वह 14 रन बनाकर आउट हुए। अब फिन एलान का साथ देने अंगकृष रघुवंशी आए हैं। कोलकाता की पारी शुरू हो चुकी है। फिन एलन और अजिंक्य रहाणे क्रीज पर मौजूद हैं।

गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि उन्होंने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, केकेआर के खेमे में वरुण चक्रवर्ती की वापसी हुई है। कोलकाता का स्कोर एक विकेट पर 110 के पार, फिन एलन और रघुवंशी क्रीज पर हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), फिन एलन, अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** रोवमन पॉवेल, रमनदीप सिंह, तेजस्वी दहिया, मथीशा पथिराना, वैभव अरोड़ा।

**गुजरात टाइटंस :** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, वाशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर, राशिद खान, अरशद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, अनुज रावत, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में गंभीर रूप से चोटिल हुए हसन अली, कुछ समय बाद मैदान पर लौटे



**सिलहट।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। टेस्ट मैच के पहले दिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली गेंदबाजी करते हुए बुरी तरह चोटिल हो गए। हसन को स्ट्रेचर की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया।

दरअसल, यह घटना बांग्लादेश की पहली पारी के आठवें ओवर में घटी। हसन अली ने ओवर की पांचवीं गेंद डाली, जिसको तंजीद हसन तमीम ने सामने की तरफ खेला। हसन ने अपने फॉलो-थ्रू में गेंद को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान उनका बैलेंस बुरी तरह से बिगड़ गया और वह मैदान पर गिर पड़े।

ग्राउंड पर गिरते समय हसन अली का सिर जमीन पर काफी तेजी से लगा, जिसके बाद वह काफी दर्द में दिखाई दिए। हसन काफी देर तक अपना सिर पकड़े बैठे रहे। फिजियो के जांच करने के बाद हसन को स्ट्रेचर पर लेटाकर मैदान से बाहर ले जाया गया। हालांकि, कुछ समय बाद हसन अली पूरी तरह से ठीक होने के बाद फिर से मैदान पर लौट आए और उन्होंने गेंदबाजी भी शुरू कर दी।

पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बांग्लादेश को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया है। मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। महमूदुल हसन जॉय बिना खाता खोले मोहम्मद अब्बास का शिकार बने। इसके बाद तंजीद हसन तमीम 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। पहले टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी करने वाले मोमिनुल हक 41 गेंदों का सामना करने के बाद 22 रन बनाकर आउट हुए।

बाबर आजम की वापसी

इस मुकाबले के लिए पाकिस्तान ने अपनी प्लेइंग इलेवन में तीन बड़े बदलाव किए हैं। बाबर आजम फिट होने के बाद टीम में लौट आए हैं। वहीं, खुर्रम शहजाद और साजिद खान को भी टीम में शामिल किया है। पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 104 रनों से हराया था।

# प्रज्ञानंद ने शानदार फॉर्म में चल रहे सिंदारोव को दी मात, कारूआना-गिरी ने खेला ड्रॉ




**बुचारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने शानदार रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को सुपर चेस क्लासिक्स के दूसरे राउंड में मात दी। काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानंद ने उस मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया, जो शुरुआती और मध्य चरण में ड्रॉ की ओर जाता दिख रहा था। लगातार चालों के दोहराव के बीच संतुलन की स्थिति बनती दिख रही थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जोखिम उठाते हुए मौके को भुना लिया।

अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना और नीदरलैंड के अनीश गिरी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वेसली सो और जॉर्डन वैन फॉरेस्ट का मुकाबला भी ड्रॉ में समाप्त हुआ। फ्रांस के मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने अपने हमवतन अलीरेजा फिरोजा को हराकर दिन की दूसरी जीत दर्ज की। जर्मनी के विंसेंट कीमर ने भी रोमानिया के बोगदान-डैनियल डेअक को पराजित किया।

दूसरे दौर के बाद प्रज्ञानंद, कीमर और वाचिए-लाग्रेव 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। कारूआना, वेसली सो, वैन फॉरेस्ट और गिरी के नाम एक-एक अंक हैं, जबकि फिरोजा, डेअक और सिंदारोव आधे अंक के साथ निचले पायदान पर हैं। यह टूर्नामेंट नौ दौर का है, जिसमें 10 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और कुल पुरस्कार राशि 3.5 लाख डॉलर है, जिसमें विजेता को एक लाख डॉलर दिए जाएंगे।

# पाकिस्तान की फातिमा ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज पचासा लगाया, ऋचा का रिकॉर्ड टूटा



**कराची।** महिला टी20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान की फातिमा सना ने रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। फातिमा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं।

पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना ने इतिहास रच दिया है। फातिमा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक लगाया। वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। फातिमा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 19 गेंदों का सामना करते हुए 62 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 326 का रहा। फातिमा ने सोफी डिवाइन, फोएबे लिचफील्ड और ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया है।

सना 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरीं और उन्होंने क्रीज पर आते के साथ ही चौके-छक्कों की बरसात कर डाली। उन्होंने मिचेल मावुंगा की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। सना ने पारी के 19वें ओवर में जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए नोमवेलो सिबांडा के खिलाफ 24 रन बटोरे। इस ओवर में सना ने तीन चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान की तूफानी पारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट खोकर स्कोरबोर्डपर 223 रन लगाए, जो महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, सीरीज के पहले टी20 में पाकिस्तान ने 237 रन बनाए थे, जो इस फॉर्मेट में टीम का सबसे बड़ा टोटल है। सना के अलावा पाकिस्तान की ओर से सायरना जबीन ने 32 गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि आयशा जफर ने 28 गेंदों में 45 रनों का योगदान दिया।

### फातिमा ने निदा डार को पीछे छोड़ा

फातिमा सना से पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान की ओर से सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 20 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। साल 2026 में सना की हालिया फॉर्म कमाल की रही है। वह पाकिस्तान की ओर से क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में इस साल सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रही हैं। पांच पारियों में सना 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 229 रन बना चुकी हैं। पाकिस्तान से मिले 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की पूरी टीम सिर्फ 90 रन बनाकर ढेर हो गई और मेजबान टीम ने मैच को 133 रनों से अपने नाम किया।

# भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर, अप्रैल में 5.2 फीसदी तक पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। अप्रैल में 5.2 फीसदी पर पहुंची बेरोजगारी दर के बीच एक सकारात्मक संकेत शहरों में मामूली सुधार दर्ज किया जाना रहा। श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक शहरी महिलाओं की बेरोजगारी एक साल में सबसे कम पाई गई है।

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अप्रैल में बढ़कर 5.2 फीसदी हो गई। यह पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है। मार्च में यह दर 5.1 फीसदी थी। इससे पहले अक्तूबर, 2025 में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी दर्ज की गई थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मार्च के 6.8 फीसदी से घटकर अप्रैल में 6.6 फीसदी रह गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.3 फीसदी से बढ़कर 4.6 फीसदी हो गई। देशभर में यह सर्वे 3,74,243 लोगों से जुटाई गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है।

# पिच पर पिकनिक, ड्रेसिंग रूम में उड़ता धुआं... आखिर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में चल क्या रहा है ?




**दिल्ली।** चंडीगढ़ के पास स्थित मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह पीसीए स्टेडियम में मैच के बाद जब प्रेजेंटेशन सेरेमनी खत्म हुई और धूल छंटी, तो युवा क्रिकेट फैंस के एक समूह ने अचानक पिच की तरफ दौड़ लगा दी। मैदान पहले से ही क्षेत्र के तमाम वीआईपी और रसूखदार लोगों की भीड़ से भरा हुआ था, जिनमें से ज्यादातर का क्रिकेट खेलने से कोई लेना-देना नहीं था। जैसे ही सुरक्षाकर्मियों ने इन युवाओं को बाउंड्री के पास रोका, उन्होंने जोर से एक ऐसा सवाल पूछा जिसकी गूंज स्टेडियम के काफी दूर तक सुनाई दी। युवाओं का सवाल था किजब दूसरों को अंदर जाने की अनुमति है, तो हमें क्यों नहीं ?

इस इकलौते सवाल ने मौजूदा सीजन की सबसे बड़ी समस्या को उजागर कर दिया है। IPL का यह सीजन मैदान पर खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए कम और बाहरी लोगों की लगातार मौजूदगी के लिए ज्यादा जाना जा रहा है। खिलाड़ियों के माता-पिता, रिश्तेदारों, दोस्तों और फ्रेंचाइजी मालिकों को मैदान पर और टीम के होटलों में बेरोकटोक जाने की खुली छूट मिल गई है। इस लापरवाही ने एक बेहद पेशेवर क्रिकेट टूर्नामेंट को किसी ऑफ-सीजन सोशल कैंप या पारिवारिक पिकनिक में बदल कर रख दिया है। टूर्नामेंट के बीच में ही हालात इस कदर बिगड़ गए कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई को मजबूरन दखल देना पड़ा। राष्ट्रीय टेलीविजन और सोशल मीडिया पर अनुशासनहीनता के दृश्य देखकर परेशान बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी टीमों को सात पेज की एक बेहद सख्त एडवाइजरी जारी की। क्रिकेट की इस सर्वोच्च संस्था ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि इस तरह के लगातार नियम उल्लंघन लीग के वैश्विक ब्रांड की प्रतिष्ठा को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

यह एडवाइजरी महज एक पत्र नहीं था। इसे IPL चेयरमैन अरुण धूमल और बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक एवं सुरक्षा इकाई की गंभीर चिंताओं के आधार पर तैयार किया गया था। इस रिपोर्ट में कई ऐसी चौंकाने वाली विसंगतियों को उजागर किया गया जो खेल की पवित्रता के लिए सीधा खतरा हैं। इनमें सबसे प्रमुख है अनधिकृत प्रवेश। कई खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ टीम मैनेजर की पूर्व मंजूरी के बिना अपने मेहमानों को सीधे होटल के कमरों में बुला रहे हैं।

दूसरा बड़ा मुद्दा फ्रेंचाइजी मालिकों का सीधा दखल है। लाइव मैच के दौरान मालिकों द्वारा डगआउट के पास आना और खिलाड़ियों को गले लगाना नियमों का खुला उल्लंघन है। इसके अलावा सबसे हैरान करने वाली बात ड्रेसिंग रूम, डगआउट और ट्रेनिंग एरिया में ई-सिगरेट और वेप का धड़ल्ले से इस्तेमाल होना है।

# जीत के बाद भी LSG के कप्तान पंत को लगा झटका, CSK के खिलाफ 12 लाख का जुर्माना




**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने शुक्रवार को यहां खेले गए इस मैच में चेन्नई को सात विकेट से हराकर उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका दिया था।

आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का यह पहला अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।'' लखनऊ की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो







# एआई अब सिर्फ तकनीक नहीं, बना कारोबार का आधार : चंद्रशेखरन




**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब व्यवसायों के लिए सिर्फ एक अतिरिक्त तकनीकी परत नहीं रह गया है, बल्कि यह तेजी से वैश्विक उद्यमों के लिए बुनियादी ढांचा बनता जा रहा है। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में यह बात कही है। एआई के दम पर शानदार वित्तीय नतीजे और नई भर्तियों में वापसी इस बात का संकेत है कि आईटी सेक्टर में बड़े बदलाव का दौर शुरू हो चुका है।

चंद्रशेखरन ने बताया कि टीसीएस ने अपने ह्यूमन+एआई परेटिंग मॉडल के विस्तार में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मॉडल के तहत कंपनी ने एआई सेवाओं से 2.3 अरब डॉलर और नई पीढ़ी की सेवाओं (जिसमें क्लाउड, डेटा और साइबर सुरक्षा शामिल हैं) से 11.5 अरब डॉलर का सालाना राजस्व हासिल किया है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि जेनरेटिव और एजेंटिक एआई अब विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं; ग्राहक अब इसके छोटे प्रयोगों (पायलट प्रोजेक्ट्स) से आगे बढ़कर इसे अपने मुख्य कामकाज का स्थायी हिस्सा बना रहे हैं। भविष्य की रणनीति पर जोर देते हुए टीसीएस एक सुरक्षित और संप्रभु एआई ढांचा स्थापित करने जा रही है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।